रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 29 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 308 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो से दिया इस्तीफा, आकाश अंबानी बने चेयरमैन



**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो में बड़ा बदलाव हुआ है। मुकेश अंबानी ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके बड़े बेटे आकाश अंबानी को कंपनी के बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया है। मार्केट रेगुलेटरी सेबी को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि 27 जून 2022 को बोर्ड की मीटिंग रखी गई थी। इसमें रिलायंस जियो के बोर्ड ने आकाश अंबानी को बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। यह घोषणा रिलायंस की एजीएम से पहले की गई है। कंपनी ने बताया कि पंकज मोहन पवार को अगले पांच साल के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया गया है।

### कार के ट्रेलर से टकराने पर पांच युवकों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले के आहोर थाना क्षेत्र में कार के ट्रेलर से टकराने पर पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस के नुसार क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 325 पर हादसा उस समय हुआ जब ये युवक तखतगढ से आहोर की तरफ आ रहे थे कि उनकी कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में पांच युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में आहोर क्षेत्र के चरली गांव निवासी रामाराम, कमलेश, छगन लाल , दिनेश और मौना राम की मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाये।

### डूबने से 3 की मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में पल्लू थाना क्षेत्र में गांव हमीरदेसर के पास चौधरी कुंभाराम आर्य लिफ्ट कैनाल नहर में आज नहाते समय तीन युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। घटना में युवकों के डूबने का पता चलने पर आसपास के गांवों के लोग भाग कर आए। पुलिस भी कुछ ही देर में मौके पर आ गई। ग्रामीणों द्वारा प्रयास करने पर देर शाम दो युवकों के शव ढूंढ लिए गए। एक युवक के शव की तलाश जारी है। पल्लू थाना प्रभारी बिशनसहाय ने बताया कि घटना दोपहर लगभग दो बजे की है।

# सर्वेश्वर भूरे संभालेंगे राजधानी की कमान
# 19 जिलों के कलेक्टरों का ट्रांसफर

## रानू साहू रायगढ़, जितेन्द्र शुक्ला बेमेतरा, सौरभ कुमार बिलासपुर कलेक्टर बनाए गए

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने आईएएस अफसरों का थोक के भाव में तबादला आदेश जारी किया। सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे को रायपुर तथा सौरभ कुमार को बिलासपुर कलेक्टर बनाया गया है। बलौदाबाजार भाटापारा कलेक्टर डोमन सिंह राजनांदगांव के कलेक्टर बनाए गए, रानू साहू रायगढ़ कलेक्टर बनाई गई, चंदन कुमार बस्तर कलेक्टर बनाए गए, सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे रायपुर कलेक्टर बनाए गए, बेमेतरा कलेक्टर भोसकर विलास संदीपन मिशन संचालक स्वास्थ्य विभाग बनाए गए, जांजगीर कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला होंगे बेमेतरा जिले के नए कलेक्टर। वहीं डॉ प्रियंका शुक्ला कांकेर कलेक्टर बनाई गई हैं। दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी कोंडागांव कलेक्टर बनाए गए हैं। राजनांदगांव कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा अब जांजगीर-चांपा के कलेक्टर होंगे। रीता शांडिल्य सचिव तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को अस्थायी रुप से सदस्य राजस्व मंडल, आर संगीता सचिव वन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को केवल सचिव वाणिज्य एवं उद्योग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना का अतिरिक्त प्रभार तथा शेष प्रभार यथावत, पी. दयानंद संचालक समाज कल्याण को अस्थायी रुप से संचालक आयुष, हिमशिखर गुप्ता विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, प्रबंध संचालक छग राज्य सड़क विकास निगम को केवल प्रबंध संचालक छग राज्य सड़क विकास निगम के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए विशेष सचिव वणिज्य एवं उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार, शेष प्रभार यथावत, जनक प्रसाद पाठक विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, संचालक भू-अभिलेख, संचालक मुद्रण एवं लेखन सामग्री को अस्थायी रुप से विशेष सचिव जल संसाधन विभाग, भीम सिंह कलेक्टर रायगढ़ को अस्थायी रुप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के पद पर पदस्थ करते हुए आयुक्त वाणिज्यिक कर का अतिरिक्त प्रभार, सत्यनारायण राठौर पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ प्रबंध संचालक वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार, डॉ. प्रियंका शुक्ला विशेष सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संचालक आयुष, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास को अस्थायी रुप से कलेक्टर कांकेर, डा. तंबोली अय्याज फकीरभाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकारण तथा अतिरिक्त प्रभार नोडल अधिकारी, नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी एवं छग गोधन न्याय योजना, विशेष सचिव, कृषि विभाग, प्रभारी अधिकारी, माटी पूजन अभियान को विशेष सचिव कृषि विभाग के पद पदस्थ करते हुए नोडल अधिकारी नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी एवं छग गोधन न्याय योजना, प्रभारी अधिकारी, माटी पूजन अभियान, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा सदस्य सचिव नरवा मिशन का अतिरिक्त प्रभार। सारांश मित्तर कलेक्टर बिलासपुर को प्रबंध संचालक छग रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन, रमेश कुमार शर्मा कलेक्टर कबीरधाम को संचालक समाज कल्याण के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक भू-अभिलेख का अतिरिक्त प्रभार, धर्मेश कुमार साहू आयुक्त छग गृह निर्माण मंडल को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार, जन्मेजय महोबे कलेक्टर बालोद से कलेक्टर कबीरधाम, रजत बंसल कलेक्टर बस्तर से कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, पुष्पेंद्र कुमार मीणा कलेक्टर कोण्डागांव से कलेक्टर दुर्ग, गौरव कुमार सिंह कलेक्टर मुंगेली से कलेक्टर बालोद, विनीत नंदरवार कलेक्टर सुकमा से कलेक्टर दंतेवाड़ा, कुंदन कुमार कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज से कलेक्टर सरगुजा, विजय दयाराम आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर से कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज, हरीष एस. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर से कलेक्टर सुकमा, राहुल देव अपर कलेक्टर जांजगीर-चांपा से कलेक्टर मुंगेली, जयश्री जैन अपर कलेक्टर बिलासपुर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर, डा. फरिहा आलम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर-चांपा, गोपाल वर्मा अपर कलेक्टर रायपुर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा, चंद्रकांत वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण को अपर कलेक्टर कांकेर, प्रतिष्ठा ममगाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार से आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर तथा जितेन्दर यादव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर के पद पर पदस्थ किया गया हैं।







## प्रधानमंत्री मोदी अबू धाबी पहुंचे, मोहम्मद बिन जायद ने किया स्वागत



**अबू धाबी/ नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अल्पकालिक यात्रा पर अबू धाबी पहुंचे और संयुक्त अरब अमीरात के राष्टपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। मोदी ने ट्वीट में कहा कि अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने स्वागत किया। मैं उनके खैर-मकदम से बहुत प्रभावित हुआ। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए मेरे भाई, महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के विशेष स्वागत से मैं अभिभूत हूं। मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि संयुक्त अरब अमीरात के राष्टपति एवं अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान, शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ मोदी के साथ बातचीत के लिए अबू धाबी हवाई अड्डे पर पहुंचे। संयुक्त अरब अमीरात के पूर्व राष्टपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा के निधन पर प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से संवेदना व्यक्त करेंगे। प्रधानमंत्री और राष्टपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने अबू धाबी में एक बैठक भी की। श्री मोदी ने यूएई के नये राष्टपति एवं अबू धाबी के शासक के रूप में चुने जाने पर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान को बधाई दी। मोहम्मद बिन जायद के अबू धाबी के नए शासक के रूप में चुने जाने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है।

## रुपए में गिरावट को रोकना मोदी के बस में नहीं : राहुल

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिर रहा है जिसे रोकना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस से बाहर हो गया है ,इसलिए सरकार को बिगड़ती अर्थव्यवस्था पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने सरकार पर तंज करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि सरकार और रुपए के बीच एक तरह की प्रतिस्पर्धा चल रही है कि किसकी आबरू तेजी से गिर रही है और इसमें किसकी जीत होगी। गांधी ने ट्वीट किया सरकार और रुपए के बीच में कॉम्पिटिशन चल रहा है, किसकी आबरू तेज़ी से गिरती चली जा रही है, कौन आगे जायेगा। - ये बात किसने कही थी? उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की बिगड़ती हालत को ठीक करने के लिए भाषण के बदले शासन पर ध्यान देना होगा। मगर ये प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है।



### सरकारी बैंकों को बेचने की केन्द्र की तैयारी : कांग्रेस

कांग्रेस ने अंधाधुंध निजीकरण को अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार अब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का भी निजीकरण करके जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना चाहती है और उसकी यह नीति देश के लिए घातक होगी। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सरकारी क्षेत्र के बैंको को सामाजिक न्याय का प्रतिनिधि बताया और कहा कि आज दूरदराज के इलाकों में ये बैंक लोगों को सेवा उपलब्ध करा रहे हैं।

## उद्धव ठाकरे की बागी विधायकों से वापस लौटने, बात करने की अपील

वार्ता ◂ नई दिल्ली/मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी शिव सेना के बागी विधायकों से मुंबई लौटने और उनसे बात करने की अपील की और कहा कि बातचीत से अब भी कोई रास्ता निकल सकता है। शिव सेना के करीब 40 विधायक एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में इस समय गुवाहाटी में जमे हैं और अपने को शिवसेना के संस्थापक बाला साहबे ठाकरे की विचारधारा के असली समर्थक बता रहे हैं। उनकी बगावत से उद्धव ठाकरे सरकार के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार का भविष्य अधर में लटक गया है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि अब भी बहुत देर नहीं हुई है। मैं आपसे अपील करता हूं कि आप वापस आएं और मेरे साथ बैठें और शिवसैनिकों तथा जनता के बीच (आपके कार्यो से निर्मित) भ्रम को दूर करें।



### महाराष्ट्र में राजनीतिक उथल-पुथल, फडनवीस दिल्ली पहुंचे

महाराष्ट्र में शिव सेना में बगावत से राज्य में मचे राजनीतिक उथल-पुथल के बीच विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस मंगलवार को अपनी पार्टी के नेताओं से मिलने दिल्ली पहुंचे। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा से उनके निवास पर मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात करीब एक घंटा चली जिसमें महाराष्ट्र की राजनीतिक घटनाओं के बीच पार्टी के आगे के कदमों के बारे में चर्चा की गयी।




The VITAL place for Higher Education

ADMISSIONS OPEN - 2022

APPLY NOW at www.vitap.ac.in

PROGRAMMES OFFERED

■ LAW PROGRAMMES
- BA, LL.B (Hons)
- BBA, LL.B (Hons)

■ BUSINESS PROGRAMMES
- BBA General Management
- BBA FinTech (in collaboration with AlphaBeta Inc.)
- BBA Digital Marketing (in collaboration with Digital Scholar)
- BBA Business Analytics
- BBA from University of Michigan, Dearborn (UMD): 2 years at VSB + 2 years at UMD
- BS Business Analytics from Arizona State University (ASU): 2 years at VSB + 2 years at ASU

■ B. Com. Finance (in collaboration with Master Minds CA Academy)

■ DUAL DEGREE PROGRAMMES with UG Exit Option
- B.A. – M.A. Public Service with integrated training for UPSC (in collaboration with AKS IAS Academy)
- B. Sc. – M. Sc. Data Science

■ PG PROGRAMMES
- M. Sc. Data Science
- M. Sc. Physics
- M. Sc. Chemistry [in collaboration with Mitsui Kinzoku Components India Private Limited (MKCI)]
- M. Tech. VLSI Design

■ 5 YR INTEGRATED PROGRAMMES
- M.Tech Computer Science & Engg. (in collaboration with Virtusa)
- M.Tech Software Engineering

■ B. TECH. PROGRAMMES (Based on VITEEE Rank)
with novel Curriculum for Outstanding Professional Success (COPS)
-Majors: CSE, ECE & MECH
-CSE with specialisation in Business Systems (in collaboration with TCS)

Under Design Your Own Degree (DYOD) student chooses

■ B. TECH. SPECIALISATIONS/ MINORS / DOUBLE MAJOR
Data Analytics, Networking and Security, Artificial Intelligence, Edge Computing, Software Engineering, Geo Informatics, Blockchain, VLSI, Embedded Systems, IoT, Computational Mathematics, Image and Video Processing, Digital Manufacturing, Robotics, Digital Marketing, Econometrics, FinTech, Corporate Law, Performing Arts.

■ Ph.D Programmes
Engineering | Sciences | Management | Commerce Law | Humanities | Languages

Fabulous Placement Achievements
2022 Graduating Batch
1337 TOTAL NUMBERS OF OFFERS (still counting) | 650 TOTAL SUPER DREAM & DREAM OFFERS* | ₹63 Lakh Highest CTC per annum | ₹7.6 Lakh Average CTC per annum
*Full time Placements & Internship

MERIT SCHOLARSHIPS
UG - PG ARTS AND SCIENCE PROGRAMMES
50% to 100% Scholarships to District & State toppers

CAMPUS LIFE
7888 Students from 28 States 5 UT's & 9 Countries
81 Student driven Clubs & Chapters
Engineering Clinics

VIT-AP University, Beside AP Secretariat, Near Vijayawada, Andhra Pradesh - 522237 admission@vitap.ac.in 08632370444 7901091283
Hyderabad Admin. Office: 4th Floor, Bansal Pride Building, Near YSR Statue, Madhapur, Hyderabad - 500081 04029559555 7901311658
www.vitap.ac.in vitap.university vitap.university vit-ap VITAPuniversity VITAP


भरतपुर-सोनहत विधानसभा के बहरासी में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम

# हमारे अन्नदाता प्रसन्न रहे यही हमारी कोशिश : मुख्यमंत्री भूपेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड के ग्राम बहरासी पहुंचकर वहां स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर भेंट-मुलाकात की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान आम जनता से राज्य शासन की योजनाओं पर फीडबैक लिया और ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की विकास के लिए अनेक घोषणाएं की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में देवगुड़ी के निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रुपए, बहरासी हायर सेकंडरी स्कूल के लिए नये भवन के निर्माण, रमदहा जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, जनकपुर-कोटाडोल सड़क के प्रभावितों के मुआवजे के लिए तीन करोड़ रुपए की घोषणा, माड़ीसराई में नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, क्षेत्र के बिजलीविहीन गांवों में बिजली पहुंचाने की व्यवस्था, केल्हारी में नए जिला सहकारी बैंक की शाखा, केल्हारी में नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने, कुवांरपुर और नागपुर को उपतहसील कार्यालय खोले जाने और जनकपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को कैम्प लगाकर बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारे अन्नदाता प्रसन्न रहे यह हमारे सरकार की कोशिश है। प्रदेश में लोग गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर बेचकर भी पैसा कमा रहे हैं, ऐसी योजना पूरे देश और दुनिया में कहीं नहीं है। गौठान में हमारी स्व-सहायता समूह की बहनें विविध आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। अब राज्य सरकार ने तय किया है कि गोबर के साथ गौ-मूत्र की भी खरीदी की जाएगी, जिससे भी पैसा मिलेगा।

### भाजपा का विपक्षी दलों की सरकारों को लगातार अस्थिर करना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर विपक्षी दलों की राज्य सरकारों को लगातार अस्थिर करने के लिए आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए यह ठीक नही हैं। बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में कोरिया जिले के लिए रवाना होने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा विपक्ष की सरकारों को बर्दास्त नही कर पा रही हैं और किसी भी तरह से उन्हे अस्थिर एवं अपदस्थ करने के लिए लगातार जुटी हुई हैं।उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश,कर्नाटक में सरकार अपदस्थ करने एवं राजस्थान में असफल कोशिश के बाद महाराष्ट्र में क्या कुछ हो रहा हैं उसको पूरा देश देख रहा हैं।विपक्षी सरकारों को में अस्थिर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग एवं सीबीआई का लगातार इस्तेमाल हो रहा हैं।यह लोकतंत्र के लिए ठीक नही हैं। उन्होंने अग्निपथ योजना के राज्यों में हो रहे विरोध तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि कृषि कानूनों को जिस तरह से झुककर इन्हे वापस लेना पड़ा था,इसी तरह से इस योजना को भी इन्हे वापस लेना पड़ेगा।मोदी सरकार ने इसके जरिए देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया हैं।उन्होने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में सीधी भर्ती के 9623 पदों पर उनकी सरकार ने भर्ती का निर्णय लिया है।यह मोदी सरकार की अग्निपथ की तरह नही होंगी बल्कि पूरे समय की होंगी और पेंशन भी मिलेंगी। बघेल ने कहा कि उनकी सरकार की सामाजिक योजनाओं एवं विकास कार्यों के चलते नक्सलवाद में कमी आई हैं।तुलनात्मक रूप से पिछले वर्ष आठ प्रतिशत घटनाएं कम हुई हैं।

# राजस्थान में इस बार युवा केन्द्रित बजट पेश करने के होंगे प्रयास : गहलोत

वार्ता < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य में युवाओं को रोजगार देने एवं उन्हें आगे लाने तथा प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाये हैं और इस बार बजट में युवा केन्द्रित बजट पेश करने के प्रयास किये जायेंगे। गहलोत राजीव गांधी यूथ एक्सीलेंस सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम में आज यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं से संवाद किया जा रहा है और उनसे सुझाव भी लिए जा रहे हैं। नौजवानों के लिए योजनाएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले बजट में किसानों के लिए अलग से बजट पेश किया गया। उन्होंने कहा कि वह अलग से बजट की बात तो नहीं करते लेकिन इस बार बजट में युवा केन्द्रित बजट पेश करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भर्तियों में केवल राज्य के लोगों के लिए ही आरक्षण कर देने के मामले पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ राज्यों में इस तरह की शुरुआत की गई हैं और अपने बच्चों को ही भर्ती किया जायेगा लेकिन यह उच्चत्तम न्यायालय की भावना के अनुरुप नहीं बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में परीक्षण करा रहे हैं और निश्चित रहो कि अगर इस तरह का हो सकता है तो राजस्थान भी इसमें पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि चाहे गरीब हो या अमीर सबको आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। राज्य के दो सौ बच्चे दुनियां के किसी भी हिस्से में पढ़ने जायंगे और इसका पूरा खर्चा राज्य सरकार उठायेगी, इस तरह का फैसला हमने ले रखा है। उन्होंने कहा कि कोचिंग का जमाना है और कोटा में 20-25 साल से कोचिंग पढ़ा रहे है उसके बाद राज्य में कोचिंग का रिवाज बन गया और जयपुर में हाउसिंग बोर्ड में कोचिंग का बड़ा हब बनाने जा रहा हैं। राजस्थान में राज्य सरकार ने 15 हजार बच्चों की कोचिंग फ्री कराने की गांरटी ली है। परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को रोडवेज में फ्री किया गया है, इस प्रकार अनेकों काम हाथ मे लिए गये हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राज्य के 500 विद्यार्थियों के लिए कोचिंग और काम के लिए बेरोजगारों के लिए रहने के लिए तीन सौ करोड़ की लागत से भवन बनाने का काम जल्दी शुरु किया जायेगा। सरकार युवा एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण ओलंपिक खेल हो रहे हैं। इसमें 26 लाख नौजवानों का पंजीकरण कराया गया है जो दुनियां में रिकार्ड बनेगा कि राजस्थान के हर गांव में खेलों का आयोजन हो रहा है। जो प्रतिभा गांव में छिपी हुई है वे इसके माध्यम से आगे आ पायेगी। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि वह पहली बार मुख्यमंत्री बना तब कम लड़कियां पढ़ती थी लेकिन आज लड़कियां पढ़ने में बाजी मार रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नौकरियां देने में भी कोई कमी नहीं रख रही है और एक लाख 25 हजार बेरोजगारों को नौकरी दे दी गई हैं और एक लाख के लिए प्रक्रिया चल रही है और एक लाख की घोषणा की हुई हैं। इस प्रकार करीब तीन लाख नौकरियां देने, प्रक्रिया एवं घोषणा आदि हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इससे सोचा जा सकता हैं कि सरकार की सोच क्या है।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नेपाली, तमिल व संस्कृत की भी होगी पढ़ाई

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने कहा है कि विश्वविद्यालय में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस' भाषा केंद्र की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य छात्रों में विभिन्न भाषाओं का ज्ञान व रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना है। इसमें भाषा केंद्र के माध्यम से पड़ोसी नेपाली भाषा के साथ ही तमिल, संस्कृत व हिंदी भाषा को आगामी जुलाई से पढ़ाया जायेगा। कुलपति ने कहा कि एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स व द्विवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के तहत इन भाषाओं की ऑनलाइन व ऑफलाइन, दोनों ही माध्यमों से पढ़ाई होगी। यहां पूर्वांचल के साथ ही अन्य प्रदेशों के भी छात्र आकर पढ़ाई कर सकेंगे। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में इस कोर्स के संचालन के लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण किया जा रहा है। इसमें तीन व छह माह का सर्टिफिकेट कोर्स एवं एक से दो साल के डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से 21 जनवरी 2021 को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस भाषा केंद्र' की स्थापना की गई।

# सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

वार्ता < पटना
www.dailypioneer.com

बिहार विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक के चयन के तरीके पर बहस के दौरान अधिकांश सदस्यों के अनुपस्थित रहने से आज भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही निर्धारित समय से पहले ही स्थगित कर दी गई। सभाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद शुरू होने पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य संजय सरावगी की ओर से सर्वश्रेष्ठ विधानसभा और सर्वश्रेष्ठ विधायक के चयन के तरीके पर बहस के लिए एक प्रस्ताव दिया गया था। उन्होंने कहा कि बहस जनहित में है और उनके निर्देश पर विधायक सरावगी ने बहस की शुरुआत की। सरावगी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष सिन्हा को बेहतर प्रदर्शन के आधार पर देश में सर्वश्रेष्ठ विधानसभा का चयन करने के लिए गठित समिति का सदस्य बनाया गया है। उन्होंने सभाध्यक्ष श्री सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ विधानसभा का चयन करने के लिए उच्च शक्ति समिति में शामिल किए जाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चयन समिति का सदस्य बनाए जाने के लिए श्री सिन्हा को भी धन्यवाद दिया। सभाध्यक्ष ने श्री सरावगी का वक्तव्य पूरा करने के तुरंत बाद कहा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सदस्य राजकुमार सिंह ने सदन के कामकाज के लिए कोरम की आवश्यकता से कम सदस्यों की उपस्थिति की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया है। उन्होंने कहा कि सदस्यों की उपस्थिति गणपूर्ति के लिए पर्याप्त है लेकिन यह सच है कि सदन में बड़ी संख्या में विपक्षी सदस्य मौजूद नहीं हैं। बेहतर होता कि वे बहस में भाग लेने के लिए उपस्थित रहते।

### अग्निपथ योजना के विरोध में विपक्ष के हंगामे से विधानसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित

सेना में भर्ती की नई अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग के समर्थन में विपक्ष के हंगामे के कारण आज बिहार विधानसभा की भोजनावकाश से पूर्व की कार्यवाही दो बार स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष के सदस्यों ने अपनी मांग के समर्थन में शोर-शराब शुरू कर दिया। सभाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सदस्यों से अपनी सीट पर बैठने की अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाया जा रहा मुद्दा इस सदन से संबंधित नहीं है। राज्य विधानसभा में इस पर कोई अराजकता पैदा करना अनुचित है। उन्होंने सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने का अनुरोध किया। लेकिन सदस्य नहीं माने और लगातार सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। हंगामे के बीच सभाध्यक्ष ने प्रश्नकाल शुरू किया लेकिन लगातार जारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उन्होंने विधायक दलों के सभी नेताओं को अपने कक्ष में उनसे मिलने के लिए कहा। सदन की कार्यवाही जब 12 बजे दोबारा शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने सभाध्यक्ष के कक्ष में हुई बैठक के परिणाम के बारे में जानना चाहा। उनके शोर के बीच अध्यक्ष ने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) सदस्य महबूब आलम और अन्य के कार्यस्थगन प्रस्ताव को स्वीकार कर दिया।

# पंजाब में अग्निपथ स्कीम का होगा किसान आंदोलन जैसा विरोध! विधानसभा में पारित होगा प्रस्ताव

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब में अग्निपथ स्कीम का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पंजाब सरकार भी केंद्र सरकार की योजना के विरुद्ध सर्वदल प्रस्ताव लाने वाली है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा के मौजूदा सत्र में इस बारे में वादा किया। इस रिजॉल्यूशन की मांग कांग्रेस विधायक प्रताप बाजवा ने की थी। वहीं भाजपा विधायक अश्वनी शर्मा ने इसका विरोध किया।

**मूसेवाला का गाना हटाए जाने पर भी चर्चा-** भाजपा विधायक शर्मा ने कहा कि इस मुद्दे पर सदन को गुमराह किया जा रहा है। इसके बाद सदन में सदस्यों के बीच गर्मागर्म बहस भी हुई थी। सदन में सिद्धू मूसेवाला के एसवाईएल सांग पर भी चर्चा हुई। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा ने भाजपा की शिकायत पर इस गाने को यूट्यूब से हटाने की निंदा किए जाने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि वह भी फ्रीडम ऑफ स्पीच के फेवर में हैं। इस दौरान शिक्षामंत्री मीत हेयर ने सदन को सूचित किया कि चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी के नेचर और कैरेक्टर में बदलाव को लेकर प्रस्ताव लाया जाएगा।

**देशभर में हुआ है विरोध-** गौरतलब है कि अग्निपथ स्कीम के तहत सेना में 4 साल के लिए अग्निवीरों को भर्ती किए जाने की योजना है। इसके विरोध में देशभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। इसको लेकर बिहार समेत कई राज्यों में ट्रेनों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं भी सामने आई हैं।

# सिक्किम घूमने गए झारखंड के कॉलेज छात्रों की बस पलटने से 22 घायल

एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com



पूर्वी सिक्किम में मंगलवार को एक बस के पलट जाने से झारखंड के कॉलेज में पढ़ने वाले 22 छात्र घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिक्किम सरकार से छात्रों की मदद का आग्रह किया है। सिक्किम पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के रांची में सेंट जेवियर्स कॉलेज के छात्र सिक्किम के भ्रमण पर आए थे। पुलिस ने कहा कि जब वे रांची जाते समय पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी लौट रहे थे, तो रानीपूल थाना क्षेत्र के 7वें माइल स्टोन के पास उनकी बस पलट गई। उन्होंने बताया कि घायल छात्रों को ताडोंग के सेंट्रल रेफरल अस्पताल (सीआरएच) में भर्ती कराया गया है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा कि अभी-अभी जानकारी मिली है कि शैक्षिक भ्रमण पर संत जेवियर कॉलेज रांची के बच्चों को गंगटोक ले जा रही एक बस गंगटोक के नजदीक, रानी पुल के पास हादसे का शिकार हो गई। मैंने सिक्किम के मुख्यमंत्री @PSTamangGolay जी से बात की है। बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जा रही है। दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा कि बच्चों को एयर लिफ्ट करने को भी तैयार रहने के लिए मैंने RC को निर्देश दिया है। फिलहाल स्थानीय खराब मौसम के कारण हम बच्चों को एयर लिफ्ट नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए वहीं समुचित इलाज की व्यवस्था करवाई गई है।

# केन्द्र सरकार एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर एक जुलाई से प्रतिबंध लगायेगी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार एक जुलाई से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लागू करने के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित करेगी। यह नियंत्रण कक्ष इस तरह के प्लास्टिक के अवैध निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण और बिक्री पर निगरानी रखेंगे। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को किसी भी प्रतिबंधित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के अन्तर्राज्यीय आदान प्रदान को रोकने के लिए सीमा चौकिया स्थापित करने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा कि सभी देशों में एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के कारण प्रदूषण से निपटना एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्लास्टिक के उपयोग से समुद्री पर्यावरण, स्थलीय और जलीय पारिस्थितिक तंत्र दोनों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों को विश्व स्तर पर स्वीकार किया गया है। इसी के मद्देनजर सरकार ने एक बार ही काम में आने वाले प्लास्टिक के



प्रदूषण को कम करने के लिए यह कदम उठाया है। प्रतिबंधित की वस्तुओं की सूची में प्लास्टिक की बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की सीख, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी की छड़ें, आइसक्रीम स्टिक, सजावट के लिए पॉलीस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू आदि शामिल हैं। इसके अलावा स्ट्रॉ, ट्रे, रैपिंग या पैकेजिंग फिल्म मिठाई के बक्से, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट और प्लास्टिक या पीवीसी बैनर जो 100 माइक्रोन से कम है। इस संबंध में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 और 2022 के तहत व्यापक दिशा निर्देश जारी किये जा चुके है।

# तटरक्षक बल की शान बना स्वदेशी उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में ही बनाया गया उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर मार्क-3 को तटरक्षक बल की शान बन गया। इन हेलीकॉप्टरों को नवसृजित 835 स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है। इन हेलीकॉप्टरों को गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल के एयर एन्क्लेव में स्क्वाड्रन में शामिल किया गया। तटरक्षक बल के महानिदेशक वीएस पठानिया ने इस मौके पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता की। इस समारोह में पोरबंदर और गुजरात क्षेत्र में स्थित विभिन्न सैन्य और असैन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस स्क्वाड्रन का चालू होना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के %%आत्मनिर्भर भारत%% की परिकल्पना के अनुरूप खोज एवं बचाव (एसएआर) और समुद्री निगरानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन हेलिकॉप्टरों का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने देश में ही किया है। इनमें उन्नत रडार के साथ-साथ इलेक्ट्रो ऑप्टिकल सेंसर, शक्ति इंजन, पूर्ण ग्लास कॉकपिट, उच्च तीव्रता वाली सर्चलाइट, उन्नत संचार प्रणाली, स्वचालित पहचान प्रणाली के साथ-साथ एसएआर अभिलक्ष्यक सहित अत्याधुनिक उपकरण शामिल हैं। ये विशेषताएं इन्हें समुद्र में गश्त करने के साथ-साथ दिन और रात दोनों में खोज एवं बचाव कार्य करने में सक्षम बनाती हैं। अब तक 13 एएलएच मार्क-3 विमानों को चरणबद्ध तरीके से भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया है और इनमें से चार विमान पोरबंदर में तैनात हैं। स्क्वाड्रन ने 1,200 घंटे से अधिक उड़ान भरी है और दीव तट से पहली रात खोज एवं बचाव मिशन सहित कई परिचालन मिशन संचालित किए हैं। 835 स्क्वाड्रन (सीजी) की कमान कमांडेंट सुनील दत्त के हाथों में है।

## निगम एकीकरण के बाद सफाई व्यवस्था चरमराई : गोपाल राय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने निगम चुनाव के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम की मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एकीकरण का फरमान जारी करने के बाद सो गई है जिसके कारण दिल्ली में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी वार्डों में निगम द्वारा जो सफाई की व्यवस्था है, वह पूरी तरह से चरमरा गई है। हमने कल दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में जहां पर पहले चुने हुए पार्षद थे, उनसे बात की। पहले भी स्थिति बहुत बुरी थी लेकिन आज बदतर हो चुकी है। केंद्र सरकार केवल एकीकरण का एक फरमान जारी करने के बाद सो गई है। पहले यदि विधासभा के किसी वॉर्ड में सफाई नहीं होती थी तो लोग शिकायत लेकर पार्षद के पास पहुंचते थे। कम से कम पार्षदों पर सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने का दबाव था। लेकिन अब लोगों को शिकायत करनी हो तो उनके पास किसी के पास जाने का विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह से सदन की बैठक में पूरे तामझाम के साथ कहा कि तीनों निगमों के एकीकरण से एमसीडी का कायापलट हो जाएगा। हालात यह हैं कि एमसीडी को केंद्र सरकार से अबतक एक रुपए का फंड नहीं मिला है।

# देश के युवाओं का भविष्य अब ठेके पर लगता है : कांग्रेस

एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com

झारखण्ड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य अब ठेके पर लगता है और भाजपा सरकार पूरे देश को ठेके के अग्निपथ पर भेज दम लेगी। प्रसाद ने यहां कहा कि वर्ष 2020-21 के एक साल में पक्की नौकरी 27त्न घटी है और वर्ष 2017 से 2021 के बीच ठेके पर रखे जाने वाले युवाओं की संख्या दुगनी हुई । केंद्रीय पब्लिक सेक्टर अंडर टेकिंग में 5,21,000 नौकरी घटी है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के निर्देश पर और झारखण्ड प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आह्वान पर झारखण्ड के 81 विधानसभा क्षेत्र में अग्निपथ योजना के विरोध में 27 जून को लोगों ने बड़े पैमाने पर कांग्रेस जनों के साथ मिलक धरना प्रदर्शन और सत्याग्रह किया ताकि केन्द सरकार इस योजना को तत्काल वापस ले। प्रसाद ने कहा कि देशभर में आक्रोश है, खासतौर से युवाओं में। मोदी सरकार की एक खासियत है कि वो कोई भी कार्यक्रम या योजना लेकर आते है, लागू करते हैं, बाद में उसके परिणामों की समीक्षा करते हैं। इस मामले में भी न विशेषज्ञों से राय ली गई, न सेना के जो बड़े अधिकारी हैं, उनसे राय ली गई और न युवाओं से कभी ली गई, न संसद में इस पर बहस हुई क्योंकि बेसिक स्ट्रक्चर में आप चेंज कर रहे हैं। इसी तरह आपने देखा कि और भी योजनाएं चाहे वो नोटबंदी की हो, चाहे वो जीएसटी की हो, पूरे देश को जिन्होंने प्रभावित किया, यहाँ तक कि आपने देखा कि कोरोना में भी लोग तड़प रहे थे, सरकार नहीं आ रही थी, एक विभाग का एक अधिकारी सामने आकर बता रहा है।

# उप्र सरकार के सौ दिन के कामों का लक्ष्य 30 जून तक पूरा करें : योगी

वार्ता < लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के पहले सौ दिन का कार्यकाल आगामी 05 जुलाई को पूरा होने के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति आगामी 30 जून तक करने के दिशानिर्देश दिये हैं। योगी सरकार अपने शुरुआती 100 दिन के कार्यकाल के कामकाज का रिपोर्टकार्ड आगामी 04 जुलाई को राज्यव्यापी स्तर पर जनता के बीच पेश करेगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विभागों को जारी दिशानिर्देश में योगी ने कहा है कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से गत मार्च में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत हुई थी। सरकार के गठन के उपरांत सभी विभागों के लिए प्रथमिकता के आधार पर शुरुआती 100 दिनों, 06 माह, 01 वर्ष, 02 वर्ष और 05 वर्ष की कार्ययोजना तय की गई थी। पहले 100 दिनों का लक्ष्य प्रत्येक दशा में 30 जून तक पूर्ण करा लिया जाये। साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव स्तर से इसकी विभागीय समीक्षा कर अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है। गौरतलब है कि योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती सौ दिन आगामी 05 जुलाई को पूरे होंगे। इस अवसर पर 04 जुलाई को मुख्यमंत्री स्वयं लखनऊ में एवं सभी मंत्रीगण तथा जनप्रतिनिधि जनता के बीच सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। योगी ने कहा कि संवाददाता सम्मेलनों के माध्यम से सरकार अपने संकल्पों के क्रम में अब तक हुई कार्यवाही की प्रगति से जनता को अवगत करायेगी। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री अपनी उपलब्धियों का विवरण जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। साथ ही अगले 06 माह के लक्ष्य के बारे में भी जानकारी देंगे। मंडलों के प्रभारी मंत्रीगण अपने प्रभार के मंडलों में जनता के बीच जायेंगे। योगी ने दिशानिर्देशों में गत रविवार को प्रदेश



की दो लोकसभा सीटों, रामपुर और आजमगढ़ के उपचुनाव में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि स्थानीय जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी की नीतियों में अभूतपूर्व विश्वास जताया है। उन्होंने कहा, ÷हमें इस विश्वास और उनके भरोसे पर खरा उतरना होगा। सभी विभाग इन दोनों जनपदों से सम्बंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर लें, कोई भी प्रस्ताव लंबित न रहे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इन क्षेत्रों में संचालित एवं लंबित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ का हरिहरपुर नामक स्थान संगीत साधकों की पुरातन स्थली है। योगी ने संगीत जगत के लब्ध प्रतिष्ठित लोगों से परामर्श कर उनकी मंशानुरूप यहां कला-संगीत साधकों के हित में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। साथ ही रामपुर के बिलासपुर में स्थित चीनी मिल का सुदृढ़ीकरण का कार्य यथाशीघ्र करने को कहा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर जनपद में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी से (पीपीपी मोड पर) एक एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) को संचालित करने के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इसे मॉडल के रूप में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रदेश में 'हेल्थ एटीएम' की स्थापना के लिए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए कहा कि व्यापक जनहित के दृष्टिगत यह एक महत्वपूर्ण कार्य होगा। उन्होंने इसके मद्देनजर दूरदराज के इलाकों में दूरस्थ चिकित्सा परामर्श 'टेलिकन्सल्टेशन' को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया।

## वायुसेना में अग्निवीर वायु भर्ती के लिए पांच जुलाई तक हो सकेगा पंजीकरण

**जोधपुर।** वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए प्रकिया शुरु कर दी गई हैं ओर इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण आगामी पांच जुलाई तक किया जा सकेगा। वायु सेना के अनुसार इसके लिए गत चौबीस जून से ऑनलाइन पंजीकरण शुरु कर दिया गया है और इच्छुक अभ्यर्थी अग्निवीर की भर्ती के लिए पांच जुलाई शाम पांच बजे तक अग्निपथवायुडाटसीडीएसीडाटइन पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा हैं। भर्ती के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार 29 दिसबंर 1999 से लेकर 29 जून 2005 (दोनों दिनांक सहित) तक जन्मे अविवाहित पुरुष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। बारहवीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

# मुंबई में चार मंजिला बिल्डिंग अचानक गिरी, 20 से 25 लोग मलबे में दबे

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com



मुंबई में कुर्ला स्थित एक चार मंजिला बिल्डिंग अचानक सोमवार रात भरभरा कर गिर गई। मलबे में कई लोगों के दबे होने की सूचना है। घटना के दौरान बिल्डिंग में 20 से 25 लोग दबे थे। इसमें से अधिकांश लोगों को निकल लिया गया है जबकि अभी भी कुछ लोग वहां फंसे हुए हैं। मौके पर पहुंचे महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह काफी जर्जर हो चुकी थी और लोगों को खाली करने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके थे। दरअसल, यह घटना मुंबई के कुर्ला के नाइक नगर की है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई और अभी भी राहत और बचाव अभियान जारी है। एएनआई ने घटना की तस्वीरें जारी करते हुए बताया कि घटना के दौरान मलबे में 20 से 25 लोगों के दबे होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची दमकल की टीम और पुलिस ने तत्काल लोगों को मलबे से बाहर निकालना शुरू किया। फिलहाल अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और अब तक अधिकांश लोगों को निकाल लिया गया है। राहत कार्यों में मदद के लिए एनडीआरएफ को भी मौके पर बुलाया गया है। जवान उपकरणों के साथ मलबे को हटाने और इमारत को काटने में जुटे हैं। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी बचाव कार्य पर नजर रखे हुए हैं। उधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे ने बताया कि यह चार मंजिला बिल्डिंग काफी जर्जर हो चुकी थी। इनमें रहने वाले लोगों को इमारत खाली करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद वे उसमें जबरदस्ती रह रहे थे। यही वजह रही कि बिल्डिंग ढहने से उसके नीचे लोग दब गए। उन्होंने यह भी कहा कि जब बीएमसी ने इस बिल्डिंग को नोटिस जारी किया था, तभी इसे स्वेच्छा से खाली कर देना चाहिए था। अगर ऐसा कर दिया जाता तो हादसा होने पर लोगों को कोई नुकसान नहीं होता। हम ऐसी जर्जर बिल्डिंगों का पता लगाकर उन पर कार्रवाई शुरू करवाएंगे, जिससे भविष्य में किसी को हानि न हो।

# कांग्रेस ने सत्याग्रह आन्दोलन के माध्यम से अग्निपथ योजना का किया विरोध

■ युवाओं के लिए स्थायी रोजगार की व्यवस्था करे केन्द्र सरकार : शिशुपाल शोरी

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार के द्वारा घोषित अग्निपथ योजना के विरोध में 04 साल सेवा सैनिक कानून को वापस लेने के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 27 जून को पुराने बस स्टैण्ड में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा विधानसभा स्तरीय सत्याग्रह आन्दोलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य मार्ग पर पैदल चलकर नारे बाजी कर केन्द्र सरकार के द्वारा लाये गये इस योजना पर अपना विरोध दर्ज कराया। सत्याग्रह आन्दोलन के आयोजन प्रभारी कांकेर विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने कहा कि इस सत्याग्रह आन्दोलन के माध्यम से हम केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं को थोपे जा रहे अग्निपथ योजना का विरोध करते है और उन्होंने केन्द्र सरकार के नीतियों पर हमला करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 2014 में प्रतिवर्ष 02 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कहकर सत्ता में काबिज हुई लेकिन 08 वर्ष सत्ता में रहने के बावजूद आज करोड़ों नौजवान बेरोजगार घुम रहे है सरकार ऐसे युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने के बजाय उन्हें महज 04 वर्षों के लिए सैन्य सेवा में नौकरी देने की योजना बनाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ तथा देश के वर्तमान मजबूत सैन्य सुरक्षा को इस योजना के माध्यम से कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है सरकार का इस नीति का हम विरोध करते है। कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री शिव नेताम, शंकर ध्रुवा, श्रीमती सुभद्रा सलाम, विजय ठाकुर, आशीष दत्ता राय, जनक नंदन कश्यप, पुरूषोत्तम पाटिल, सुनील गोस्वामी, रोमनाथ जैन, तरेन्द्र भण्डारी, कमला गुप्ता, माण्डवी दीक्षित, नीरा साहू, महेन्द्र यादव, कौशिल्या शोरी युवा नेता लोमेन्द्र यादव, चमन साहू, महंत नरेटी, सहित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश की सेना में केन्द्र सरकार के द्वारा इस प्रकार के प्रयोग देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए घातक सिद्ध हो सकता है केन्द्र सरकार नौजवान बेरोजगारों को केवल 04 वर्षों के लिए सेना में भर्ती देकर उन्हें बाद में सेवा से मुक्त करने की योजना बनायी है जिसके कारण से आज देश का बेरोजगार नवजवान अपने भविष्य के प्रति चिंतित है और इस योजना का विरोध कर आन्दोलन करने बाध्य हो रहे है। कांग्रेस गांधी जी के बताये अहिंसा के मार्ग पर चलकर सत्याग्रह के माध्यम से देश के युवाओं के साथ खड़ा है और केन्द्र सरकार के इस नीति के खिलाफ युवाओं साथ है। इस दौरान नेशनल हैराल्ड मामला की सच्चाई को आम जन तक पहुंचाने की बात कहते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के द्वारा नेशनल हैराल्ड समाचार पत्र के संबंध में भ्रामक एवं झूठी जानकारी प्रचारित कर कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की लोकप्रियता को धूमिल करने तथा पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाएं जा रहे है जिसके संबंध में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता सिपाही के आम जनता तक इस मामले से जुड़े सच्चाई को ले जाने की जरूरत है। इस संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता को तथ्यात्मक जानकारी देते हुए पर्चिया वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री शिव नेताम, शंकर ध्रुवा, श्रीमती सुभद्रा सलाम, नरेश ठाकुर, नितिन पोटाई, सरोज सिंह ठाकुर, विजय ठाकुर, आशीष दत्ता राय, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, पुरूषोत्तम पाटिल, सुनील गोस्वामी, रोमनाथ जैन, तरेन्द्र भण्डारी, कमला गुप्ता, माण्डवी दीक्षित, नीरा साहू, महेन्द्र यादव, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, गफ्फार मेमन, याशीन कराणी, मनोज जैन, मकबूल खान, सतीश दीपक, आनंद चौरसिया, मुकेश तिवारी, जितेन्द्र वैद्य, विष्णु नेताम, सुशीला नेताम, सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी तथा ब्लाक अध्यक्ष रोमनाथ ने किया। आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम के द्वारा किया गया।

# बड़ी आबादी क्षेत्र में एक ही पेट्रोल पम्प चालू होना ही बनी मुसीबत

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com



किसानी का मौसम आते ही क्षेत्र के पंपों में डीजल की मांग बढ़ गई है एसे में पंपों में लम्बी लम्बी लाईन लगना शुरू हो गई है। वैसे तो क्षेत्र में कई पंप है पर इस वर्ष एचपी के अधिकांश पंप कई महिनों से बंद होने यह उनके आऐ दिन डीजल पेट्रोल न होने के कारण इस वर्ष यह समस्या काफी बढ़ गई है और डीजल के लिए कई घंटों लाईन लगाना पड़ रहा है। सबसे अधिक समस्या बांदे क्षेत्र में है जहां एक ही पंप चालू है।खेती किसानी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में डीजल की मांग काफी बढ़ गई है। एसे समय में क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई होने के कारण समस्या और बढ़ गई है। ट्रैक्टर के लिए रोजाना टैक्टर मालिकों को डीजल लेने के लिए कई घंटों की मसक्कत करनी पड़ रही है। सबसे अधिक समस्या बांदे क्षेत्र में है क्योंकी बांदे क्षेत्र काफी बड़ा है और यहां महाराष्ट्र के भी काफी बड़े क्षेत्र से लोग डीजल लेने आते है। एसे में यहां एक ही पंप चालू है और एक पंप तो कई महिनों से डीजल पेट्रोल नहीं आने के कारण बंद पड़ा है। मानसून आते ही क्षेत्र में जोताई का काम शुरू हो जाता है इस दौरान क्षेत्र भर में कई हजार की संख्या में टैक्टर खेतों में जोताई करते है और इसके लिए डीजल लाने का काम डब्बों में शुरू कर दिया जाता है ताकि टैक्टर अधिक से अधिक समय खेतों में जोताई करता रहे। एसे में सुबह होते ही क्षेत्र के पंपों में टैक्टर मालिकों की डब्बों के साथ लाइन लग जाती है। विगत कुछ वर्ष से क्षेत्र में किसानों को डीजल के लिए इतना परेशान नहीं होना पड़ रहा था क्योंकी क्षेत्र के कापसी बांदे पखांजूर में कई पेट्रोल पंप खुल गऐ थे। पर इस वर्ष एचपी के अधिकांश पेट्रोल पंपों में सप्लाई कम होने के पखांजूर कापसी तथा बांदे के पंप कई महिनों से बंद पड़े है। जो पंप चालू है वहां भी आऐ दिन डीजल पेट्रोल नहीं रहता। जिस कारण किसानों को क्षेत्र के एक एक पंप पर ही निर्भर होना पड़ रहा है। यह समस्या सबसे अधिक बांदे क्षेत्र में है। बांदे क्षेत्र भी काफी बड़ा है और वह पंप की संख्या भी मात्र एक ही है जिसमें डीजल पेट्रोल है। साथ ही बांदे क्षेत्र महाराष्ट्र क्षेत्र से लगा होने के कारण बहुत से लोग महाराष्ट्र से डीजल लेने बांदे आते है एसे में बांदे के एक मात्र पेट्रोल पंप में सुबह होते ही पांच सौ से अधिक डब्बे ले किसान पंप में लाईन लगा खड़े हो जाते है। पंप में तो सुबह मेले जैसा माहौल रहता है। डीजल लेने आऐ टैक्टर मालिकों ने बताया की उनके टैक्टर खेतों में जोताई में लगे है वहां से टैक्टर ले कर पंप आने में काफी समय खराब होता है जिस कारण वे डब्बों में डीजल ले जाने का काम करते रहते है ताकि टैक्टर चलता रहे। विगत वर्ष तक कोई परेशानी नहीं थी पर इस वर्ष तो डीजल लेने में चार से पांच घंटे पंप में लाईन लगानी पड़ रही है। इस संबध में खाद्य निरिक्षक पखांजूर शैलेन्द्र ध्रुव ने बताया की परलकोट के जितने भी एचपी के पंप है उनमें से दो पंप कई महिनों से बंद है जो दो चालू है वह भी ठीक ढ़ग से डीजल की सप्लाई नहीं कर पा रहे जिस कारण अन्य कंपनी के एक एक पंप पर ही पूरा भार है। इस संबध में एचपी के अधिकारियों को कहा गया है ताकि सप्लाई शुरू करे और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने ए अनिल सचिव बने गौरंग साहा

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।जिसमें बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर अनिल एवं सचिव पद के लिए गौरंग साहा चुने गए।बता दें सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में 625 में कुल 574 वोट डाले गए।मतदान अपरान्ह 3 बजे तक हुई।इनमें कुल 574 मतदाता ने 15 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया।प्रथम राउंड में मनोज सिंह एवं ए अनिल में कांटे का टक्कर रहा।दूसरा तीसरा राउंड आने के बाद प्रत्याशियों के धड़कन तेज हो गई चौथा राउंड में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनोज सिंह ए अनिल से छह वोट से आगे थे पांचवे राउंड मे ए अनिल मनोज सिंह से दो वोट से आगे रहे छठवें राउंड में ए अनिल तीन वोटों से जीत दर्ज की बाजी मार ली।वहीं सचिव पद में गौरांग साहा ने जीत दर्ज की। तथा आकाश गोयल उपाध्यक्ष,प्रकाश मंडल उपाध्यक्ष,संतोष दुबे कोषाध्यक्ष,आशीष सिन्हा सहसचिव एवं लक्ष्मण कुमार ने सहसचिव पद पर जीत हासिल किया।उगता सूरज पैनल ने जीत दर्ज करने के बाद समर्थकों ने आतिशबाजी की एवं एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया तथा देर रात तक डीजे के धुन में नाचते गाते सभी जीते पदाधिकारियों का स्वागत किया।

## संवेदनशील क्षेत्र कोयलीबेड़ा में समाज कल्याण विभाग ने लगाया पेंशन निवारण शिविर



**कांकेर।** कलेक्टर के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 28 जून को ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में दिव्यांगजनो के शत प्रतिशत मेडिकल प्रमाण पत्र /डीआईडी बनाए जाने एवं पेंशन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ रमा पुजारी सरपंच ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा , वार्ड पंच दुरसा पटेल एवं वार्ड पंच सुनीता नाग द्वारा किया गया। उक्त शिविर में 77 हितग्राहियों का पंजीकृत किया गया । जिसमे 9 अस्थि बाधित,1 श्रवण बाधित, 1 दृष्टि बाधित, 1 मानसिक तथा 65 आवेदन नवीनीकरण,ष्ठद्धष्ठ एवं पेंशन के प्राप्त हुए। उक्त दिव्यांगजनो का परीक्षण कर सहायक उपकरण तथा पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय से चिकित्सको की टीम/उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनचौपाल में ग्रामीणजन पंहुचकर कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय में आयोजित जन चैपाल में कलेक्टर चन्दन कुमार को जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचकर नागरिकों द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर निराकरण करने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए आश्वासन दिया। कांकेर तहसील के सिदेसर निवासी गोदावरी जैन, अलबेलापारा के रामेश्वर सिंह नाग, अघन नगर वार्ड के प्रेमलता शर्मा, बागड़ोगरी के सुरजूराम साहू, चिवराज के समारीबाई, अंतागढ़ तहसील के ग्राम मसीही समाज के कल्याण संस्था के अध्यक्ष जेपी राय, कोतमुड़ा के विजया सलाम, ग्राम पोरोड़ी के गंगाबाई नरेटी एवं ग्रामवासी, नरहरपुर तहसील के चारभाठा के लखमाराम एवं ग्रामीणजन, ग्राम सुरही के बुधरूराम, पानापथर के फागूराम, ग्राम छापरपार के लोमेश साहू, देवगांव के कुमारी पल्लवी शोरी, ग्राम डुडुमबाहरा के शिवचरण एवं ग्रामीणजन, वार्ड क्रमां-5 के अमरिकाबाई, करप के लखनलाल, तहसील कांकेर के श्रीरामनगर निवासी नरेद्र सोनी, शितलापारा वार्ड के नजिया बानो, पखांजूर तहसील के ग्राम ऐसेबेड़ा निवासी जयलाल कुलदीप, बड़गांव के नोहरूराम, कारेकट्टा के शिल्पी पाईप, कृण्णापल्ली के प्रियादास , पीव्ही 64 श्रीपुर के सपन साना और चारामा तहसील के लिलझर निवासी देवराज बारसागढ़े, ग्राम कानापोड़ के आरिकाबाई ने आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री चन्दन कंमार ने उनके आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों के निराकरण करने के लिए निर्देशित किए।

# ग्रामीण औद्योगिक पार्क कुलगांव, 14 इकाइयां स्थापित

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

गांधी ग्राम कुलगांव जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 10 कि.मी. की दूरी पर रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। सुराजी गांव की परिकल्पना को साकार करते हुए कुलगांव में आदर्श गोठान के साथ-साथ ग्रामीण औद्योगिकी पार्क एवं कौशल उन्नयन केन्द्र की स्थापना की गई है। साथ ही साथ स्थानीय स्तर पर प्राप्त होने वाले विभिन्न वनोपज के उत्पादन प्रसंस्करण से संबंधित कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई है। ग्राम स्तर पर स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागीय योजनाओं के अभिशरण से कुल 14 इकाईयां स्थापित की गई है जिसमें 8 स्व सहायता समूह की लगभग 145 महिलायें कार्यरत हैं। मछली आहार संयंत्र इकाई की स्थापना, फ्लोटिंग टाईप मछली आहार बनाने के लिये की गई है जिसकी क्षमता 50 कि.ग्रा. प्रति घण्टा है। जिसका संचालन पूजा स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है जिसमें 10 महिलाये कार्य कर रही है। मछली आहार का विक्रय स्थानीय बाजार में तथा जिले में मछली उत्पादक कृषकों को किया जा रहा है। मछली आहार के विक्रय से प्रति क्विंटल लगभग 500 रूपये की शुद्ध आमदनी हो रही है अब तक कुल 40 क्विंटल मछली का विक्रय किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गर्भवती, रक्त अल्पतता से ग्रषित महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को सप्ताह में दो दिन अण्डा देने का प्रावधान है।

जिसके लिए अण्डा का क्रय स्थानीय बाजार व समीप के शहर से किया जाता है। इसी आवश्यकता एवं सम्भावनाओं को देखते हुए कुलगांव में कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के तकनीकी मार्गदर्शन में स्व सहायता समूह के माध्यम से अण्डा उत्पादन का कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें जिला खनिज न्यास निधि मद से समूह को केज एवं अण्डा देने वाली ब्रायलर मुर्गी उपलब्ध कराया गया है एवं 240 नग मुर्गियों की संख्या वाली इकाई स्थापित की गई है जिससे प्रतिदिन औसतन 120-130 अण्डे का उत्पादन हो रहा है जिसे समूह की महिलाओं द्वारा आस-पास के आंगनबाड़ियों एवं छात्रावासों में विक्रय किया जा रहा है। विगत चार माह में समूह की महिलाओं को लगभग 50,000 की आमदनी प्राप्त हो चुकी है। जिला उत्तर बस्तर कांकेर में स्थापित लघु धान्य प्रसंस्करण इकाई से प्रसंस्कृत उत्पाद रागी (मड़िया) आटा एवं कोदो चांवल आंगनबाड़ियो में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गर्भवती, रक्त अल्पतता से ग्रषित महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को प्रदाय किया जा रहा है जिसमें रागी को हल्वा के रूप में तथा कोदो चांवल को खिचड़ी परिपूरक आहार के रूप में प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रसंस्करण इकाई में प्रसंस्कृत रागी से रागी आटा का निर्माण समूह के माध्यम से कर आंगनबाड़ियों में प्रदाय किया जा रहा है। मड़िया आटा इकाई से प्रतिदिन 3 क्विंटल आटा निर्माण किया जा रहा है।

# अग्निपथ योजना का विरोध कांग्रेस की ओछी मानसिकता, कांग्रेस की वजह से ही देश का बड़ा हिस्सा चीन और पाकिस्तान के कब्जे में : रामू नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

देश में युवाओं में देशभक्ति, आत्मविश्वास और दक्ष बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना प्रारंभ की है । जिसके तहत 18 से 21 वर्ष के युवाओं को सेना में जाकर देश सेवा का अवसर मिलेगा जहां वो विभिन्न अस्त्र शस्त्रों की चलाने की कलाओं निपुण बनेंगे और 4 साल बाद 25 त्न युवा आगे सेना में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे तथा बाकि बचे 75 प्रतिशत युवा विभिन्न क्षेत्रों में जा सकेंगे जैसे बीएसएफ, सीआरपीएफ तथा अन्य क्षेत्रीय सुरक्षाबलों में उनकी नियुक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार ने इन युवाओं को अग्निवीर नाम दिया है, भारत के अलावा अन्य कई देशों में ये योजना सफलतापूर्वक चल रही है। भारत में इस योजना के लागू होने से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागरूक होगी।



1. अग्निपथ योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से देश में बेरोजगारी दर कम होगी। बता दें सरकार ने लक्ष्य रखा है कि हर साल इस योजना के तहत करीब 50000 युवाओं को नौकरी दी जाए।

2. अग्निपथ योजना से भारतीय सेना में सैनिकों की कमी नहीं होगी।

3. अग्निपथ योजना के तहत 17 साल 6 माह से 21 वर्ष के बीच के युवा नौकरी पा सकेंगे और ट्रेनिंग के बाद उन्हें 48 लाख रुपये की जीवन बीमा तथा 30 हज़ार रुपये की मासिक वेतन होगी। अगर सकारात्मक नजरिए से देखें तो इस उम्र में बहुत से कम युवाओं के पास इतनी सैलरी की रोजगार होती है। 4. इस योजना के तहत नौसेना और वायु सेना में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ेगी। 5. अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में अपना सर्विस पूरा कर लेने के बाद अग्नि वीरों को अन्य क्षेत्रों में नौकरी का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें भारतीय सेना में अपना योगदान देने का गौरव भी हासिल होगा।

6. अग्निपथ योजना के लागू होने से डिफेंस बजट पर बोझ कम होगा। परतूं कांग्रेस देश को सशक्त होते कभी देखना ही नहीं चाहती इसलिए वो देश के युवाओं में इस योजना के विरुद्ध भ्रांति पैदा कर देश में अस्थिरता पैदा करना चाहती है। कल कांग्रेस ने इस योजना के विरोध में जो प्रदर्शन किया और जैसे बयान दिए ये उनकी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन था। जिस कांग्रेस ने युवाओं से मिट्टी खोदवाने और गोबर बिनावने जैसे कार्य को गर्व से रोजगार बताया आज वही कांग्रेस युवाओं को सैनिक न बनने के लिए उकसा रही है ताकि बेरोजगार युवा गलत कार्यों की तरफ जाए और कांग्रेस उनका उपयोग देश में अशांति फैलाने के लिए करे।

# देश में जल्द आएगा पत्रकार सुरक्षा कानून : जनरल सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ का 25 से 26 जून तक हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ऊटी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कोण्डागांव से अनुज कुमार व अंजय यादव ने सहभागिता। पहले दिन सत्र की शुरुआत तमिलनाडू के वनमंत्री के रामचंद्रन ने किया । वही दूसरे दिन के समापन अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह मौजूद रहे। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में 22 राज्यों के पत्रकार शामिल हुए छत्तीसगढ़ की तरफ से बीएसपीएस के प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौबे के नेतृत्व में 31 से अधिक पत्रकार शामिल हुए।

**देश में जल्द आएगा पत्रकार सुरक्षा कानून : जनरल सिंह-** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौबे ने संघ की तरफ से पत्रकारों के हितार्थ राष्ट्रीय सम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा का मसला उठाने के साथ ही 10 बिंदुओं का प्रस्ताव पास

**राष्ट्रीय सम्मेलन में छग के पत्रकारों के अनुशासन की हुई तारीफ-** केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वी के सिंह ने मांग पर सहमति जताते हुए, छत्तीसगढ़ इकाई के द्वारा मीडियाकर्मियों के हितो में किए गए कार्यों और अनुशासन की जमकर सराहना की गई। ऊटी में आयोजित बीएसपीएस के राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौबे ने प्रेजेंटेशन दिया जिसमें यह बताया गया कि छत्तीसगढ़ इकाई ने प्रदेश के पत्रकारों के लिए किस तरह काम कर रही है और संगठन के उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इसी के तहत उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

**छत्तीसगढ़ ने उठाया पत्रकार सुरक्षा कानून का मुद्दा-** छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौबे ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह के सामने पत्रकार सुरक्षा का मुद्दा उठाया। श्री चौबे ने वीके सिंह से सवाल किया कि क्या देशभर में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर किसी तरह का मसौदा केंद्र सरकार तैयार कर रही है। श्री वीके सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार भी चिंतित है और पत्रकारों को किस तरह से सुरक्षा दिया जाए, इस पर चर्चा की जा रही है । उन्होंने पत्रकारों को जल्द ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने का आश्वासन दिया।

**सम्मेलन में 10 बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया गया-** बीएसपीस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पारित किए गए 10 बिंदुओं की जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह को दी, जिसमें प्रमुख रूप से देश भर में पत्रकारों से लिए जा रहे टोल फीस को समाप्त करने की मांग की। बीएपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन ने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों से 2500 की राशि वसूल की जा रही है इसका जमकर विरोध करने का निर्णय सम्मेलन में लिया गया है। इस संबंध में राज्य सरकार और केंद्र सरकार से इस काले कानून को वापस करने के लिए एक पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर देशभर के जब पत्रकारों की टीम बनाई जाएगी और पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा उसी दिन प्रदेश एवं जिलों में भी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नितिन चौबे, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता सुखनंदन बंजारे, प्रदेश कोषाध्यक्ष गंगेश द्विवेदी, प्रदेश सचिव विश्वनाथ साहू, प्रदेश प्रवक्ता श्रवण यदु, प्रदेश सचिव पवन ठाकुर, संतोष महानंद, विक्की पंजवानी, प्रखर सोनकर, कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ से धीरेंद्र विश्वकर्मा, राम प्रसाद गुप्ता, शराफत अली, बीपी तिवारी, सरवर अली, शब्बीर सिद्धकी दुर्ग से हितेश शर्मा धमतरी से जितेंद्र साहू, मोनू निर्मलकर, दीप नारायण शर्मा , कोंडागांव से अंजय यादव, अनुज कुमार देवभोग से प्रतीक मौजूद रहे।

# अग्निपथ योजना के खिलाफ एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**कांकेर।** सेना की संविदा भर्ती योजना के विरोध में देश भर में प्रदर्शन का दौर जारी है, इसी तारतम्य में आज एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन के आव्हान पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार एवं एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू एवं प्रदेश सचिव आयुषी मिश्रा के मार्गदर्शन पर पूर्व संभाग संयोजक लोमेन्द्र यादव के नेतृत्व पर कांकेर ज़िला एनएसयूआई ने भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर में जिला एनएसयूआई ने हस्ताक्षर अभियान चलाया, ज़िले के सबसे बड़े महाविद्यालय में आयोजित इस हस्ताक्षर अभियान में बड़ी तादाद में छात्रो ने सहभागिता निभाई। इस अभियान में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू, पूर्व संभाग संयोजक लोमेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष सुमित राय, पूर्व ज़िला महासचिव अमित साहू, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष तारस सिन्हा, चेतन विश्वकर्मा, विशाल साहू, युगल साहू, पूजा जैन आदि उपस्थित थे।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8–(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड) (आईआईएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार, सह–कर्जदार और कानूनी वारिस उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदारों, सह–कर्जदारों तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदारों, सह–कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार 'आईआईएफएल एचएफएल' की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार 'आईआईएफएल एचएफएल' की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदारों का नाम मिलाई शाखा | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राज कुमार देवांगन, श्रीमती चंद्र मोहिनी देवांगन, श्री कुंज बिहारीलाल देवांगन, प्लूटस इन्फ्रावेंचर्स प्रा. लि., श्री राज्यवर्धन देवांगन और श्रीमती स्मृति देवांगन (प्रॉस्पेक्ट नंबर 768140, 769450, 940793, 960067) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक नंबर 03, परिमाप 360 वर्ग मीटर, नेहरू नगर (ईस्ट) आवासीय योजना, नेहरू नगर, भिलाई, छत्तीसगढ़, भारत – 490020 | प्रॉस्पेक्ट नंबर 768140 रू. 1,49,18,234.00/– (रू. एक करोड़ उन्चास लाख अठारह हजार दो सौ चौंतीस मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर 769450 रू. 91,92,309.00/– (रू. इक्यानवे लाख बानवे हजार तीन सौ नौ मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर, 940793 रू. 18,20,497.00/– (रू. अठारह लाख बीस हजार चार सौ सत्तानवे मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर 960067 रू. 10,98,207.00/– (रू. दस लाख अठ्ठानवे हजार दो सौ सात मात्र) | 06–04–2022 | 24–06–2022 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज–4, उद्योग विहार, गुरूग्राम, हरियाणा।

स्थान : रायपुर तिथि : 29–06–2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

## कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज करवाने में मिल रहा है आर्थिक मदद

# गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना गरीब मरीजो के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिलें के कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम गिधौरी निवासी 6 वर्षीय बालक कनिष्क वर्मा को जन्म से ही सुनने और बोलने की समस्या थी। इसके पिता सूरज प्रकाश वर्मा ने बताया कि जब मेरा बेटा सात -आठ माह का था तभी पता चला कि उसको सुनने एवं बोलने में समस्या है। बाद में बिलासपुर के निजी चिकित्सा संस्थान में बेरा टेस्ट के माध्यम से यह पता चला कि बच्चे की सुनने की क्षमता नब्बे प्रतिशत कम है। इसके इलाज के लिए बच्चे के अभिभावकों ने वेल्लोर के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज से संपर्क किया। तो वहां के चिकित्सकों ने कोकलियर इंप्लांट्स की आवश्यकता बताई। कोकलियर इंप्लांट्स एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल उपकरण है जो कान से कम सुनाई देने से पीड़ित लोगों की मदद करता है। इस उपकरण के उपयोग की सलाह आमतौर पर तब दी जाती है जब पारंपरिक कान की मशीन लाभ नहीं देती। कोकलियर इंप्लांट्स में एक बाहरी भाग होता है जो कान के पीछे बैठता है और दूसरा भाग सर्जरी के द्वारा आंतरिक कान में बिठाया जाता है। इस संबंध में बच्चे के पिता ने बताया कि ऑपरेशन के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्र देव राय की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से बच्चे के ऑपरेशन हेतु उन्हें 3.50 लाख की राशि प्राप्त हुई थी। वर्तमान में ऑपरेशन हो चुका है तथा वह अभी वेल्लोर में ही हैं। उन्होने आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह एक अन्य मरीज कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी 56 वर्षीय फागुराम श्रीवास को शरीर में दर्द की शिकायत हुई विशेषकर कमर की हड्डियों में। दर्द बढ़ने पर उन्होंने विशाखापट्टनम के एक निजी संस्थान में अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई जहां यह पता चला कि फागूराम को कैंसर है जिसे मल्टीपल मायलोमा भी कहा जाता है।

परिजनों ने फागूराम को रायपुर स्थित कैंसर चिकित्सा संस्थान बाल्को मेडिकल सेंटर में इलाज हेतु भर्ती करवाया जिसमें मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के माध्यम से उन्हें पाँच लाख की सहायता राशि प्रदान की गई। मार्च महीने में फागूराम की बोन मैरो प्रत्यारोपण सर्जरी की गई अब वह पूरी तरीके से स्वस्थ हैं। उन्होंने ने भी आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा जटिल और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय भार कम करने हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत चिन्हित हितग्राही को अधिकतम बीस लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।

छत्तीसगढ़ राज्य पहला राज्य है जो अपने नागरिकों के लिए इस हेतु इतनी बड़ी राशि उपलब्ध करवा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य के भीतर एवं राज्य के बाहर पंजीकृत चिकित्सालय में उपचार करवाने पर सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के लाभ के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 104 पर कॉल किया जा सकता है अथवा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के स्वास्थ्य बीमा योजना शाखा से भी संपर्क कर सकते हैं।

# नया तालाब की सफाई अभियान वार्डवासियों के सहयोग दिया

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नेवरा के वार्ड क्र. 14 में स्थित नया तालाब की सफाई अभियान वार्डवासियों के सहयोग से तालाब की साफ सफाई का कार्य चल रहा है। क्योंकि तालाब की पानी गर्मी के दिनों में बद से बत्तर हालात की स्थिति में हो जाता है। और वार्ड वासियों का एक मात्र निस्तारी का साधन है।जिसे वार्ड के कुछ महिलाएं ,छोटे छोटे बच्चों व पुरुषों द्वारा नया तालाब की साफ सफाई में जड़ गये है। ताकि स्वच्छता होने से तलाब की पानी साफ रहे और वार्ड वासियों को निस्तारी में सुविधा हो सके जिसके चलते नगर के तीन वार्डो के वार्डवासियों मे वार्ड क्रमांक 09, 10,14, के आम नागरिकों द्वारा तालाब की सफाई में जुट गये है। वार्ड के पवन बघेल ने बताया कि हम लोग तीन वार्डो के वार्डवासियों द्वारा एक होकर तलाब की सफाई में जुट गये है। ताकि हमारे वार्डो के नागरिकों को नाहने जैसे अन्य सुविधा में परेशानी ना हो और तालाब की स्वच्छता के लिए सफाई का कार्य चार दिनों से चल रही है। तालाब को स्वच्छ रखेंगे तालाब की सफाई कार्य में सहयोग देने के लिए पवन बघेल, जय कुमारी, निषा, रामबाई, भरत, दुलारी, सुनिता, अनिता, नरेन्द्र साहू, जेठिया, हेमिन, पूनम, लक्ष्मी नारायण, युवराज, भूषण शरद, दिलीप एवं वार्ड के लोगो का अहम योगदान था।

## सरपंच चुनाव में विमला चौहान 937 वोट से विजयी



**जैजैपुर।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतगर्त आने वाले ग्राम पंचायत कचंदा में त्रिस्तरीय उपचुनाव संपन्न हुआ जिसमें कि 1320 मतदाताओं ने हिस्सा लिया जिसमें विमला चौहान को 1109 मत एवं सावित्री बाई को 172 मत तथा 39 मत पत्र निरस्त हुए। कचंदा में सरपंच पद के लिए विमला चौहान 937 मतों से विजयी हो गई। इस तरह से अब ग्राम पंचायत कचंदा की सरपंच विमला चौहान के सिर पर सर ताज हुआ। ग्रामीणों ने विमला चौहान के सरपंच बनने पर आतिशबाजी से स्वागत किया। इस तरह से देखा जाए तो विमला चौहान एक तरफा वोटों से विजयी घोषित की गई।

# विकास खंड के सभी स्वास्थ्य केंद्र में विश्व नशा मुक्ति दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता जैन के मार्गदर्शन में विकास खंड के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में नशा मुक्ति दिवस मनाया गया जिसके तहत हेल्थ वेलनेस सेंटर बानी गिरोला में एसडीएम नम्रता जैन, आईपीएस अधिकारी निखिल राखेचा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी बी कोसरिया, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह ,खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक राजकुमारी रावल, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चेतन पटेल के उपस्थिति में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम मैडम के द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाया गया कि मैं और मेरा परिवार किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेगा एवं दूसरे लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करूंगा। शपथ ग्रहण के पश्चात एसडीएम मैडम ने बताया कि नशा मुक्ति के लिए महिला स्व सहायता समूह को आगे आना है हमारे द्वारा नशा मुक्ति अभियान दल को सभी प्रकार की सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा ,विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पूरे विश्व में भारत के 12% आबादी नशा का उपयोग शराब, सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, हुक्का, गांजा इत्यादि का उपयोग करता है हमारे देश में प्रतिवर्ष 2500 लोगों की मौत धूम्रपान से हो रहा है। आईपीएस अधिकारी निखिल राखेचा ने बताया कि पुलिस प्रशासन के द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वाली पर कड़ी नजर रखी जा रही है एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी. बी. कोसरिया ने बताया कि तंबाकू गुड़ाखू के लगातार सेवन से मुंह के अंदर म्यूकोसा में फाइब्रोसिस होता है और मुंह धीरे धीरे कम खुलने लगता है जो कि कैंसर का कारण बनता है, धूम्रपान से जो निकोटिन निकलता वह शरीर को खोखला कर देता है। विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह ने बताया कि जिस घर में मादक पदार्थों का उपयोग किया जाता है वहां पर पारिवारिक कलह ज्यादा होता है जो कि परिवार के विघटन का कारण होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे ने बताया कि किसी भी प्रकार का नशा को छोड़ने के लिए व्यक्ति को दृढ़ संकल्पित होने की आवश्यकता है।

# भेंट मुलाकात की संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला में तैयारी



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भेंट मुलाकात संभावित कार्यक्रम को लेकर अब जिले भर में तैयारी जोरों शोरों पर शुरू कर दिया है बकायदा कलेक्टर प्रभात मलिक ने टीएल बैठक लेकर संबधित अधिकारियों को ज़िम्मेदारी दी है। जिले के वरिष्ठ अधिकारी की माने तो 11 से 14 जुलाई के बीच भूपेश बघेल जिला के किसी भी ब्लॉक में पहुंच कर आम जनता से भेंट मुलाकात कर सकते और इसके मद्देनजर कलेक्टर प्रभात मलिक ने राशन कार्ड पेंशन प्रकरण सहित श्रम कार्ड जैसे अन्य प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया है इसके अलावा आंगनबाड़ी पीडीएफ सहित राजस्व प्रकरण में किसी प्रकार शिकायत ना हो और भूमिहीन न्याय योजना सहित तमाम योजनाओं का लाभ प्रतिशत दिलाने के लिए आदेशित किया है मतलब किसान मजदूर का मामला पेंडिंग ना हो इसलिए जिला सहकारी बैंक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया है किसानों की राशि लंबित ना रहे इसके अलावा जिले के कुछ पटवारी और ग्राम पंचायत सचिवों के कामकाज की रिपोर्ट भी मांगी गई है सबसे ज्यादा फोकस आत्मानंद स्कूल और किसानों की मुआवजा पर दिया जा रहा है ताकि सीएम के समक्ष किसी पर शिकायत दर्ज़ ना हो पाए इसके लिए बकायदा अधिकारी भी जमीनी स्तर पर अपनी अपनी तैयारी शुरू कर दिए है मतलब पहले की तुलना अब ग्रामीणों को अधिकारियों के पीछे चक्कर काटने की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है और ऐसी स्तिथि को बरकरार रखने के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने नोडल अधिकारियों का भी गठन किया है साथ ही मजदूर किसान सहित अन्य वर्ग के लोगो को योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत दिया जा सके इसके लिए नोडल अधिकारियों को सतत निगरानी करने का आदेश दिया है।

# डिप्टी रेंजर तिवारी की टीम की बड़ी कार्यवाही, आरा मिल को किया सील



**तिल्दा-नेवरा।** डिप्टी रेंजर दीपक तिवारी और टीम की बड़ी कार्यवाही अवैध रूप से संचालित आरा मिल को सील किया गया। सीसीएफ जेआर नायक रायपुर और वन मंडल अधिकारी रायपुर विश्वेश कुमार एवं एस डी ओ रायपुर व्ही -एन मुखर्जी एव प.आ साधुराम बंजारे के निर्देशन में स.प.अ. तिल्दा दीपक तिवारी के नेतृत्व में इंदर चंद धनकर वनरक्षक, यदु कुमार साहू वनरक्षक, जागेश बांधे वनरक्षक, सनत कपूर, सौरभ, धर्मेंद्र, राधेश्याम, वाहन चालक रामेश्वर साहू एवं वन स्टॉप तिल्दा के द्वारा मुखबीर की सूचनाएवं वन स्टॉफ तिल्दा के द्वारा ग्राम चरौदा(धरसींवा) के हरीश शुक्ला आरामिल में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की कार्यवाही किया गया। मौका स्थल आरामिल परिसर पर कहुआ (अर्जुन) एवं सेमल लकड़ी का गोला और लट्ठा का अवैध रूप से भंडारण करके रखा गया था उक्त लकड़ी से संबंधित कोई भी ञक्क या वैध



प्रमाण पत्र नहीं दिखा पाने के कारण जप्ती की कार्यवाही करते हुए आरामिल को सील कार्यवाही किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर वनाधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है हरीश शुक्ला की एक और ट्रक धरसींवा डिपो में खड़ी है आज तक कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए है ट्रक को राजसात करने की तैयारी।

## दिलीप वर्मा बने प्रेस क्लब के महासचिव

**तिल्दा नेवरा।** स्थानीय विश्राम गृह सासाहोली तिल्दा में प्रेस क्लब की आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। वहीं बैठक में



सर्वप्रथम रिक्त हुए महासचिव के पद पर सर्वसम्मति से दिलीप वर्मा की नियुक्ति की गई। वहीं श्रमजीवी पत्रकार संघ तिल्दा ब्लाक के अध्यक्ष मोहन राजपूत सहित कुछ अन्य सदस्य की अनुपस्थिति में उनकी सहमति भी ली गई जिस पर सभी ने महासचिव के लिए दिलीप वर्मा के नाम पर सहमति जताई। उक्त बैठक में नए सदस्यों को प्रेस क्लब की सदस्यता के लिए फॉर्म जमा करने कहा गया। साथ ही प्रेस क्लब भवन के लिए अतिशीघ्र जमीन चयन कर निर्माण संबंधी चर्चा की गई। वहीं प्रेस क्लब की वर्तमान कार्यकारिणी को आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया। जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। बैठक के दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक देवेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष मोती राम ज्ञानचंदानी, उपाध्यक्ष रितेश वाधवा, कोषाध्यक्ष जयेंद्र बघेल, सचिव गोवर्धन यदु, शिव वर्मा, राजू वर्मा सहित अनेक पत्रकार साथी उपस्थित थे वहीं दिलीप वर्मा के महासचिव बनने पर प्रेस क्लब संरक्षक गौरी शंकर सैनी, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष मोहन राजपूत, अजय तिवारी, कपूर बघेल, अंकित अग्रवाल उपस्थित थे।

## जनता का पोस्ट ऑफिस से विश्वास उठा, सही जवाब नहीं मिलने के कारण कई लोगों ने किया खाता बंद

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना डाकघर में फिसड्डी साबित हो रही है पोस्ट ऑफिस डाक घर की रिकरिंग डिपॉजिट आरडी एक ऐसा विकल्प है जहां अपनी जमा रकम पर निश्चित ब्याज तो मिलता है साथ ही पैसा पूरा सैफ रहता है क्योंकि डाकघर की डिपॉजिट पर भारत सरकार सावेरेन गारंटी होती है इस कारण ज्यादा करके लोग इस योजना को लेते हैं एवं अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित समझते हैं परंतु बलौदा डाकघर में यह योजना फिसड्डी साबित हो रही है।

बलौदा बाजार की एक अभिकर्ता ज्योति शुक्ला एजेंट id.mi 493332 0100008 है उनके द्वारा प्र प्रतिमाह 3000 की आर डी का खाता ग्राहक रानू के द्वारा खोला गया था जिनका खाता क्रमांक 4797 607 732 था उनके खाते में जमा राशि दिखाई गई है पोस्ट ऑफ़िस की बकायदा सील लगी है परंतु जब डाकघर में ले जा कर स्टेटमेंट लेने पर पता चला किया जमा राशि जमा ही नहीं हुई है और जो राशि जमा की गई है उस दिन पोस्ट ऑफिस की छुट्टी थी पोस्ट मास्टर को बताया उस दिन डाक विभाग की छुट्टी थी पैसा कैसा जमा हुआ इसकी मैं जांच करवा रहा हूं छुट्टी के दिन यदि सील लगी है इससे यह प्रतीत होता है कि यह फर्जी सील हो सकती है यह जांच का विषय है डाकपाल निरीक्षक ने तत्काल ग्राहक को एक आवेदन बनाकर देने को कहा ग्राहक द्वारा आवेदन दिया गया जिसकी जांच चल रही है रायपुर के अधिकारियों ने बताया जांच पूरी होने के बाद दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

**केस नंबर 2 :-** रेखा अग्रवाल अकाउंट नंबर 3789 883 888 है जो प्रतिमाह ?2000 जमा करने की आर डी खोली गई थी इसमें भी गड़बड़ी पाई गई है।

**केस नंबर 3:-** श्रेया अग्रवाल खाता क्रमांक 3789 873 780 जो प्रतिमाह 2000 का रिकरिंग अकाउंट खोली थी उसमें भी गड़बड़ी पाया गया।

**केस नंबर 4:-** रेखा अग्रवाल अकाउंट नंबर 427 627 4721 प्रतिमाह 5000 का आईडी खाता खोली गई थी पोस्ट ऑफिस में जाने के बाद एवं स्टेटमेंट लेने पर खाता में गड़बड़ी पाया गया, पोस्ट ऑफिस का यह आलम हो गया है नियम अनुसार महिलाएं ही एजेंट होती हैं किंतु उनके परिवार जन हस्तक्षेप से ऐसी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं पिछले माह बकायदा डाक विभाग द्वारा सर्कुलर जारी किया गया था जो महिला एजेंट है वही पोस्ट ऑफिस में पैसा जमा करेगी यह केंद्र सरकार की योजना है जो सिर्फ महिलाओं के लिए ही है जिससे वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके।

**समय पर नहीं खुलता है पोस्ट ऑफिस**

पोस्ट ऑफ़िस सुबह 9:00 बजे खुलने का समय है परंतु कभी भी 9:00 बजे पोस्ट ऑफ़िस नहीं खुलता है जबकि सामने समय खुलने और बंद होने का समय लिखा हुआ है उसके बावजूद इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। जब कोई घटना घट जाती है पोस्ट ऑफिस द्वारा ऑफिस में कर्मचारियों की कमी का बहाना देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। कई लोग फर्जीवाड़ा से के डर से अब पोस्ट ऑफिस में खाता बंद करवा रहे हैं जनमानस में पोस्ट ऑफिस ने विश्वास होता कम होते जा रहा हैं जनता जनार्दन चक्कर लगा लगा कर परेशान हो रहे है।

> कई लोगों के आवेदन प्राप्त हुए हैं जांच चल रही है आवेदन को हेड ऑफिस रायपुर भेज दिया गया है।
> **योगेश कुमार,** डाक इंसपेक्टर जिला बलौदा बाजार

# बलौदाबाजार भाटापारा जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 5 से 10 हजार वर्गफीट जमीन पर बनेगा गार्डन

**जिलें के 643 गौठानों में 83 हजार से अधिक फलदार वृक्ष लगाने का लक्ष्य, 30 जून से 15 जुलाई तक वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश-कलेक्टर**

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने पंचायत एवं संबंधित विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की है। जिस दौरान जिलें के सभी ग्राम पंचायतों में 5 से 10 हजार वर्गफिट जमीन आरक्षित कर ब्लॉक प्लांटेशन के साथ गार्डन बनाने के निर्देश सभी जनपद पंचायत सीईओं को दिए है। इसके साथ ही मानसून में पूरे जिलें में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक ड्राइव के तहत 30 जून से लेकर 15 जुलाई तक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए है। उक्त बैठक में गोधन न्याय योजना, चारागाह निर्माण,बकरी शेड, मुर्गी शेड का निर्माण,अमृत सरोवर, वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन एवं विक्रय सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं विस्तृत समीक्षा की गई है। आने वाले दिनों में खेती किसानी में तेजी होती है इस दौरान जानवर खुले में न रहे इसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन के अधिकारीयों की होगी। सभी ग्राम पंचायतों सहित नगरी निकायों में शत् प्रतिशत कांजी हाउस एक्टीव हो जाए। इसके साथ ही सभी सक्रिय गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश दिए है। बरसात के मौसम में जानवरों को गंभीर बिमारीयों का भी खतरा बढ़ जाता है। अतः पशु पालन विभाग सभी जानवरों को नियमित रूप से टीका लगवाना सुनिश्चित करें। जिले के 643 गौठानों में प्रति गौठान 130 नग वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत कुल 83 हजार 590 वृक्षों का रोपण किया जायेगा। जिसमें जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 106 गौठानों में 13 हजार 780, भाटापारा के 91 गौठानों में 11 हजार 830, बिलाईगढ़ के 123 गौठानों में 15 हजार 990, कसडोल के 116 गौठानों में 15 हजार 80, पलारी के 103 गौठानों में 13 हजार 390 एवं सिमगा के 104 गौठानों में 13 हजार 520 वृक्षों एवं पौधा रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिदकी, उपसंचालक हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा, तिवारी, उपसंचालक पशु स्वास्थ्य डॉ.एस.पी सिंह सहित कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, उद्यानिकी, मतस्य, विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षकों ने इंटरनेशनल कुराश के प्रशिक्षकों से लिया ट्रेनिग

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



इंटरनेशनल कुराश एसोसिएशन व कुराश एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में पुणे में आयोजित इंटरनेशनल रेफरी कोचिंग व बेल्ट ग्रेडिंग में कुराश एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ी व प्रशिक्षक सम्मिलत हुवे। कुराश एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव विवेकराज सिंह ने बताया पुणे में आयोजित यह इंटरनेशनल कुराश सेमिनार 22 जून से 27 जून तक सम्पन्न हुआ जिसमे मुख्य रुप से इंटरनेशनल कुराश एसोसिएशन के महासचिव व टेक्निकल डायरेक्टर रेजा नासिरी कोचिंग कोर्स के प्रमख वाहिद पोरेस्फनीदर रेफरिंग कोर्स के प्रमुख शाहरकान अली व इंटरनेशनल कुराश एसोसिएशन उपाध्यक्ष भारत में कुराश के जनक जगदीश टाइटलर भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष रमेश पोपली टेक्निकल चेयरमैन उपाध्यक्ष राजन वर्गीश महासचिव लालसिंह व चंद्रपाल सैनी उपस्थित रहे। इस रेफरी कोचिंग व बेल्ट ग्रेडिंग सेमिनार में इंटरनेशनल रेफरी कोर्स में परिचय मिश्रा सूरज वर्मा योगेंद्र साहू नाहिद श्रद्धा साहू श्रुति यादव व अजय साहू सफलता पूर्व पास हुवे। इसी प्रकार इंटरनेशनल कोचिंग कोर्स व बी लाइसेंस की परीक्षा में परिचय मिश्रा सफलता पूर्व पास हुवे साथ ही बेल्ट ग्रेडिंग में परिचय मिश्रा इंटरनेशनल बेल्ट ग्रेडिंग थ्री लाइन आलोक देवांगन टू लाइन साथ ही तेजस्विनी राठौर दामन साहू व शिवेंद्र सिंह सफलता पूर्व पास हुवे। इस उपलब्धि पर जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी राजेन्द्र सोनी, अमित तिवारी, आलोक गुप्ता, शरद पंसारी, आलोक मिश्रा, तरुण सेंन, द्रोण ध्रुव, कुराश एसोसिएशन के सह सचिव अनिल सिंह, विजय नाग, आरडेन्सी क्लब के संचालकगण संतोष पांडेय, रविन्द्र शर्मा, कोमल शर्मा, प्रशांत वर्मा, श्रेणिक गोलछा, पुष्पा राठौर, आशीष राठौर, मन्नू बांठिया, दीपक कन्नौजे, भूपेंद्र साहू, कुलवंत मांडे ने बधाई दी।

# भारतीय मजदूर कांग्रेस की अध्यक्ष बनी अंजली बघेल



**बलौदाबाजार।** अंजली बघेल बनी भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष बलोदा बाजार बलौदा बाजार नगर की कांग्रेस नेत्री अंजलि बघेल को कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष महिला अंजली बघेल को बनाया गया है अंजली बघेल को महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बलौदा बाजार के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं नेताओं एवं आम लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में खिलावन जयसवाल राजेश मिश्रा केके वर्मा पूर्व विधायक जनक राम वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा राकेश टंडन एल्डरमैन सुखदेव साहू जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यादव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर महामंत्री गोपी साहू चैतराम साहू परमेश्वरी साहू कालिंद्री वर्मा दीपक साहू विद्या भूषण शुक्ला पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन पार्षद रूपेश ठाकुर कांग्रेस नेता गंभीर ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विक्रम गिरी सरपंच दीनदयाल साहू खमरिया यादव सरपंच बंशीलाल टंडन का सरपंच मीरा बाई निषाद सरपंच संघ के अध्यक्ष आनंद बंदे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा मोती वर्मा देवेंद्र पात्रे दिनेश यदु गोविंद पात्रे गौतम ठेठवार अर्जुन सेन दिगंबर साहू संतोष यादव सेवा दल प्रमुख सहित तमाम कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं आम जनता ने उन्हें बधाइयां दी हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Office Phone :- 07727-296695 Email ID:- ee-res.abhanpur@gmail.com

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-12 //**

**(प्रथम बार)**

क्रमांक/1742/निविदा/ग्रा.यां.से./2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 24/06/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 08.07.2022 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 103258 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम-सकरी, वि.ख. सिमगा | 17.47 | 08.07.2022 |
| 103459 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम-सलौनीकला, वि.ख. बिलाईगढ़ | 11.95 | 08.07.2022 |

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 24.06.2022 से देखी जा सकती है।

(ए.के.देवांगन)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां.सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबार-भाटापारा (छ.ग.)

G- 92494/4

# सीएम भूपेश ने किया हाईटेक नर्सरी का लोकार्पण व कदंब का पौधा भी लगाया

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com









मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन के सिकोला में स्थित हाईटेक नर्सरी का लोकार्पण किया। 3 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से बनी इस नर्सरी में नेचुरल वेंटिलेटेड शेड नेट के चलते पौधे 5 गुना से 50 गुना तक वृद्धि दर्ज कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कदम्ब का पौधा लगाया। साथ ही स्वसहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा भी की और इनके साथ फोटो ली। उन्होंने नर्सरी का अवलोकन भी किया। हाईटेक नर्सरी की विशेषता है कि यहां पर एग्जॉटिक पौधों का रोपण भी हो सकेगा। वन विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां ग्रीन हाउस फैन कूलिंग की सुविधा भी है। इससे एग्जॉटिक पौधों की रोपणी में भी मदद मिलेगी।

एग्जॉटिक पौधों के आरंभिक रिवाइवल में काफी कठिनाई होती है। नर्सरी के वेंटिलेटेड नेट के चलते यहां के सुरक्षित वातावरण में एग्जॉटिक पौधों को प्रतिरोधक क्षमता मिल पाएगी। इसके साथ ही पाली हाउस में बीजों का अंकुरण भी कम समय पर होगा। अधिकारियों ने बताया कि पाली हाउस में बीजों का अंकुरण कम समय पर हो जाएगा। तापमान और आर्द्रता के नियंत्रण के माध्यम से यह संभव हो पाएगा। इन पौधों पर कीट पतंगों का प्रकोप भी नहीं होगा। अक्सर कीट पतंगों के चलते पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है और आरंभिक स्तर पर कीट पतंगों के नुकसान से पौधों को बचाना कठिन हो जाता है। ड्रिप के माध्यम से उर्वरकों का प्रयोग भी आसानी से हो पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाईटेक नर्सरी के माध्यम से बड़े पैमाने पर पौधे उगाए जा सकेंगे। इससे पौधरोपण के कार्य को बढ़ावा मिलेगा और तेजी से हरियाली प्रसार की दिशा में काम किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि परिसर में बाउंड्री वॉल, फॉरेस्ट गार्ड क्वार्टर, एडमिन ब्लॉक, सपोर्ट बिल्डिंग सिंचाई व्यवस्था का निर्माण भी किया गया है। यहां 50 हजार पौधों की तैयारी आरंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यहां काम कर रही स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ फोटो भी खिंचाई और उनसे कहा कि पौधरोपण के कार्य को तेजी से बढ़ावा देना है। इस नर्सरी के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को आसानी से पौधे प्राप्त हो पाएंगे और पाटन क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों का उत्पादन तेजी से बढ़ेगा। इस दौरान पर्यावरण एवं वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पाटन क्षेत्र के निवासियों के लिए हाईटेक नर्सरी बेहतरीन सुविधा होगी। इसके चलते यहां फलोद्यानों के विकास में भी मदद मिलेगी। हाईटेक नर्सरी होने से एग्जॉटिक पौधों के बड़े मार्केट की संभावना भी पाटन क्षेत्र में तैयार होगी। इस दौरान पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी, सीसीएफ बीपी सिंह, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव वन मंडल अधिकारी शशि कुमार एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना के तहत 7500 लोगों को मिला लाखों के छूट का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महापौर नीरज पाल की पहल से पांच धन्वंतरी मेडिकल स्टोर खुल चुके हैं जहां पर सस्ती दरों में उच्च गुणवत्ता की दवाइयां लोगों को प्राप्त हो रही है। वही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी लोग धन्वंतरी मेडिकल स्टोर भिलाई में आकर दवाइयां खरीद रहे है। कुछ समय पूर्व से छत्तीसगढ़ के आखिरी छोर बीजापुर से एक व्यक्ति मेडिकल का रेगुलर ग्राहक बना हुआ है, अशोक प्रधान कुमार ने मेडिकल में दवाई लेते हुए बताया कि बीजापुर में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर नहीं होने के कारण जब भी भिलाई आने का मौका मिलता है मैं 3 महीने का स्टॉक लेकर अपने निवास बीजापुर जाकर दवाइयों की जरूरतों को पूरा करता हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का आभार जताया कि ऐसी योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है जिसमें छूट के साथ अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां प्राप्त हो रही है। ऐसे ही कई हितग्राही है जो बाहर से आकर भी भिलाई से दवाई खरीद कर अपने सेहत का ध्यान रख रहे हैं। स्वास्थ्य की दिशा में यह एक ऐसी अभिनव पहल है कि कमजोर वर्ग आय तक दवाई की पहुंच हो और सभी स्वस्थ रह सके, इस योजना से अब तक 7500 लोगों को तकरीबन 10 लाख की छूट का लाभ मिल चुका है, वही दवाइयों के स्टॉक में भी वृद्धि की गई है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे मेडिकल स्टोर कि सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं, वही इसकी मांग एवं जरूरतों के मुताबिक मेडिकल स्टोर्स खोले जा रहे है तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सेक्टर 9 में भी मेडिकल स्टोर खोला जाएगा, इसकी तैयारी निगम जोर शोर से कर रहा है शीघ्र ही अस्पताल में आने वाले तथा अन्य नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक मेडिसिन का लाभ यहां से मिलेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण फ्री में इलाज और मुफ्त दवाई भिलाई निगम के विभिन्न वार्डो में मोबाइल मेडिकल यूनिट के शिविर लगाकर किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण आयुक्त प्रकाश सर्वे कर रहे है आज उन्होंने टाटा लाइन सियान सदन कोहका के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली, इस दौरान किस प्रकार के मरीज ज्यादा आ रहे है, इसकी जानकारी भी आयुक्त ने ली।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**दुर्ग।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर रोकथाम की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अपराधों पर नियंत्रण हेतु जारी अभियान के तहत आबकारी टीम द्वारा लीलाधर यादव आत्मज निर्मल यादव गुड़यारी तहसील पाटन के पास से 188 नग पाव (51.840 बल्क लीटर) देशी मदिरा, होटल मार्क क्लब रिसोर्ट रिसाली भिलाई में बिरेन्दर ठाकुर आ. विनोद ठाकुर व मैनेजर जटा शंकर पाठक आ. महेश्वर पाठक द्वारा बिना लायसेंस के क्लब बार का संचालन करते पाए जाने पर विदेशी मदिरा 100 पाईपर, बकार्डी रम, ब्लैक लेबल, एब्सलूट, ब्लैकबेरी, सूला वाईन, केटल वन, मैजिक मोमेंट, बैलनटाईन, ब्लेण्डर, सिंगनेचर, रेड लेबल, ब्रीजर, इन विभिन्न ब्राण्डों के कुल 14.370 बल्क लीटर तथा बडवाईजर, सिम्बा एवं हेनिकेन बीयर के कुल 9.850 बल्क लीटर जप्त कर आरोपियों को आबकारी अधिनियम कें अंतर्गत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है।

## भिलाई निगम क्षेत्र में लगा पहला आधुनिक वाटर एटीएम, 24 घंटे मिलेगा शुद्ध और ठंडा पानी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



शुद्ध पेयजल शहर सरकार की पहली प्राथमिकता है। बीएसपी के टाउनशिप एरिया में जब शुद्ध पेयजल का संकट हो तो ऐसी परिस्थिति में भिलाई नगर निगम द्वारा आधुनिक वाटर एटीएम की स्थापना करना अपने आपमें एक सुखद व राहतभरी खबर है। निगम प्रशासन की मंशा है कि शहर के टाउनशिप व पटरीपार के निवासी को पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध करा सकें। इसके लिए निगम प्रशासन सदैव प्रयासरत रही है।

विधायक देवेंद्र यादव व महापौर नीरज पाल के पहल से 24 घंटे शुद्ध एवं ठंडा पानी मिलने वाले एडवांस तकनीक का एटीएम सेक्टर 05 में प्रथम चरण में शुभारंभ किया गया आगे इसे विभिन्न वार्डों में विस्तार किया जाएगा। वाटर एटीएम के उदघाटन अवसर पर महापौर पाल ने कहा कि भिलाई की जनता को आधुनिक एटीएम की सौगात मिली है। निगम क्षेत्र में शुद्ध पेय जल प्रदाय करने वाटर एटीएम शुरू किया गया है जल्द निगम क्षेत्र के अन्य स्थानों में आधुनिक वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। इस अनूठे वाटर एटीएम में पानी को प्यूरीफाई करने आरओ और एल्कलाइन तकनीक का इस्तेमाल होगा जिससे पानी में सभी प्रकार के मिनरल मिल सके। नागरिक 24 घंटे कभी भी निःशुल्क प्यूरीफाईड पानी ले सकेंगे। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा वाटर एटीएम को लेकर शहर के नागरिकों की मांग आज पूरी हुई। आधुनिक वाटर एटीएम को अन्य स्थानों में भी लगाया जाएगा। इससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध काफी आसान होगी। उल्लेखनीय है कि निगम वाटर एटीएम लगाकर क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध कराकर भागीरथी की तरह भूमिका का निर्वाहन कर रही है।

# इंद्रिरा मार्केट में चला निगम का कब्जा हटाओ अभियान 50 से अधिक दुकानों में समान हटाने की कार्रवाई

**■ अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग, ग्लो साइन बोर्ड, ठेले आदि को हटाकर सड़क, फुटपाथ को निगम ने अतिक्रमण मुक्त कराया**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण के विरुद्ध निगम ने अभियान छेड़ रखा है प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने अपने टीम के साथ पहुँचकर इंद्रिरा मार्केट में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग,ग्लो साइन बोर्ड, ठेले, सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान फुटपाट पर समान निकालकर बेचने व आदि को हटाकर सड़क, फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया कार्यवाही इंद्रिरा मार्केट से लेकर स्टेशन रोड, फ़रिश्ता कम्प्लेक्स, पोलसाय पारा अग्रेसन चौक तक अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम के अतिक्रमणदस्ता ने बड़ी कार्रवाई की। दुकान के बाहर अतिक्रमण करके सड़क-फुटपाथ पर सामान फैलाकर दुकानदारी करने वालों के खिलाफ नगर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दुकान के बाहर सड़क व फुटपाट पर समान फैलाकर दुकानदारी न करें वरना जब्त की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान राजू सूर्या, राजू सागर, राजेश डग्गार, उमेश पात्रे, मन्नी मन्हारे मौजूद थे।

# शहीद पार्क में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीरिडिंग जोन, पढ़ाई के लिए मिलेगा अनुकूल माहौल



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

**■ विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने किया भूमि पूजन**

भिलाईवासियों को जल्द ही ऑक्सीरिडिंग जोन की सौगात मिलने वाली है इसके लिए विधायक एवं महापौर ने भूमिपूजन कर ऑक्सीरिडिंग जोन के निर्माण के लिए नींव रखी। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 05 में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज की पहल से बनने वाला परिसर प्रदेश में बने अन्य लाईब्रेरी से हटकर होगा, गार्डन के हरे भरे वातावरण के बीच पूर्णतः वातानुकुलित माहौल में पढ़ाई करने का माहौल रहेगा। एजुकेशन हब के रूप में भिलाई की पहचान में इस यूनिक रिडिंग जोन के बनने से भिलाई के गौरव में एक और सितारा जुड़ेगा। सेक्टर 05 के शहीद गार्डन में बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन हुआ जहां वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भिलाई एजुकेशन हब होने के कारण बड़ी संख्या में यहां बाहर से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते है तथा स्थानीय विद्यार्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए है उनके लिए ऑक्सीरिडिंग जोन बेहद लाभकारी होगा। पढ़ने लिखने के लिए अच्छा माहौल मिलेगा तो भिलाई के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे। महापौर नीरज पाल ने कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को देखते हुए ऑक्सीरिडिंग जोन बनाने की प्लानिंग की गई है।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इसकी घोषणा गई थी अमल करने आज भूमिपूजन किया गया, प्रदेश में यूनिक तरह से बनने वाले ऑक्सीरिडिंग जोन में पढ़ाई के लिए अनुकुल माहौल मिलेगा जहां शहर के साथ अन्य जिले या प्रदेश के बाहर से आकर हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वालों के लिए बेहद कारगार साबित होगा। कार्यक्रम में निगम के पीडब्ल्यूडी प्रभारी एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्य रीता सिंह गेरा, नरसिंग नाथ, महापौर के निज सचिव वसीम खान, निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, उप अभियंता श्वेता महेश्वर उपस्थित थे।

**ऑक्सीरिडिंग जोन में खासियत**

ऑक्सीरिडिंग जोन पूरी तरह से वातनुकुलि रहेगी जिससे पढ़ाई के दौरान गर्मी बाधा न बने, छोटे बड़े सभी वर्गों के लिए न्यूज पेपर एरिया, कॉफ्रेन्स एरिया, छोटे बच्चों के लिए मनोरंजक तरीके से पढ़ने सीखने के लिए चिल्ड्रन रीड एरिया, इसके साथ ही रिडिंग के दौरान एक बेहतर माहौल बनाने ताकि पढ़ाई में ध्यान बना रहे इसके लिए ऑक्सीरिडिंग जोन का डिजाइन ऐसा तैयार किया गया है कि रिडिंग के दौरान वाटर फॉल और ग्रीनरी का नजारा दिखाई देगा जिससे एक सुकुन की अनुभूति होगी। परिसर में वॉशरूम सुविधा के साथ एलईडी टीवी स्क्रीन की अवधारणा के साथ रीडिंग जोर तैयार किया जाएगा।

## मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के घर पहुंची भाजपा नेताओं की टीम, जिला अध्यक्ष वर्मा ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार गरीबो के लिए समर्पित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8 साल के उपलब्धि भरे कार्यकाल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार देशभर में चलाए जा रहे हैं लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत बोरसी क्षेत्र मे बने गरीबों के पीएम आवास के लाभार्थियों के घर पहुँचकर भाजपा नेताओं ने उनके हाल चाल पूँछकर अनुभव साझा किया कसारीडीह बोरसी मंडल भाजपा अंतर्गत बोरसी भाठा के शीतला पारा में बने प्रधानमंत्री आवास मोर मकान मोर जमीन के लाभार्थियों के घर सम्पर्क अभियान में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भी स्वयं उपस्थित रहे उनके नेतृत्व में पहुचे जिला व मंडल पदाधिकारियो ने कच्चे व खपरैल मकानो के स्थान पर अब सुंदर व्यवस्थित रूप से बनाए गए पीएम आवास के लाभार्थियों से सम्पर्क कर उन्हें श्रीफल देकर मकान बनने के बाद उनके जीवन मे आए बदलाव की जानकारी लेकर दुसरो को प्रेरित करने उनके अनुभवों का वीडियो संदेश बनाया गया इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष सोनी मंत्री दिनेश देवांगन नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा मंडल अध्यक्ष सतीश समर्थ पूर्व अध्यक्ष विनायक नातू महामंत्री पोषण साहू राकेश यादव उपाध्यक्ष सुनील साहू पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज यादव,लाकेश साहू पूर्व पार्षद मूलचंद साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष अहिल्या यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल कुमावत आईटी सेल मंडल संयोजक मनोज कुमार यादव, कौशल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे हैं लाभार्थी संपर्क अभियान में बोरसी भाठा के डबरा पारा पहुचे भाजपा नेताओं ने पीएम आवास के तहत पक्के मकान बनाए रामकुमार मरकाम,फूलसिंह साहू,खिलावन यादव,छोटू पटले सहित अनेक हितग्राहियो से मुलाकात कर मकान बनने से उनके व पारिवारिक जीवन में हुए असर को जाना इस दौरान लाभार्थियों ने बताया कि पक्के घर बनने के पूर्व उनके मकान कच्छड़ व खपरैल होने के कारण भारी परेशानियों से गुजरता था बरसात के दिनों में घरों में पानी टपकता था और बंदरो के कूदने से घर के छप्पर टूट जाते थे और परिवार में अच्छे जगह रिश्तेदारी नही होती थी।

## प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का कलेक्टर चन्दन ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**कांकेर।** कलेक्टर चन्दन कुमार ने कांकेर विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय माटवाड़ा मोदी एवं नरहरपुर विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला जुनवानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक एवं बच्चों की दर्ज संख्या तथा उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं कक्षा में बच्चों को गणित एवं अंग्रेजी विषय पढ़ाकर बच्चों के लर्निंग-आउट-कम को जाना तथा शिक्षा स्तर सुधारने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिये। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार के निरीक्षण दौरान प्राथमिक शाला माटवाड़ा मोदी में 25 में से 24 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण की जानकारी ली तथा कक्षा 3री, 4थीं, 5वीं के बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाया।

# महापौर ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण कर नदारद कर्मचारियों को दी अंतिम चेतावनी कहा-नहीं सुधरे तो होगी एक पक्षीय कार्यवाही, कार्यालय पहुंचने के बाद प्रत्येक शाखा में दबिश

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



महापौर शशि सिन्हा ने लंच के बाद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टेबल से नदारद कर्मचारियों की खबर ली। आधा दर्जन से ज्यादा अधिक कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दोबारा गायब रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान सभापति केशव बंछोर भी साथ थे।

महापौर दोपहर 3 बजे कार्यालय पहुंची। वे सभापति केशव बंछोर के साथ निगम कार्यालय के लोक निर्माण विभाग, वित्त विभाग, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ऐसे आधा दर्जन कर्मचारियों को तलब किया जो लंच का बहाना करते कार्यालय से बाहर थे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दोबार कार्य में लापरवाही करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य सनीर साहू, परमेश्वर, पार्षद विनय नेताम, चन्द्रप्रकाश निगम, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।

**कटेगा वेतन**

निरीक्षण के दौरान महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि अगर कोई भी कर्मचारी बिना सूचना के गायब रहता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। एक दिन गायब रहने पर वेतन कटौती की जाएगी। एक से अधिक दिन गायब रहने पर संबंधित कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषप्रद जवाब नहीं होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**आयुक्त को दी जाएगी जानकारी** : महापौर शशि सिन्हा ने निरीक्षण के बाद कहा कि जो भी कार्यालय समय में नदारद थे उनकी सूची वे आयुक्त को देंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों के अभाव में पीड़ित नागरिक बैरंग लौटे यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी या तो विधिवत अवकाश का आवेदन देकर गायब रहे अन्यथा अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र का संकट विकास की लड़ाई

**महाराष्ट्र** में संकट गहरा गया है, जहां ठाकरे के वंशज तथा उनके विरोधी बालासाहेब की विरासत के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महाराष्ट्र का राजनीतिक नाटक हर घंटे के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। लेकिन भय है कि यह बहुत जल्दी बहुत गंदा हो सकता है। वास्तव में शिवसेना अध्यक्ष व



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थकों ने विद्रोही शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे व उनके समर्थकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। विद्रोहियों के बैनर फाड़े गए हैं, कुछ स्थानों पर पत्थर फेंके गए हैं तथा पुणे में एक विधायक के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई है। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ठाकरे इतने व्यापक विद्रोह के शुरुआती भयानक झटके से उबर गए हैं और उन्होंने मजबूती से संघर्ष का निर्णय किया है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब पार्टी में उल्लेखनीय स्तर का विरोध हुआ हो। दिसंबर, 1991 में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के विश्वासपात्र छगन भुजबल ने पार्टी तोड़ी थी। अन्य पिछड़े वर्ग या ओबीसी के भुजबल शायद मंडल लहर चलाने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन पार्टी मजबूत व एकजुट बनी रही। 2005 में नारायण राणे के विद्रोह ने भी पार्टी को तोड़ने में सफलता नहीं पाई थी और यही स्थिति थोड़े समय बाद राज ठाकरे के विद्रोह के साथ हुई। लेकिन उस समय शेर से तुलना किए जाने वाले बाल ठाकरे जीवित व पूर्णतः सक्रिय थे। लेकिन राजनीतिक टिप्पणीकार बड़ी दिलचस्पी व उम्मीद से देख रहे हैं कि क्या उनके बेटे इस उभरते तूफान का मुकाबला कर सकते हैं? वे अपने पिता या यहां तक कि अपने चचेरे भाई राज ठाकरे की तरह आक्रामक नहीं हैं। अक्सर उनको आम शिवसेना नेता के सौम्य प्रतिरूप की तरह पेश किया जाता है जिसकी दिलचस्पी वन्यजीवों की फोटोग्राफी में है। क्या वे सड़क पर संघर्ष करने वाले एकनाथ शिंदे जैसे नेता का मुकाबला कर सकेंगे जो कार्यकर्ता से प्रगति करते हुए नेता बने हैं? हालांकि, उम्मीद के साथ भय की भावना मिली हुई है क्योंकि शिवसेना के नेताओं में अपने विरोधियों के प्रति धैर्य व सहिष्णुता का गुण कम होता है। सौभाग्य से सामान्य पार्टी कामकाज बनाए रखा गया है। शनिवार को उद्धव ठाकरे ने पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लिया जिसमें उनके समर्थक एकत्र हुए। आश्चर्य नहीं कि उन्होंने उद्धव को पार्टी संबंधी सारे निर्णय लेने के लिए अधिकृत कर दिया। इस बैठक में जोर दिया गया कि केवल शिवसेना, यानी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला समूह ही बालासाहेब ठाकरे का नाम प्रयोग कर सकता है। इसके साथ ही 16 विद्रोही विधायकों के खिलाफ इस आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का फैसला किया गया कि उन्होंने सप्ताह की शुरुआत में उद्धव द्वारा बुलाई पार्टी बैठक में भाग नहीं लिया था। इस बीच शिंदे के समर्थक इसे गलत बताते हुए तर्क दे रहे हैं कि रांकापा नेता व उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल 16 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के योग्य नहीं हैं क्योंकि उनको हटाने की याचिका लंबित है। बताया जाता है कि विद्रोही कानूनी सलाह ले रहे हैं। इस बीच शिंदे ने स्वयं को 'हिंदुत्व विजेता' के रूप में पेश किया है। एक ट्वीट में उन्होंने शिवसैनिकों से प्रार्थना की है कि वे 'महा विकास अघाड़ी-एमवीए की योजना समझें'। उन्होंने दावा किया है कि वे 'शिवसेना व शिवसैनिकों को उसके पंजों से मुक्त कराने के लिए ड्रैगन से लड़ाई लड़ रहे हैं।' यह प्रतीक निश्चित रूप से मजेदार है, पर सवाल है कि उद्धव ठाकरे अब भी मुख्यमंत्री हैं तथा प्रशासन और पुलिस पर उनका नियंत्रण है। ऐसे में केवल उम्मीद की जा सकती है कि शिवसेना के भीतर जारी लड़ाई और नीचे तक नहीं गिरेगी।

# स्वतंत्रता माह मनाए पूरा देश

## लोग अपना जन्मदिन मनाते हैं, पर एक राष्ट्र को अपनी स्वतंत्रता प्राप्ति का उत्सव एक दिन के बजाय पूरे एक महीने मनाना चाहिए।



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक सृजनात्मक निर्देशक हैं)



किसी अवधारणा को बेहतर ढंग से समझने के मामले में हम सोचते हैं कि एक अकेले वाक्य के बजाय एक अनुच्छेद बेहत भूमिका निभा सकता है। इसी प्रकार हम कहते हैं कि बेहतर कौशल विकास के लिए हमारे अभ्यास सत्रों के लंबे होने की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार जब हम किसी चीज के लिए अधिक समय देते हैं तो उम्मीद करते हैं कि पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। आमतौर से हमारे दिमाग में 'एक या दो दिन' की अभिव्यक्ति थोड़े समय के रूप में होती है। 'दिन' बहुत अधिक परिचित शब्द है और हम इतनी लापरवाही से इसका उपयोग करते हैं कि शायद ही कभी इसे गंभीरता देते हों। यह समय मामन की महत्वपूर्ण इकाई है। सवाल है कि जब लोग अपना जन्मदिन एक दिन मनाते हैं तो क्या एक राष्ट्र को अपनी स्वतंत्रता केवल एक दिन के बजाय एक महीना नहीं मनानी चाहिए? अनेक प्रकार के संगठनों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे एक दूसरे से अलग तथा किए गए काम के आधार पर अपने आप में विशिष्ट हैं। आपने सुना होगा कि हमें अपने देश में अनेकानेक अन्य आंदोलनों व बलिदानों को समुचित सम्मान देना चाहिए। ऐसे में विभिन्न विचारों वाले सप्ताहों को जोड़ कर एक स्वतंत्रता माह में अलग-अलग दिन निर्धारित कर स्वशासन के विभिन्न आयामों को पहचाना व सम्मान दिया जा सकता है। इससे जनता में ज्यादा राजनीतिक जागरूकता फैलाने में भी सहायता मिलेगी। हालांकि, आधिकारिक व समारोही महत्व वाले दिनों में कार्यक्रम होते हैं, पर व्यावहारिक रूप से स्वतंत्रता का अर्थ बिना औपनिवेशिक छाप के अपनी पहचान बनाना है। इसका अर्थ है कि हमारी विधायिकायें संप्रभु हैं, सशस्त्र सेनाओं के हमारे अपने प्रमुख हैं, हमारा अपना निर्वाचन आयोग, शोध की अनेक भारतीय परिषदें, हमारे केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा ऊर्जा व अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय निगम हैं। इनमें से प्रत्येक के बारे में बात करने और उनकी प्रगति का उत्सव मनाने का काम ज्यादा विस्तार से किया जाना चाहिए, जबकि एक अकेले दिन लगभग तीन घंटे के समय में उनकी कुछ झांकियां पेश की जाती हैं। इस प्रकार स्वतंत्रता माह के माध्यम से समृद्ध, लंबा व ज्यादा सूचनादायक अनुभव प्राप्त होगा। प्रगति पर अनेक प्रकार की प्रदर्शनियों के आयोजन का अवसर न केवल नागरिकों को ऊर्जा क्षेत्र, दूरसंचार व आईटीईएस क्षेत्र, अंतरिक्ष क्षेत्र, आदि के बारे में सूचना देने का काम करेगा, बल्कि इससे नौजवानों को सहायता भी मिलेगी। हालांकि, तर्क के लिए कोई कह सकता है कि क्षेत्र में हमसे दूने इलाके व लगभग दूनी जनसंख्या वाला देश एक ही दिन यह उत्सव मनाता है जहां अनेक परेडें तथा आतिशबाजी होती है। लेकिन उनका स्वतंत्रता संघर्ष अनेक उल्लेखनीय चीजों के बावजूद बिल्कुल अलग था। यह कुछ युद्ध क्षेत्रों तक सीमित था और मूलभूत रूप से उसका नेता एक था। उनका देश कई दशकों में मुख्यभूमि के अलावा अन्य क्षेत्रों में फैला और मुख्य स्रोत के रूप में वह प्रगतिशील पश्चिमी यूरोप की विचारधारात्मक सोच पर निर्भर रहा। इस प्रकार जहां हम अमेरिका के खास इतिहास का सम्मान करते हैं, यह देखना सहज है कि औपनिवेशिक शक्तियों के खिलाफ हमारा स्वतंत्रता संघर्ष एक अलग किस्म की प्रक्रिया थी। हमारे भूगोल व प्राचीन विरासत को देखते हुए हमारी संवैधानिक भावना में पश्चिमी तथा स्वदेशी ढांचे के तत्व शामिल थे। समान रूप से अमेरिका के संस्थापकों की तरह हमारे पास भी अत्यन्त उल्लेखनीय व दूरदर्शी-भविष्योन्मुखी टीम थी। वास्तव में संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में बहुत अधिक सूचनाओं का साझा किया जा सकता है। शुरुआत से ही भारतीय गणतंत्र का एक मजबूत समावेशी उन्मुखीकरण था। राष्ट्रीय व राज्य स्तरों पर कैबिनेटों में वंचित व हाशियाकृत समुदायों के लोगो को शामिल किया गया था जिनमें आर्थिक व राजनीतिक गतिविधियों से बहुत दूर स्थानों के लोग भी थे। इसके उलट सचिवालयों व प्रतिनिधि सभाओं में देशी अमेरिकनों की उपस्थिति बहुत विरल थी। उनके प्रतिनिधित्व के लिए पहल केवल 1924 में शुरू हुई और अधिकांश राज्यों में मतदाताओं के रूप में उनको अधिकांश राज्यों में भाग लेने के लिए 1965 तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। हमारी अपनी व्यापक विविधता तथा अनेक क्षेत्रीय व विशिष्ट संस्कृतियों को देखते हुए भारत शुरुआत से ही अपनी राजनीतिक संस्कृति के रूप में ज्यादा प्रतिनिधिक रहा है। हालांकि, बहुत अधिक काम करना बाकी था, लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के तीन साल के भीतर ही संविधान मंजूर करने से हमें प्रारम्भ से ही तेज गति मिली। इसमें बहुलतावाद तथा सिद्धान्तों का सह-अस्तित्व मिलता है। इसके साथ ही औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देते हुए भी साथी मनुष्यों द्वारा मुनाफे के लिए अन्य लोगों का शोषण रोकने हेतु भी कुछ प्राविधान हैं। राज्य ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यावहारिकता का प्रदर्शन किया। व्यापक कल्याणकारी दृष्टिकोण के साथ ही नियोजन का माडल तीसरी दुनिया के देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करता था। यह जल्द ही औपनिवेशिक दासता से मुक्त देश के लिए उचित था जिसने लगभग सभी नीतिगत मामलों में 'मध्यम मार्ग' अपनाया। उस समय वैज्ञानिक सोच व सबके लिए आधुनिक शिक्षा की पैरोकारी भी की गई। इस सोच में उपभोक्तावाद तथा आध्यात्मिकता समानान्तर चलती रहीं। इस प्रकार ऐसी पसंद निर्धारित करने वाले नेताओं व विशेषज्ञों की पीढ़ी ऐसी पीढ़ी थी जो ज्ञान व व्यावहारिक अनुभव का दावा कर सकती थी। हालांकि, ये सिद्धान्त ऐसे थे जिनमें भविष्य में परिवर्तन की ज्यादा आवश्यकता नहीं थी। हमने अब तक जो प्राप्त किया है, वह संकुचित नहीं है तथा इसमें आई कमियां खराब क्रियान्वयन के कारण हैं। इस प्रकार एक महीने का समय केवल उत्सव के लिए नहीं होगा। यह राष्ट्रनिर्माताओं को धन्यवाद के साथ अपनी न्यायोचित राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता पुनर्जीवित करने व इसकी पुष्टि के लिए भी होगा। हमारे बीच अब ऐसे लोग नहीं हैं जो बता सकें कि 1947 के पहले क्या स्थिति थी। यूरोपियनों का वर्चस्व, उस समय प्रशासन में अत्यधिक सीमित सहभागिता तथा सभी क्षेत्रों में अनुपयुक्त ढांचागत संरचना जैसी चीजें काफी समय पहले भुला दी गई हैं। हमारे वर्तमान अधिकारों व स्वतंत्रताओं की कल्पना दशकों पहले की गई थी और अनुमान लगाया गया था कि उनको 75 साल बाद प्राप्त कर लिया जाएगा। परिवारों व नागरिकों के रूप में स्वतंत्रता की भावना हमें यह सोचने को प्रेरित करती है कि इसे व्यावहारिक रूप से कैसे बनाए रखा जाए। आर्थिक स्वतंत्रता का एक महत्वपूर्ण आयाम है जिसे गांधीजी ने रेखांकित किया था। अमेरिका में बड़ी संख्या में आम लोग आवास, स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा की आवश्यकतायें पूर करने के लिए भारी कर्ज के बोझ से दबे हैं। इसका एक छोटा हिस्सा क्रेडिट कार्डों के माध्यम से हे, पर अधिकांश का कारण समाज में समझ की कमी तथा वह दृष्टिकोण अपनाने के कारण है जहां लोगों को पहले उपभोक्ताओं और इसके बाद ही मनुष्यों की तरह देखा जाता है। छात्रों पर कर्ज तथा विश्वविद्यालयी शिक्षा पर तेजी से बढ़ता खर्च अवसर व सामाजिक गतिशीलता में भारी बाधायें हैं। इससे हमें वह याद करने में सहायता मिलती है जिसे अक्सर भुला दिया जाता है। अपनी स्वतंत्रता का उत्सव मनाने के साथ ही हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम स्वतंत्र पैदा होते हैं और रूसो के लोकप्रिय कथन के अनुसार हम बाद में ही जंजीरों से बंधते हैं। भारत में विकेन्द्रीकरण ने एक साम्राज्यवादी शक्ति द्वारा हमारे प्राकृतिक संसाधनों की डकैती रोक दी थी। इससे हम प्रतिनिधिक सरकार के आधुनिक युग में पहुंच गए और हमने समावेशी विकास का रास्ता अपनाया। इसने अतीत की जंजीरें तोड़ दीं तथा इसके साथ ही समाज के सभी वर्गों में समृद्ध व प्रगतिशील भविष्य क सपना पैदा किया। संविधान में उल्लिखित निर्देशक सिद्धान्त हमें विभिन्न वंचनाओं से पीड़ित बड़ी संख्या में लोगों को ऊपर उठाने का निर्देश देते हैं, जिनकी हालिया पीढ़ियों की परिस्थितियों में बहुत कम या कोई सुधार नहीं हुआ है। एक सामाजिक-आर्थिक अंतर है जिसे सकारात्मक सरकारी एजेंडा भर सकता है। इसके बावजूद स्वतंत्रता का यह अर्थ भी है कि सभी लोगों को कर्जदार बनाने के बजाय उनको कर्ज से बाहर रखा जाए। हम स्वयं को मिले समर्थन के बदले अनेक छोटे-छोटे तरीकों से राष्ट्रीय हित की पूर्ति करते हैं। अमेरिकन राष्ट्रपति जे.एफ. कैनेडी ने 1961 में व्हाइट हाउस के उद्घाटन भाषण में कहा था, 'पूछें, आप अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं।' 31 दिन का स्वतंत्रता माह ऐसे सवाल पूछने और उनके जवाब खोजने के लिए काफी समय देगा।

# सड़क परिवहन उद्योग की अनकही कहानी सरकार को कर्मचारियों की परवाह नहीं

**कृपाशंकर वर्मा**
(अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय परिवहन कर्मचारी फेडरेशन)



भारत का परिवहन उद्योग हमारी अर्थ व्यवस्था एवं समाज रचना का आवश्यक अंग है। भौगोलिक दृष्टि से भारत एक विशाल देश है। इसका क्षेत्रफल 3.26 मिलियन वर्ग किलोमीटर है। इसकी जनसंख्या 130 करोड़ से ऊपर पहुंच रही है। सड़कों की लम्बाई 3314 मिलियन किलोमीटर है। सारे देश में छोटी-बड़ी सड़कों का जाल फैला हुआ है जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, जिले की छोटी एवं बड़ी सड़के मिलाकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़के भी सम्मिलित है। इस देश की भौगोलिक स्थिति में बर्फीले पहाड़, मरूस्थलों की बंजर जमीन, नदियों के किनारे, उंचे-नीचे पठार, जंगल, खेत सभी का समावेश है। इसमें सड़क परिवहन की विशेष भूमिका है। अधिकांश क्षेत्र में रेलमार्ग नहीं है। सड़क परिवहन देशवासियों को एक दूसरे से जोड़ने का कार्य करता है। रेल ज़्मार्गों की ग्रामीण क्षेत्र में कमी के कारण परिवहन के अलावा माल परिवहन भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है। माल परिवहन जीवन उपयोगी वस्तुओं तथा अन्य महत्वपूर्ण सामान को देश के कोने-कोने से लाने ले जाने का काम करता है। माल परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि बहुत से क्षेत्र हवाई मार्ग तथा जल मार्गों एवं रेल परिवहन की पहुंच के बाहर है। सरकार की नीति के कारण सार्वजनिक परिवहन उद्योग खतरे में इस उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों में सार्वजनिक परिवहन उद्योग, असंगठित परिवहन के साथ टेम्पो, आटो रिक्शा, गुड्स ट्रांसपोर्ट में माल उतारने तथा चढ़ाने वाले हम्माल भी सम्मिलित हैं। औसतन समूचे भारत वर्ष में कोई 50 लाख से भी अधिक बसे संचालित की जाती है। इसमें लगभग पांच लाख 10 हजार बसें सार्वजनिक परिवहन उद्योग की है। कुछ राज्यों में सार्वजनिक उद्योग बंद हो गये हैं एवं कुछ उद्योग बन्द होने की कगार पर हैं। कुछ सार्वजनिक परिवहन संस्थान अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद भी सार्वजनिक परिवहन उद्योग देश का सबसे बड़ा संगठित उद्योग है। सार्वजनिक परिवहन में लगभग 7 लाख से अधिक और विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर 10 लाख लोग कार्य करते हैं। इस उद्योग में राज्य सरकारों की लगभग 10 अरब की पूंजी का समावेश है। नई आर्थिक नीति से सार्वजनिक परिवहन उद्योग को भारी झटका। सरकार ने इस उद्योग को पूंजीगत सहायता देना बन्द कर दिया है। बजट में इस उद्योग को कोई सहायता नहीं दी जा रही है। सरकार ने निजीकरण तथा अनियमित बस यातायात को बढ़ावा देना प्रारंभ कर दिया है। इसमें उद्योग के संचालन में रूकावट आ रही है। इसका विकास रूक गया है एवं उद्योग का स्वरूप संकुचित हो रहा है। वास्तव में सार्वजनिक परिवहन उद्योग का अतीत गौरवशाली था किन्तु वर्तमान पीड़ा दायक एवं भविष्य अनिश्चित है। सार्वजनिक परिवहन उद्योग के कर्मचारियों के वेतन तथा सेवा शर्तों में विभिन्न राज्यों में भिन्नता है और कहीं कहीं कुछ राज्यों में अलग अलग हालात हैं। सामूहिक सौदागिरी के द्वारा राज्यवार अथवा क्षेत्रीय स्तर पर समझौते होते हैं। लगभग 60 वर्ष पहले परिवहन उद्योग के कर्मचारियों का वेतन पुर्नरीक्षित करने के लिए भारत सरकार ने एक वेजबोर्ड गठन किया था इसके पश्चात् कोई ध्यान नहीं दिया गया। कर्मचारियों की समस्या के निराकरण के लिए कोई नीति निर्धारित नहीं है। निजी क्षेत्र की बस, ट्रक तथा अन्य वाहनों की संख्या, कर्मचारियों की संख्या, पूंजी की लागत के आंकड़े उपलब्ध नहीं है। सरकार के पास भी यह जानकारी नहीं है। सरकार के पास इस क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए कोई नीति भी नहीं है। वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि बहुत पहले सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफरोड ट्रांसपोर्ट पूना की एक पत्रिका में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में 30 मिलियन वाहन है। 2-5 मिलियन वाहन प्रतिवर्ष बढ़ जाते हैं। निजी क्षेत्र का एक बहुत बड़ा मार्ग गुड्स ट्रांसपोर्ट (माल परिवहन) लगभग असंगठित है। निजी क्षेत्र के श्रमिकों को कानून में निर्धारित मजदूरी से भी कम मजदूरी मिलती है। यदि संगठित क्षेत्र से तुलना की जावे तो सेवा शर्ते भी अत्यधिक अस्त व्यस्त तथा चौका देने वाली है। समूची स्थिति अत्यधिक कष्टकारक है। कर्मचारी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। लोगों को अल्पकालीन करार पर नियुक्त किया जाता है तथा तदर्थ आधार पर वेतन दिया जाता है। उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं दिया जाता है। अभी हाल ही में भारत सरकार ने श्रम संघों के सभी सुझाओं को नजर अंदाज करते हुए एवं श्रम संघों के अनुशासित आन्दोलनों के बावजूद भी मोटर व्हीकल एक्ट 1988 तथा मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट 1961 को संशोधित कर सड़क परिवहन कर्मचारी और छोटे बस आपरेटरों को पूंजीपतियों का गुलाम बना दिया है। उल्लेखनीय है कि यथा संशोधित मोटरयान (संशोधन) अधिनियम, 2019 बस ट्रक एवं सड़क पर संचालित वाहनों को नियमित करता है तथा संलग्न कर्मचारियों को अनुशासित करता है, वही मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट 1961 में सड़क परिवहन कर्मचारियों की सेवा शर्तों का अलग अलग उल्लेख है। सरकार ने मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट 1961 को 16 प्रचलित कानूनों के साथ संलग्न कर अब एक ÷लेबर कोड ऑन ऑकुपेशनल सेफ्टी हेल्थ एण्ड वर्किंग कन्डीशन÷ के नाम से नया कानून बना दिया। इस प्रकार सरकार ने काफी सोच समझ के पूंजीवादी नीति का परिचय देते हुए सड़क परिवहन उद्योग में अपनी जान की बाजी लगाने वाले 24 घन्टे कार्य करने वाले श्रमिकों के शोषण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

## फरमाया



**लद्दाख** में स्वीकृत जम्मू कश्मीर के कानून रोजगारों व धरती के संरक्षण का काम करेंगे।

**- आर. के. माथुर**
**लद्दाख के उप-राज्यपाल**



**चीन** व भारत के साझा हित उनके टकरावों की तुलना में बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं।

**- वांग यी**
**चीनी विदेश मंत्री**



**भारतीय** साइबरस्पेस में जवाबदेही का संजाल मजबूत करना बहुत जरूरी है।

**- राजीव चंद्रशेखर**
**केन्द्रीय मंत्री**

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## कोरोना का असर

**नेचर** पत्रिका की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में करोना ने अत्यंत ही गहरा प्रभाव डाला है। मगर करोना का प्रभाव अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरह से पड़ा है। जिसमें गरीब देशों से इसका सबसे ज्यादा कष्ट उठाया है। यू ए सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड डिप्रेशन, के आंकड़ों से पता चलता है कि कोरोना महामारी में सर्वाधिक मृत्यु दर एशियाई लोगों की रही। वही गरीब देशों ने अपने नागरिकों को इलाज के अभाव में मरते हुए देखा है। वैक्सीनेशन के मामले में भी अमीर राष्ट्रों ने आवश्यकता से अधिक जखीरा संग्रहित कर लिया। जिसका खामियाजा गरीब देशों को पर्याप्त वैक्सीनेशन उपलब्ध नहीं हो पाया। जिससे उसके नागरिकों की मृत्यु दर बढ गई। अभी भी करोना के प्रभावों को लेकर कई प्रकार के अध्ययन चल रहे हैं। और आगे कुछ अर्से तक ओर चलते ही रहेंगे। जिनमे नए तथ्य सामने आएंगे। मगर यह बात तो सही है कि संकट के समय बड़े राष्ट्र पहले अपना भला सोचते हैं। और बाद में दूसरों का ।यह अंतरराष्ट्रीय संधियों में भी अपनी सामरिक सुरक्षा में सबसे बराबरी की सहभागिता चाहते हैं। मगर करोना जैसे संकटों के दौरान वह सहायता देने में अपना हाथ पीछे खींच लेते हैं। और यही इन देशों की धूर्तता दर्शाती है।

**- सुभाष बुड़ावनवाला, रतलाम**

## चालू करें पैसेंजर ट्रेनें

**रेल से** यात्रा करना आम लोगों के लिए एक सस्ता सुगम और महत्वपूर्ण साधन है। रेल सुविधाएं बढ़ाने पर सरकार को निरंतर मंथन करते रहना चाहिए। सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में रियायत देने का निर्णय लिया है। पूर्व में भी छूट प्रदान की जाती थी। किंतु कुछ माह पूर्व इसे बंद कर दिया गया था। मिडिल क्लास के वरिष्ठ नागरिकों की आय का साधन सामान्य तया पेंशन एवं सावधि जमाओ पर प्राप्त ब्याज की रकम ही होती है। यात्री किराए में राहत मिलने से सीनियर सिटीजन को लाभ होगा। रेलवे कोरोना काल से बंद अनारक्षित श्रेणी के टिकटों की बिक्री भी पुनः विंडो से चालू करने जा रहा है। आम जनता को इससे काफी सुविधा होगी। मासिक पास बनाने की प्रक्रिया को भी पुनः बहाल किया गया है। इससे अपडाउन करने वाले नौकरी पेशा वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। मोबाइल ऐप से टिकट परचेस करने की सुविधा भी रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली है। इससे स्टेशन पर लोगों को लाइन में लगकर टिकट लेने की समस्या से निजात मिलेगी। रेलवे को पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन कोरोना काल के पूर्व के नियमों के मुताबिक पूरे देश में पुनः प्रारंभ करना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी ट्रेनों में यात्रा का पूरा लाभ मिल सके।

**- ललित महालकरी, इंदौर**

## अच्छा कदम

**1997** से लेकर 2014 तक जिस गुट का नाम आठ का समूह जी-8 रखा गया था, वो 2014 में वापस जी-7 बन गया,जिसकी शुरुआत 1973 में हुई थी । रूस को इस ग्रुप से इस लिए हटा दिया गया था क्योंकि उसने यूक्रेन के क्रिमिआ संभाग में कब्ज़ा कर लिया था। जो आज भी कायम है बल्कि अबतो वो पुरे यूक्रेन पर कब्जा के लिए उसपर हमला कर चूका है। इस बार यह शिखर सम्मेलन के मेजबान, जर्मनी के रमणीय स्थल बवेरियन आल्प्स कर रहा है। सम्मलेन के पहले दिन ही इन अमीर राष्ट्रों द्वारा विकासशील देशो के लिए 7 ख़रब डॉलर देने की घोषणा की गयी है जिसे यह देश अपने आपको हरित ऊर्जा में परिवर्ती करने में खर्च कर सकेंगे। यह तो जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से लड़ने के लिए एक जरुरी कदम है, जिसे आज से 50 साल पहले ही उठा लिया जान चाहिए था। मगर जो तात्कालिक खतरा यूक्रेन के नागरिकों के ऊपर मंडरा रहा है, उस पर क्या कोई ठोस कार्रवाई होगी? इस पर लगता है फिर से अल्फ़ाज़ों के माध्यम से रूस की आलोचना की जाएगी।

**- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर**

# नई पीढ़ी को शिक्षित करेंगे तभी गढेंगा नया छत्तीसगढ़ : छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम सरदा में आयोजित विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल..माँ सरस्वती की पुजा अर्चना कर,दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम किये। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज ग्राम सरदा के शा.उ. मा. विद्यालय में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल शिक्षा विभाग बेरला द्वारा विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन रखा गया है,आज इस आयोजन में बड़ी संख्या में हमारे छात्र/छात्राएं पालकगण, ग्रामवासी उपस्थित हुए इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओ को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं माँ सरस्वती का आशीर्वाद आप सभी के ऊपर बना रहे,आप की उज्वल भविष्य की कामना करता हु,प्रवेश उत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारे नए विद्यार्थी प्रवेश लिए है,उनके उत्साह वर्धन सहित साथ ही साथ जो छात्र-छात्राये प्रवेश नही ले पाए उनके मन मे ईकक्षा जाग्रति हो सके आने वाले समय मे स्कुल में जाना है,प्रवेश लेकर पढ़ाई करना है,प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का मानना है, छत्तीसगढ़ की सही कल्पना के लिए एक नारा दिए है, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़,गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा बड़ी तेजी से क्रांति लाने की आवश्यकता है,छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी युवा शक्ति को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करेगे उतनी तेजी से गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना सकार हो पाएगी,बहुत सारी योजनाये शिक्षा के क्षेत्र में सरकार चला रही है स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना है और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल जी की सोच है कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को स्वामी आत्मानंद विद्यालय के माध्यम से बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके जिससे वह राज्य सहित देश का नाम रोशन कर सकें प्रदेश में शिक्षा की अधोसंरचना और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश में 171 अंग्रेजी माध्यम और 32 हिन्दी माध्यम स्कूलों का संचालन किया जा रहा है. हमारे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भी चार इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं एक हिंदी मीडियम स्कूल का संचालन हो रहा है, विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा नवप्रवेशी छात्र/छात्राओ को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया,बच्चों को स्कूल बस्ता, पुस्तक और गणवेश का वितरण किया एवं महिला स्व:सहायता समूहों के द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का भी निरीक्षण किए.. साथ ही हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, मौजीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, अरविन्द मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, खरे ब्लाक शिक्षा अधिकारी बेरला, खोमलाल साहू बी.आर.सी.सी. ने भी सभा को संबोधित किया इस अवसर पर हेमंत वैष्णव सदस्य जनपद पंचायत बेरला, चिताराम कोषले, जनक धीवर सरपंच, घनस्याम साहू, ऋषि साहू, नरसिंह धीवर, संदीप साहू सरपंच, भक्तुराम साहू सरपंच, दिवाकर साहू सरपंच, भारती साहू सरपंच, छोटू राम साहू,मनीष साहू, पिंटू साहू, सुरेश साहू, योगेंद्र सेन,राजू साहू, फिरोज अली, नजीर अली, उमेश साहू, सूरित साहू, गजानंद साहू, अवधेश निर्मलकर, करमदास कोषले, दाऊराम साहू, तारकेश्वर साहू, राजेश यादव, भिखुराम साहू, अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओ सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित सक्रिय गौठानों में प्रतिदिन 2 क्विंटल गोबर खरीदने के दिए निर्देश



**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना अंतर्गत नरवा विकास, बाड़ी विकास, पशुपालकों की संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर महोबे ने जिले में संचालित सक्रिय गौठानों में प्रतिदिन 02 क्विंटल गोबर खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने वास्तविक गौवंशी एवं भैंसवंशी पशुपालकों की पहचान कर पंजीयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिले के विभिन्न गौठानों में गोबर खरीदी व उठाव की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गौठानो में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण, उठाव और विक्रय की प्रक्रिया सतत् रूप से जारी रहे। कलेक्टर ने गौठानों में आवर्ति चारागाह निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली और स्वीकृत चारागाहों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में संचालित मुर्गीपालन, अंडा उत्पादन, सुकर पालन, बकरी पालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उसके समुचित संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर महोबे ने जिले में सेनेटरी नेपकिन उत्पादन के संबध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में उर्वरकों की मांग के अनुरूप पूर्ति हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर सहित कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अग्निवीर भर्ती के खिलाफ एवं ईडी का दुरुपयोग कर राहुल गांधी के ऊपर की जा रही कार्यवाही के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन



पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सशस्त्र बलों में अग्निपथ योजना अंतर्गत अग्निवीर भर्ती के खिलाफएवं ईडी का दुरुपयोग कर राहुल गांधी के ऊपर की जा रही कार्यवाही के विरोध में गुंडरदेही विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय सत्याग्रह सोमवार को अर्जुन्दा स्तिथ दाऊ चौक बाजार प्रांगण में आयोजित की गई। ततपश्चात भोजनावकाश उपरांत दोपहर 2 बजे से लोकरंग अर्जुन्दा में डिजिटल कांग्रेस मेम्बरशिप उत्कृष्ट इनरोलर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से संसदीय सचिव एवं गुंडरदेही के विधायक कुंवरसिंह निषाद, प्रदेश पदाधिकारी बीरेश ठाकुर, शाहिद खान, महमूद अली, जिला कांग्रेस बालोद की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही सुचित्रा हेमंत साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा जागृत सोनकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा संतु राम पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुंडरदेही भोजराज साहु अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी कोदूराम दिल्लीवार सहित भारी मात्रा में कांगेसी जन उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में गुंडरदेही, अर्जुन्दा, देवरी ब्लाक कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी गण, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, पिछड़ा वर्ग/ अजा/ अल्पसंख्यक विभाग/ आदिवासी कांग्रेस एवं समस्त विभाग/प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, समस्त जोन, सेक्टर एवं बूथ के सम्माननीय अध्यक्षगण, सहकारिता, नगरीय निकाय के पार्षद, एल्डरमैन, त्रिस्तरीय पंचायतीराज के निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने अपना सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## आंगनबाड़ी एवम विद्यालय की जर्जर हालातो को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

हेल्पिंग ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर कहा कि बालोद जिला के ब्लॉक डौन्डी में स्थित विभिन्न विद्यालयों एवम् आंगनबाड़ी केंद्रों की हालात काफी जर्जर स्थिति में पहुँच चुकी है। जिनमें से दो क्षेत्रो का निरीक्षण करने पर विद्यालय एवम् आंगनबाड़ी केंद्रों की हालात को बेहद नाजुक स्थिति में पाया गया है जिसमें बालोद जिला के ब्लॉक डौन्डी के ग्राम पंचायत कामता स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 जो कि वर्ष 2004 का बना हुआ है उस की हालात नाजुक स्थिति में है। इस आंगनबाड़ी केंद्र भवन की छत से प्लास्टर गिर रहा है, छोटे नौंनिहाल बच्चों के लिए बैठने हेतु पर्याप्त व्यवस्था नही है, तथा बारिश का मौसम लगते ही आंगनबाड़ी भवन में बिजली के तारों से पूरे दीवारों में करंट फैलने की संभावना है । जिसके कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पूरे बिजली के तारो को निकालकर रखा गया है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत कामता के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में नौंनिहाल बच्चों को शिक्षा देने की कोशिश की जा रही है। जो कि बच्चों के भविष्य एवम् उनके जानमाल के साथ खिलवाड़ है। इसी के साथ बालोद जिला के ब्लॉक डौन्डी स्थित ग्राम पंचायत कामता के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पेयजल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण विद्यालय के बच्चों को अपने घरों से पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय में लगे हैंडपंप के पानी मे फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने के कारण पेयजल उपलब्ध करा पाना मुश्किल है। इसके अतिरिक्त विद्यालय के भवन की छत से प्लास्टर गिर रहा है। जो कि किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। ज्ञात हो कि यह विद्यालय काफी वर्षों पुराना है। और नए विद्यालय भवन की व्यवस्था शिक्षा विभाग समय पर नही करा पाई है। जिसके कारण विद्यालय के बच्चों को खण्डर भवन में ही शिक्षा लेनी पड़ रही है। बालोद जिला के ब्लॉक डौन्डी स्थित नगर पंचायत चिखलाकसा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन की हालात पूरी तरह से खण्डर में तब्दील हो चुकी है।

## कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित तिरोला कुर्मी क्षत्रिय समाज के भवन का किया लोकार्पण

### तिरोला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com




प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान सहसपुर लोहारा में 10 लाख रूपए की लागत से तिरोला कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामुदायिक भवन का विधि-विधान से लोकार्पण किया। मंत्री अकबर ने समाज के नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास, जनपद अध्यक्ष लीला वर्मा, आभा महेन्द्र श्रीवास्तव, तिरोला कुर्मी समाज के अध्यक्ष धनुक वर्मा, परेटन वर्मा, शिवकुमार वर्मा, गिरधारी वर्मा, रूपन वर्मा, चेतन वर्मा, छोटूराम वर्मा सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री अकबर ने कहा कि आर्थिक, समाजिक, शैक्षिणिक रूप से पिछड़े लोगों की जीवन उत्थान और पिछड़े क्षेत्रों का समुचित विकास करना छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य ध्येय है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और जनहित से जुड़े मांग, समस्याओं का प्राथमिकता में निदान भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम आगे भी समाज के उत्थान और उन्हे विकास के मुख्यधारा में लाने के लिए हरसभव प्रयास करते रहेंगे।

तिरोला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रति सामाजिक समरसता के उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कृषि मंत्री ने बेमेतरा प्रवास के दौरान खाद एवं बीज के भण्डारण एवं उठाव की ली जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज सोमवार को न्यू सर्किट हाउस बेमेतरा में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिले। केबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से चालू बारिश सीजन के दौरान जिले में खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कृषि मंत्री चौबे ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना न पड़े, वर्तमान समय अभी खेती-किसानी का है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों द्वारा स्वर्णा एवं महामाया धान बीज की डिमाण्ड आ रही है। केबिनेट मंत्री ने बीज निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उक्त बीज किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन 2022 में जिले के सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 52300 मि.टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिसके विरूद्ध अबतक यूरिया 19903 मि.टन, डीएपी 9876 मि.टन, पोटास 2508 मि.टन, सुपरफास्फेट 3074 मि.टन, एवं एनपीके 7 मि.टन कुल 35368 मि.टन उर्वरक का भण्डारण सेवा सहकारी समिति में हुआ है।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में महिला सुरक्ष ऐप एवं चेतना अभियान के माध्यम से किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इस अभिव्यक्ति महिला सुरक्ष ऐप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। इसके अलावा इस ऐप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। यानी अब महिलाओं को थाने जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा महिलाएं अब अपनी सुरक्षा को लेकर सुझाव भी पुलिस विभाग तक पहुंचा सकेंगी। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल जिले के अभिव्यक्ति महिला सुरक्ष ऐप के नोडल अधिकारी के निर्देशन पर बेमेतरा जिले में अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप का व्यापक प्रचार - प्रसार किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में 27 जून को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा टीम की महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे के द्वारा लायनेस क्लब अध्यक्ष विनोद राघव, लायनेस क्लब सचिव ममता ताम्रकार व लायनेस क्लब की अन्य सदस्य एवं कस्तूरबा छात्रावास बेमेतरा अधीक्षिका सुषमा शर्मा, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास आवासीय विद्यालय के छात्राओं की उपस्थित में चेतना कार्यक्रम के तहत महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव, एवं कारण से संबंधित तथा गुडटच व बेडटच तथा सेल्फ डिफेंस, महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम की जानकारी दी गयी। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा के बालिकाओं को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रचार प्रसार किया गया। इस ऐप के इस्तमाल के लिए सबसे पहले महिला/बालिकाओ को अपने मोबाईल फोन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप डाउनलोड करना है, जिसमें उन्हें साईन इन करना है, अपना मोबाईल नंबर डालना है, ओटीपी आयेगा उसे ऐप में डालना है, केवायसी अपडेट करना है।

## भाजपा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध : अमर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भाजपा जिला कार्यालय में चल रहे भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का मंगलवार को समापन हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जनपद बलरामपुर के जिला पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के नेतृत्व में तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश स्तर के वक्ताओं ने पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया। अंतिम दिवस में समापन सत्र को पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल ने भारत का बढ़ता सुरक्षा सामर्थ्य विषय पर संबोधित किया। सत्र के अध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा थे। पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है। भारत शुद्ध समृद्ध व स्वावलंबी राष्ट्र हो, जिसका दृष्टिकोण आधुनिक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध हो और जो प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों से गर्वपूर्ण प्रेरणा ग्रहण करता हो उसी की दिशा में भाजपा कार्यरत हैं। अग्रवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जब प्रधानमंत्री बने, तब देश ने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी मेक इन इंडिया पर बहुत जोर दिया जा रहा है।

## नवलपुर के शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को गणवेश वितरण किया जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निवाणी ने

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निवाणी ने बिलई पंचायत के शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बालक बालिकाओं का मुंह मीठा कर स्वागत किया,उपस्थित पालकों शिक्षको और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ,स्कूल विद्या का मंदिर है जहाँ छात्र छात्राएं भगवान और गुरु उस भगवान के पुजारी , इस लिहाज से भी क्योंकि पुजारी अपने ईश्वर की आराधना जितने मनोयोग से करते हैं उस मंदिर की प्रतिष्ठा , ख्याति पूरे अंचल में फैलती है,गुरुजन अपने छात्र छात्राओं की जितनी अच्छी पढ़ाई रूपी सेवा करेंगे तो इस विद्या मंदिर की ख्याति उतनी ही दीर्घकालिक होगी, प्रज्ञा निवाणी ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा की तारीफ करते हुए शिक्षकों से कहा कि स्कूलों में बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए आप सभी चिंतित रहते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा की चिंता स्कूलों में शत प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति की रहती है,समय समय वह सुदूर ग्रामो में स्थित स्कूलों का निरीक्षण करते रहते हैं,उनके इन औचक निरिक्षणो से एक जवाबदार अधिकारी की जो नई छवि बनी है उसकी समाज मे चर्चा होनी चाहिए,ऐसे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रसंशा की जानी चाहिए,उनके अनुशासन के भय से ही सही , बरसो से स्कूल न जाने वाले शिक्षक भी समय से पहले गांवों के स्कूल में पहुँच जाते हैं,उनका इस प्रयास के लिए जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की तरफ से अभिनंदन किया जाएगा,शाला प्रवेश उत्सव के पहले दिन सरपंच नीता शुशील टण्डन, गांव के पंच हेमा ध्रुव,अमर बाई सोनवानी,अध्यक्ष अमित यादव, मोतीलाल यादव,जिला पंचायत प्रतिनिधि नरोत्तम तंडाण और शाला के शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों को गणवेश वितरीत किया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निवाणी ने छात्र छात्राओं को मिष्ठान खिला स्वागत किया वहीं उपस्थित प्रधानाध्यापक महेंद्र शर्मा,सहायक शिक्षक कमलेश डिंडे, सोमेश श्रीवास ने आये हुए अभिभावकों का गुलाल लगा कर अभिनंदन किया।

**कोयला परिवहन के नाम पर सभी ट्रेनों को रद्द कर रही है रल मंत्रालय**

### राज्य सरकार के निक्कम्मेपन और केंद्र सरकार के सौतले व्यवहार का खामियाजा भुगत रही है आम जनता : सुनील केशरवानी

## रेल संकट के विरोध में जनता कांग्रेस ने रेल मंत्री और सांसदों का मुख्यालय कवर्धा में किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



रावण के तर्ज पर रेल मंत्री व सांसदों का जोगी कांग्रेस ने फूंका पुतला

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भीषण रेल संकट के विरोध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के कार्यकताओं ने कवर्धा सिग्नल चौक कवर्धा में केंद्रीय रेल मंत्री और छत्तीसगढ़ के 11 सांसदों का पुतला दहन किया। कोयला परिवहन के नाम पर पिछले लगभग चार महीनों से रेल मंत्रालय छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों को निरंतर रद्द कर रहा है जिससे प्रदेश के 15 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। शादी-ब्याह, खेती-किसानी के सीजन में ट्रेनों के आये दिन रद्द होने से आम जनता में खासा आक्रोश है। रोजी-रोटी कमाने ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्री केशरवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है और बदले में रेल मंत्रालय ही छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। वहीं रेल संकट पर चुप्पी साधने और चिट्ठी लिखकर खानापूर्ति करने वाले छत्तीसगढ़ के कांग्रेस और भाजपा के 11 सांसदों के निक्कम्मेपन के विरुद्ध भी जनता में भारी रोष है। आखिर इन सांसदों को जनता ने दिल्ली में पुतला बनकर बैठने नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के हित और अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने चुना है। छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी और अजित जोगी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अश्वनी यदु ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र पर दोष डालकर अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती। मुख्यमंत्री और पूरा मंत्रिमंडल दस दिनों से दिल्ली में अपने नेता को सवाल पूछने पर सड़कों पर धरना प्रदर्शन कर सकता है तो रेल संकट पर रेल मंत्रालय का घेराव क्यों नहीं? केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता और राज्य सरकार की निष्क्रियता का खामियाजा छत्तीसगढ़ की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। रेल संकट का मुद्दा किसी दल का नहीं बल्कि यह छत्तीसगढ़वासियों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा मुद्दा है। प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर दिल्ली कूच करना चाहिए और रेल मंत्रालय में बैठकर रेल संकट का निराकरण करना चाहिए। जिलाउपाध्यक्ष आफताब राजा, रंजीत वर्मा, मुकेश चंद्रवंशी, चेतन वर्मा, बिहारी पटेल, दलीचंद ओगरे, गणेश पात्रे, हीरो जांगड़े, अनिल निर्लमलकर, वारते, मोती टेकाम, दिनेश झारिया, लिखन साहू, रामलाल बैगा, वचन दास, नारायण साहू, राहुल चंद्रवंशी, जित्तू चंद्रवंशी ,विनोद जायसवाल, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर**

**// मैन्युअल निविदा सूचना //**

दूरभाष नम्बर - 07782-222865 ई-मेल आई डी - eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/1498/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2022-23 जगदलपुर, दिनांक 23/06/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु **द्वितीय बार** मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम गुमड़पाल विकासखण्ड दरभा में पशु औषधालय भवन निर्माण कार्य | 11.68 लाख | 05.07.2022 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बधी शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks से भी दिनांक 30.06.2022 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

(डी.पी.देवांगन)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

G- 92484/4

# अशर्फी देवी हॉस्पिटल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए बनाए ऑनलाइन व्यवस्थाःकलेक्टर

- सोनोग्राफी सेंटर्स में लगे एक्टिव ट्रेकर की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश
- जिलाधीश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय के प्रबंधन की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुयी। जिसमें रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय की आय-व्यय के साथ आवश्यक संसाधनों की समीक्षा की। कलेक्टर ने आय-व्यय की जानकारी लेते हुए रायगढ़ एसडीएम रायगढ़ को हॉस्पिटल के एकाउंट का ऑडिट करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डॉ.रूपेन्द्र पटेल से नियमित मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने हॉस्पिटल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाईन सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। जिससे अस्पताल से लाभान्वित होने वाले मरीजों की मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही हॉस्पिटल में सीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने हॉस्पिटल स्टॉफ की जानकारी लेते हुए एक फूल टाईम महिला रोग विशेषज्ञ एवं एमबीबीएस डॉक्टर तैनात करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए तथा अस्पताल के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करने के लिए कहा। हॉस्पिटल में आवश्यकता को देखते हुए एक एम्बुलेंस प्रदान करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने अस्पताल के संचालन हेतु भवन की उपलब्धता पर जानकारी ली। वर्तमान में संचालित वार्ड की स्थिति का मुआयना करने एवं नये निर्माण की आवश्यकता पर प्राक्कलन करने के निर्देश ईई पीडब्लूडी को दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में आईसीयू वार्ड तैयार करने के लिए भी कहा। उन्होंने श्री धन्वंतरि में ब्रांडेड दवाई की बिक्री पर ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से चेक करवाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केलो डैम में मिली अज्ञात युवक की लाश

**रायगढ़।** केलो डैम के पास एक अज्ञात युवक की लाश तैरते हुई मिली जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया खबर 25 जून की है, शहर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब केलो डैम में घूमने आए कुछ लोगों ने एक युवक की तैरती हुई लाश देखी उसके बाद कुछ लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस द्वारा युवक की लाश को नदी से बाहर निकाला गया। शहर के बीचोबीच केलो नदी के डैम में अज्ञात युवक की लाश तैरते हुए मिलने से आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 25 जून को केलो डैम के पास कुछ लोग घूमने के लिए आए थे लेकिन उनको डैम पर एक युवक की लाश तैरते हुए दिखाई दे जिससे सभी डर गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को इस मामले के बारे में खबर दी। बताया जा रहा है कि युवक ने पेंट और शर्ट पहन रखी थी। अंदाजा लगाया जा रहा है की युवक पानी में कम से कम 36 घंटे रहा होगा इसलिए शरीर फूलने से उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार दोपहर उस समय लोगों के होश उड़ गए जब उन्होंने लाश को तैरते हुए देखा जब लोगों ने पुलिस को सूचना दी उनके आने के बाद पुलिस ने डैम से शव को बाहर निकाला आशंका है कि वह कोई गाड़ी चालक होगा और नदी किनारे हाथ पाव धोने के दौरान गिर गया होगा। क्योंकि शव की शिनाख्त नहीं होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार कार की ठोकर से युवक गंभीर युवक आईसीयू में भर्ती, उपचार जारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

- लापरवाह वाहन चालकों पर नही है पुलिस का लगाम

शहर में एक लंबे अर्से से लापरवाह वाहन चालकों के द्वारा सड़क दुर्घटनाएं की घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। दिन हो या रात ये वाहन चालक तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए सड़क पर बेगुनाहों को अपनी गिरफ्त में लेकर अस्पताल पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ रहे। इसी क्रम में रविवार की बीती रात एक अज्ञात कार चालक ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, वहीं एक अन्य बाल-बाल बच गया, घायल युवक गंभीर अवस्था में आईसीयू में भर्ती है जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहर का ही एक युवक वासुदेव शर्मा एवं अभिलाष मिश्रा रविववार की देर रात तकरीबन 11 बजे अपने किसी काम को निपटाकर अपनी स्कूटी से वापस घर जा रहे थे। इसी दरम्यान हेमू कालानी चौक से कलेक्ट्रेड की तरफ जा रही एक अज्ञात कार चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों स्कूटी सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वाहन चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पीछे बैठा अभिलाष मिश्रा बाल-बाल बच गया। यह हादसा इतना भयानक था स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। शहर के बीच हुए इस हृदय विदारक घटना के बाद घायल युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

घायक युवक के परिजनों ने बताया कि देर रात साढ़े 11 बजे उन्हें इस दुर्घटना की जानकारी मिली जिसके बाद वे तत्काल मौके पर पहुंचे और घटना स्थल से पुलिस को इस घटना से अवगत कराने पर भी मौके पर पुलिस की कोई टीम नही भेजी गई, साथ ही साथ रात को पीड़ित परिजनों की शिकायत दर्ज नही की गई। चक्रधर नगर पुलिस की ये लापरवाही समझ से परे है। सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ चक्रधर नगर पुलिस के द्वारा जुर्म दर्ज किया गया है। विदित रहे कि रायगढ़ शहर में एक लंबे अर्से से रफ्तार का कहर देखा जा रहा है। लापरवाह वाहन चालक देर रात नशे में आगोश में चार पहिया वाहन चलाते हुए कई दुर्घनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

## महिला से अनाचार का आरोपी गिरफ्तार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

**रायगढ।** घर घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल थाना धरमजयगढ़ में स्थानीय महिला अपने परिवारजनों के साथ थाना आकर बरतराम तिर्की (उम्र 40 वर्ष) 25 जून की रात्रि घर जबरन प्रवेश कर बलात संभोग किया है। उप निरीक्षक जेम्स कुजूर, चैकी प्रभारी रैरूमा द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए पीड़ित महिला के आवेदन पर आरोपी बरतराम तिर्की पर दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध कर पीडिता का महिला अधिकारी से कथन एवं मुलाहिजा करवाया गया जिसके बाद थाना धरमजयगढ़ स्टाफ के साथ आरोपी गिरफ्तारी के लिये उसके सकुनत पर दबिश दिया गया। आरोपी फरार था जिसे मुखबिर लगाकर देर रात उसके गांव से पकड़ा गया है। आरोपी को दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत धरमजयगढ़ न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।



# गांजा तस्कर गिरफ्तार, बाइक पर ओड़िशा से ला रहा था गांजा

- आरोपी से 2 किलो गांजा और नई होण्डा बाइक जप्त, डोंगरीपाली पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



डोंगरीपाली उप निरीक्षक ए.के. बेक द्वारा मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ ग्राम झाल स्कूल के पास गांजा तस्कर को ओड़िशा से गांजा लाते हुए रेड कार्रवाई कर पकड़ा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल थाना प्रभारी डोंगरीपाली को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक बिना नम्बर वाली काला रंग की होण्डा एसपी-125 मोटर सायकल में एक व्यक्ति कोदोपाली (उड़ीसा) से झाल की ओर अवैध मादक पदार्थ गाजा लेकर जाने वाला है। थाना प्रभारी एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर झाल स्कूल के पास नाकेबंदी किये। रेड टीम द्वारा मुखबीर के बताये अनुसार बिना नम्बर वाली काला रंग की होण्डा एसपी-125 मोटर सायकल को झाल स्कूल चैक के पास घेराबंदी कर रोका गया, चालक अपना नाम विदेशी बरिहा पिता मानू बरिहा उम्र 32 वर्ष साकिन जोगीदादर थाना सिंघोड़ा जिला महासमुन्द (छ.ग.) का रहने वाला बताया, जो बाइक के पेट्रोल टंकी के ऊपर 02 पैकेट संदिग्ध पदार्थ (गाजा) रखा हुआ जिसका पहचान, वजन कराया गया जो 02 किलोग्राम मादक पदार्थ गाजा कीमती करीबन 15,000 का पाया गया। आरोपी के कृत्य पर अवैध गांजा व मोटर सायकल होंडा एसपी-125 कीमती करीबन 80.000 की जप्ती कर आरोपी पर थाना डोंगरीपाली में एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी डोंगरीपाली उपनिरीक्षक ए.के. बेक के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उप निरीरक्षक राम कुमार मानिकपुरी, आरक्षक सूर्यकांत सिंह और विश्वा सिदार शामिल थे।

# भाजपा की विचारधाराओं के अनुरूप ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कर रही जन कल्याण के कार्यः अवधेश जैन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रवाद की विचारधारा के अनुरूप लक्ष्य लेकर चलती है, तथा केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार भी अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के विकास एवं जन कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उक्त आशय की बातें भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रशिक्षण सह प्रभारी अवधेश जैन ने जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में चल रहे प्रशिक्षण वर्ग के तीसरे दिन प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कही,अवधेश जैन ने कहा कि आज हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम उस पीढ़ी के हैं जिसने अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के निर्माण के कार्य को देखा है, साथ ही धारा 370 की समाप्ति भी जम्मू कश्मीर में हुई है, एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो सपना इस भारत देश एवं राष्ट्र कल्याण का देखा था, आज उसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पूरा कर रही है, एवं प्रकृति हमारी मां है,तथा हमें पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहना होगा,प्रदेश व प्रशिक्षण सह प्रभारी अवधेश जैन ने कहा कि व्यक्ति और समाज ही एकात्म है तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि दोनों ही एक दूसरे के बिना शून्य हैं एवं यह राष्ट्र भारत मां देव निर्मित है, एवं भारत के राष्ट्र बनने का इतिहास वर्षों पूर्व ही लिखा गया था तथा महाभारत में भी इन बातों का उल्लेख हमें देखने को मिलता है।

अवधेश जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अखंड भारत की कल्पना की थी तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में घुसकर दो प्रधान, दो निशान,दो विधान का विरोध किया था, तथा कश्मीर समस्या के लिए उन्होंने अपना सर्वत्र बलिदान कर दिया तथा आज नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति की,वही प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रभारी अवधेश जैन ने यूरोप के इतिहास पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## जूटमिल क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**रायगढ।** नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ पार्षद और जूटमिल-चक्रधरनगर भाजपा मंडल महामंत्री मुक्तिनाथ बबुआ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जूटमिल क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर रायगढ़ पुलिस को त्वरित कार्यवाही करते हुए रोक लगाने की जरूरत है। आगे युवा भाजपा नेता मुक्तिनाथ ने कहा कि उन्हें स्थानीय प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और क्षेत्रवासियों के माध्यम लगातार जानकारी मिल रही है कि जूटमिल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर निगम के अधिकांश वार्डों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही हैं और क्षेत्रवासियों के द्वारा जूटमिल पुलिस को मौखिक सूचना देने पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही हैं जो कि निश्चित रूप से पुलिस की उदासीन कार्यशैली की सूचक है। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री से न सिर्फक्षेत्र का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है बल्कि बड़े तादाद में स्थानीय युवा वर्ग खासकर नाबालिग लड़के भी शराबखोरी की लत में पड़ते जा रहे हैं। आगे युवा भाजपा नेता ने यह भी कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय पुलिस को नियमित रूप से छापेमार कार्यवाही करने और पुलिस गश्त को बढ़ाने की जरूरत है।

## संभागीय अग्रवाल महासभा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं कार्यकारिणी बैठक रायगढ़ में आज

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की नवीन कार्यकारिणी का 'शपथ-ग्रहण समारोह' एवं आमसभा का आयोजन रायगढ़ के होटल अंश इन्टरनेशनल में 29 जून बुधवार को किया गया है, उक्त जानकारी देते हुये संस्था के कार्यालय मंत्री दिलीप अग्रवाल बिलासपुर ने बताया कि संस्था के नवनिवार्चित अध्यक्ष एडव्होकेट बाबूलाल अग्रवाल रायगढ़, महामंत्री राजेन्द्र ज़अग्रवाल राजू बिलासपुर, कोषाध्यक्ष अनिता अग्रवाल सहित करीब 50 पदाधिकारियों को मारवाड़ी बोली में शपथ दिलाई जाएगी।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में संस्था की आमसभा में संस्था के नवीन पदाधिकारियों, संरक्षक एवम् आजीवन सदस्यों एवं संभागीय अग्रवाल सभा बिलासपुर से संबंध संभाग की 28 अग्र संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सचिव, महिला समिति एवं युवा समिति सहित करीब 250 अग्रजन शामिल होंगे, आमसभा में आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत चर्चा उपरांत उचित निर्णय लिये जावेगें. इस अवसर पर होटल अंश इंटरनेशनल के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया जावेगा पूरे कार्यक्रम में रायगढ़, खरसिया, सक्ती, बाराद्वार, चांपा, नैला-जांजगीर कोरबा, कटघोरा, बिलासपुर, बिल्हा, तखतपुर, करगीरोड, पेण्ड्रा, चन्द्रपुर, सरिया, बरमकेला, सारंगढ़, शिवरीनारायण, बलौदा, पेण्ड्रा रोड, जयराम नगर, लोरमी, पथरिया, अकलतरा, राहोद, डभरा, सुराकछार, दीपका, छुरीकला एवं बालको नगर की विभिन्न अग्रसंस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे,संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के नव निवार्चित अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एडव्होकेट ने संभाग के अग्रबंधुओं से कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से शामिल होने की विनम्र अपील की है।

# गबेल परिवार ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के आगमन पर किया स्वागत

- पूर्व मंत्री बृजमोहन पहुंचे प्रीतम सिंह गबेल के निवास

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह गबेल एवं जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के सदस्य तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिले के महामंत्री टिकेश्वर गवेल के निवास पर 27 जून की देर रात्रि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजमोहन अग्रवाल का आगमन हुआ। इस दौरान गबेल परिवार ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का शाल- श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तो वहीं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी गबेल परिवार के अभिवादन को स्वीकार करते हुए उनके निवास पर स्वल्पाहार ग्रहण किया। साथ ही पारिवारिक सदस्यों से परिचय भी प्राप्त किया एवं उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की, इस दौरान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रीतम सिंह गबेल ने बताया कि उनका पूरा परिवार दशकों से कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रहा है,एवं आपके शुभागमन से हम गौरवान्वित है, इस अवसर पर प्रीतम ट्रैक्टर के संचालक देव सिंह गबेल, हरवंश गबेल, भांचा गबेल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे तथा पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के आगमन पर जिला भाजपा मंत्री संजय रामचंद्र, जिला सोशल मीडिया के सह संयोजक अरुण जोशी बाराद्वार, भाजपा स्वच्छता प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक गुप्ता भी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उल्लेखित होगी पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जांजगीर-चांपा जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल होने के बाद अपने जशपुर प्रवास के दौरान शक्ति के प्रीतम ट्रैक्टर में रुके थे।

## बिजली कटौती को लेकर युवा संकल्प ने खोला मोर्चा

**रायगढ़।** शहर में हो रहे अघोषित बिजली कटौती को लेकर कल युवा संकल्प ने मोर्चा खोल दिया। संगठन के दर्जनों कार्यकर्ताओं के द्वारा ऑफिस के सामने सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफनारेबाजी की गई और ज्ञापन सौंपा गया। युवा संकल्प संगठन की ओर से मुख्य अभियंता विद्युत मंडल रायगढ़ को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि शहर में लगातार बे समय बिना सूचित किए बिजली काटी जा रही है। जो रायगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र होने पर सवालिया निशान खड़ा करता है। विद्युत विभाग पर युवा संकल्प संगठन ने आरोप लगाया है कि गर्मी के महीनों में मेंटेनेंस के नाम पर बिजली विभाग के द्वारा घंटों बिजली कटौती की जाती थी, लेकिन बरसात आते ही मेंटेनेंस की पोल खुल गई। बरसात के चंद दिनों में ही बिजली कटौती देखने को मिल रही है। युवा संकल्प संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन में विद्युत विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनके द्वारा ज्ञापन में बताया गया है कि शहरवासियों में यह धारणा भी बनी हुई है कि शहर के बड़ी-बड़ी प्राइवेट दुकाने जिसमें इनवर्टर का क्रय विक्रय होता है उन सब में विभाग के बड़े अधिकारियों का छत्रछाया है।

## भूमि कंप्यूटर एकेडमी ऑफ़ इन-फार्मेशन टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग ने किया



**सक्ति।** हरदी भाटा मेन रोड अड़भार में भूमि कंप्यूटर अकैडमी आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी सेंटर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्योतिष गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भुपाल पटेल, रामलखन कटकवार, राधेलाल शुक्ला, अरविंद तिवारी, राजेश जांगड़े, सेख रज्जाक खान, नगर पंचायत के पार्षद राजेश साहू, शांति कीर्तन उरांव, कन्हैया राठौर, समय लाल बरेठ एवं अशोक साहू सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा वर्ग एवं विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि वर्तमान समय में सूचना क्रांति के माध्यम से घर बैठे ही हम इस तकनीक का लाभ ले रहे हैं, एवं अड़भार नगर पंचायत क्षेत्र में इस टेक्नोलॉजी सेंटर के उद्घाटन से लोगों को इसका लाभ मिलेगा तथा वर्तमान समय में नागरिकों के समस्त प्रकार के शासकीय कार्य एवं दैनिक कार्य भी बिना सरकारी दफ्तरों में जाएगी ऐसे सेंटरों के माध्यम से हो जाते हैं, तथा ऑनलाइन सारा कार्य हो रहा है।

# कोविड-19 प्रबंधन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने रचा पूरी दुनिया में इतिहास : डॉ रमन सिंह

- डॉ रमन ने कहा-मोदी ने दी देश के किसानों को 1,80,000 करोड़ की किसान सम्मान निधि की राशि

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह 27 जून की देर शाम भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस के सत्र में भाग लेने के लिए जिला कार्यालय पहुंचे, डॉ रमन के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले एवम भाजपा नगर मंडल नैला-जांजगीर की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। तथा इस दौरान डॉ रमन सिंह ने सत्र के दौरान भाजपा के प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद सत्ता संभालते ही 8 वर्ष में देश के विकास को एक नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जहां 225 अरब रुपए देश के लोगों को डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लिए ट्रांसफर के लिए, तो वही 80 करोड लोगों को 340 लाख करोड रुपए का 24 महीनों तक मुफ्त राशन प्रदान किया है, डॉ रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान हेल्थ योजना आज बड़ी बीमारियों में जहां कारगर है तो वहीं 18 लाख करोड़ लोगों को ?500000 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान किया गया, डॉ रमन ने कहा कि केंद्र की सरकार ने जल जीवन मिशन के माध्यम से देश के 9 करोड़ से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाने का लक्ष्य लिया है, जिसमें चार करोड़ लोगों को इस साल जलजीवन मिशन की योजना से जोड़ा जाएगा, सरकार ने सौभाग्य घर घर बिजली योजना के तहत करोड़ो घरों तक बिजली के मीटर लगाए वहीं 36 करोड़ एलईडी के बल्ब बांटे गए, 9 करोड़ बहनों को उज्वला गैस सिलेंडर का लाभ दिया गया।

**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – 4 क) (नियम 8 (6))**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492 001के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री साकेत कुमार सिंह 2. श्रीमती सोनल सिंह (प्रॉस्पेक्ट नंबर 841055) | 10–01–2022 रू. 21,70,534/– (रू. इक्कीस लाख सत्तर हजार पांच सौ चौंतीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खसरा नंबर 110/3 का भाग, पीएच नंबर 105/61, क्षेत्रफल परिमाप 139 वर्ग मीटर, आरएनएम रायपुर–1, चंद्रशेखर आजाद वार्ड नंबर 52, मौजा मठपुरेना, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़, भारत | 06–05–2022 | रू. 16,80,000/– (रू. सोलह लाख अस्सी हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | 25–06–2022 तक कुल बकाया राशि | घरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
| | रू. 25,000/– (रूपए पच्चीस हजार मात्र) | | रू. 22,40,687/– (रू. बाईस लाख चालीस हजार छह सौ सतासी मात्र) | रू. 1,68,000/– (रू. एक लाख अड़सठ हजार मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 15–07–2022 1100 बजे – 1400 बजे | 18–07–2022 अप. 5 बजे तक | 20–07–2022 1100 बजे – 1300 बजे |

भुगतान की विधि : सभी भुगतान "आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड" के पक्ष में गुरूग्राम में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किये जाने चाहिए। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 53105066294, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036025 अथवा पेमेंट लिंक https://quickpay.iiflfinance.com के माध्यम से

नियम और शर्तें

1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.bankeauctions.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.bankeauctions.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : support@bankeauctions.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : 7291981124/25/26 तथा किसी सम्पत्ति संबंधी पूछताछ के लिए श्री विवेक थापा / 9815049704, ई–मेल आईडी :– vivek.thapa@iifl.com से सम्पर्क करें।
7. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
8. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
9. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
10. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर
तिथि : 29–06–2022

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# रौतिया भवन जशपुर में तीन दिवसीय जिला भाजपा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश भाजपाध्यक्ष विष्णु देव साय, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, लोकसभा सांसद गोमती साय, बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, पूर्व विधायक राजशरण भगत, भरत साय, शिवशंकर साय पैंकरा, पूर्व जिला संगठन प्रभारी मेजर अनिल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जिला भाजपा अध्यक्ष रोहित साय की उपस्थिति में तीन दिवसीय जिला भाजपा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ रौतिया भवन जशपुर में हुआ। शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण व भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन सत्र पर मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपाध्यक्ष विष्णु देव साय ने केंद्र सरकार की विकास योजनाएं एवं हमारा प्रदेश विषय पर प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक राजशरण भगत ने की। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता लोकसभा सांसद गोमती साय ने प्रदेश में राजनैतिक परिदृश्य-भाजपा की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत ने की। तीसरे सत्र के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने व्यक्तित्व विकास के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास एक व्यक्ति को तैयार करता है और उसे अपनी पहचान बनाने में मदद करता है। दूसरों को उनका अनुसरण करने के लिए व्यक्तियों की अपनी एक शैली होनी चाहिए। आँख बंद करके दूसरों की नकल न करें। आपको आसपास के लोगों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने की आवश्यकता है। व्यक्तित्व विकास न केवल आपको अच्छा और प्रस्तुत करने योग्य बनाता है बल्कि आपको मुस्कान के साथ दुनिया का सामना करने में भी मदद करता है। तनाव और संघर्ष को कम करने में व्यक्तित्व विकास एक लंबा रास्ता तय करता है । यह व्यक्तियों को जीवन के उज्जवल पक्षों को देखने के लिए प्रोत्साहित करता है। विपरीत परिस्थितियों का भी मुस्कान के साथ सामना करें। मेरा विश्वास करो, अपनी खराब डॉलर की मुस्कान को चमकाने से न केवल आपकी आधी समस्याएं दूर हो जाएंगी, बल्कि आपके तनाव और चिंताएं भी दूर हो जाएंगी। छोटी-छोटी बातों और समस्याओं पर चिल्लाने का कोई मतलब नहीं है। व्यक्तित्व विकास आपको जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है । एक नकारात्मक दृष्टिकोण वाला व्यक्ति हर स्थिति में एक समस्या ढूंढता है। आसपास के लोगों की आलोचना करने और आलोचना करने के बजाय, पूरी स्थिति का विश्लेषण करें और उसी के लिए एक उपयुक्त समाधान खोजने का प्रयास करें। याद रखिये अगर कोई समस्या है तो उसका समाधान भी होना चाहिए। अपना आपा कभी न खोएं। इससे स्थिति और खराब होगी। व्यक्तियों के लिए आसपास के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करना आवश्यक है। दूसरों के साथ विनम्र होना न केवल आपको अन्य लोगों के बीच लोकप्रिय बनाएगा बल्कि आपको सम्मान और गौरव भी दिलाएगा। आप आसपास के लोगों के साथ रूखे व्यवहार करके सम्मान की मांग नहीं कर सकते। व्यक्तित्व विकास न केवल आपके बाहरी बल्कि आंतरिक स्व को भी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। आसपास के लोगों की जरूरत है। एक व्यक्ति में वह चुंबकीय शक्ति होनी चाहिए जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करे। आपके पास वह करिश्मा होना चाहिए। व्यक्तित्व विकास आपको समाज के साथ-साथ आसपास के लोगों से मान्यता और स्वीकृति प्राप्त करने में मदद करता है।

# कलिंगा विवि ने किया ट्राइबल क्वीन ग्लोबल प्रतियोगिता 2022 के लिए अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी छात्रों की चयन प्रक्रिया का आयोजन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



25 जून 2022 को कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, द्वारा ट्राइबल क्वीन ग्लोबल प्रतियोगिता 2022 के लिए अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी छात्रों की चयन प्रक्रिया रखी गयी थी, जो 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के दिन संध्या को नई दिल्ली में आयोजित होने जा रही है। कलिंगा विश्वविद्यालय हमेशा ऐसे विविध और कल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता है। आदि ट्राइबल फाउंडेशन के संस्थापक और प्रबंध न्यासी डॉ. चिदत्तमिका खटुआ को इस चयन कार्यक्रम के संचालन के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। पद्मश्री अनुज शर्मा, एक प्रमुख फिल्म अभिनेता, गायक, निर्माता और निर्देशक, डॉ. शमा हमदानी, एक अनुभवी नैदानिक मनोवैज्ञानिक, जिनका उद्देश्य समाज में निरंतर प्रभाव पैदा करना है, निशा अग्रवाल, रोटरी क्वीन क्लब, रायपुर की अध्यक्ष , दिलीप मोहंती, अध्यक्ष (एचआरएम) जायसवाल नेको इंडस्ट्रीज रायपुर, डॉ संयुक्ता गांधी, एक आवेशपूर्ण गणित शिक्षक, लेखक, और सामाजिक कार्य के लिए एक उत्साह के साथ प्रशिक्षित REIKI व्यवसायी है, नितेश झा (NIRRA educom), अभिषेक चौधरी (NIRRA educom), अंकित शुक्ला, एक लेखक और संपादक और रंजय सिंह, एक दूरदर्शी उद्यमी, अन्य सम्माननीय अतिथि थे जिन्होंने अंतिम कार्यक्रम के लिए छात्रों का मूल्यांकन और शॉर्टलिस्ट किया। यह कार्यक्रम 9 अगस्त को होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय आदिवासी महिलाओं (कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों सहित) की स्क्रीनिंग के लिए आयोजित किया गया था, जो 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आदिवासी महिला सशक्तिकरण के वैश्विक मिशन पर केंद्रित है। दुनिया भर में विभिन्न आदिवासी समुदाय अपनी संस्कृति, परंपरा, ईमानदारी और सादगी में अद्वितीय हैं। डॉ. चिदत्तमिका द्वारा शुरू की गई पहल आदिवासी समुदायों के महिला केंद्रित परिवर्तन पर आधार है और उनका समग्र कल्याण पैदा करने की दिशा में प्रेरित है। इस आयोजन से पहले, "ADI RANI" भारत की पहली ट्राइबल क्वीन प्रतियोगिता 2018 में आयोजित की गई थी, जो 'कलिंगा गौरव अवार्ड्स' द्वारा शुरू की गई एक अखिल भारतीय प्रतियोगिता थी। "ADI RANI" पहल का उद्देश्य युवा आदिवासी महिलाओं को उनकी मौलिकता के आधार पर अपने दम पर खड़े होने के लिए सशक्त बनाना है।

# अमेज़न के साथ मनाएं विश्व चॉकलेट दिवस

**रायपुर।** अमेज़न डॉट इन पर इस बार विश्व चॉकलेट दिवस के मौके पर विशेष रूप से चॉकलेट डे स्टोर को तैयार किया गया है चॉकलेट डे के मौके पर अपने प्रियजनों के लिए चॉकलेट गिफ्ट खरीदें और इस बेहतरीन वक्त में उनके साथ जी भर कर जश्न मनाइए कोको के मजेदार स्वाद की गहराई में उतरते हुए अमेज़न डॉट इन पर 7 जुलाई तक फेरेरो रोचर, नेस्ले किटकैट, कैडबरी बॉर्नविले, हर्षीज़, ड्यूक्स, एमकैफीन, ममाअर्थ, प्लम आदि जैसे शीर्ष ब्रांडों के चॉकलेट से बने उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पर शानदार ऑफ़र और डील्स का लाभ उठाएं। ग्राहक इन उत्पादों को अपने घर पर बैठकर आराम और सुरक्षा के साथ आईसीआईसीआई/एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 10 के इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ 7 जुलाई 2022 तक क्रेडिट कार्ड पर अधिकतम 300 रुपये की छूट के साथ खरीदारी कर सकते हैं। अगर आप प्राइम मेंबर हैं और अमेज़न फ्रेश पर चॉकलेट की खरीदारी कर रहे हैं तो आप 199 रुपये से अधिक के सभी ऑर्डर पर मुफ्त डिलीवरी का मजा उठा सकते हैं। प्राइम को आपकी जिंदगी का हर एक दिन बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जो ग्राहक अभी तक प्राइम में शामिल नहीं हुए हैं वे 1,499 रुपये प्रति वर्ष, तीन महीने के लिए 459 रुपये या एक महीने के लिए 179 रुपये में अमेज़न डॉट इन/प्राइम पर प्राइम मेंबरशिप प्राप्त कर सकते हैं यहां प्राइम मेंबर्स को प्राइम वीडियो पर अवॉर्ड विनिंग फिल्मों और टीवी शो तक अनलिमिटेड एक्सेस जैसे कई प्रमुख फायदे मिलते हैं। इसके साथ ही प्राइम म्यूजिक पर 70 मिलियन से अधिक गानों का अनलिमिटेड एक्सेस के साथ एड-फ्री म्यूजिक प्राइम रीडिंग के साथ 1,000 से अधिक किताबों पत्रिकाओं और कॉमिक्स का एक फ्री रोटेशन भी मिलता है। इसके साथ ही गेमिंग विथ प्राइम के साथ मुफ्त इन-गेम कंटेंट और लाभ के अलावा नए प्रोडक्ट लॉन्च, डील्स का अर्ली एक्सेस, मुफ्त और तेज डिलीवरी का लाभ मिलता है। विश्व चॉकलेट दिवस का जश्न मनाने के लिए, हम बेहतरीन चॉकलेट ट्रीट और उत्पाद लेकर आए हैं। सभी ऑफ़र और डील्स इसमें भाग लेने वाले वि ेताओं की ओर से दिए गए हैं। यहां से चॉकलेट से जुड़े प्रोडक्ट की खरीदारी करें कैडबरी डेयरी मिल्क सिल्क हेज़लनट चॉकलेट बार अगर आप मीठा खाने के शौकीन हैं तो कैडबरी डेयरी मिल्क सिल्क हेज़लनट चॉकलेट बार आपकी लिस्ट में जरूर शामिल होनी चाहिए।

# अमेजन प्राइम अपने छत्तीसगढ़ के मैंबर्स की जिंदगी को ढेरों फायदों के साथ बना रहा है बेहतर और सुविधाजनक

**रायपुर।** भिलाई, बिलासपुर, कवर्धा और जशपुर आदि शहरों के मैंबर्स मनोरंजन, खरीदारी आदि जैसे प्राइम केविभिन्न फायदों का मजा उठा रहे हैं। ग्राहकों की रोजाना की जिंदगी को मजेदार और सुविधाजनक बनाते हुए, अमेजन प्राइम छत्तीसगढ़ के भिलाई, बिलासपुर, कवर्धा और जशपुर जैसे छोटे शहरों में भी अपने मैंबर्स को खरीदारी और मनोरंजन का बेजोड़ अनुभव प्रदान कर रहा है। आज की भागदौड़ भरी दुनिया में, प्रत्येक उपभोक्त ा को एक ऐसी बेहतरीन सर्विस चाहिए, जो उनकी दिनचर्या को आसान बनाने में मदद कर सके। अमेजन प्राइम अपने ढेरों लाभ के साथ ग्राहकों की इसी काम में मदद कर रहा है। इसी के साथ अमेजन भारत के करीब 100% पिन कोड में मौजूदा वि ेताओं और छोटे कारोबारियों को भी सशक्त बना रहा है। 2016 में भारत में लॉन्च होने के बाद से, अमेजन ने प्राइम मेंबरशिप को दोस्तों और परिवारों के लिए एक वन स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया है। यह ऐसी जगह है जहां मेंबर्स सुकून के साथ शॉपिंग से लेकर म्यूजिक सुनने और पसंदीदा फिल्में/ शो देखने, पढ़ने और गेमिंग जैसे अपने रोजाना के पलों को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। अक्षय साही, डायरेक्टर, प्राइम डिलीवरी और रिटर्न्स एक्सपीरियंस - अमेजन इंडिया ने कहा, |quot; प्राइम मेंबरशिप हमेशा से हमारे मैंबर्स को उनकी जिंदगी के हर पहलू को सुविधाजनक और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम लगातार डिलीवरी को तेज बनाते जा रहे हैं, नए ब्लॉकबस्टर वीडियो, म्यूजिक और डिजिटल कंटेंट शामिल कर रहे हैं।

# कलेक्टर डॉ. सिंह ने ली जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के संबंध में अंतर्विभागीय बैठक

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में आज 27 जून से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रारंभ हो गया है। यह पखवाड़ा 27 जून से 24 जुलाई तक दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक तथा दूसरा चरण का आयोजन विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई के उपलक्ष्य में 11 जुलाई से 24 जुलाई तक किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु अंतर्विभागीय बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा दो चरणों में 24 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे कंडोम, ओरल पिल्स, छाया, माला एन, ई जी पिल्स आदि एवं आई यू सी डी, अंतरा गर्भ निरोधक इंजेक्शन आदि की सुविधाएं प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के स्थाई साधनों में महिला एवं पुरूष नसबंदी की सेवाएं जिला चिकित्सालय मुंगेली, 50 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल लोरमी तथा पुरूष नसबंदी की सेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में उपलब्ध है। अतः उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा में सहयोग प्रदान करने आम लोगों से अपील की है, एवं परिवार नियोजन की सेवा प्राप्त करने के लिए अपना पंजीयन निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में कराने का आग्रह भी किया है। उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में पुरूष नसबंदी कराने पर 03 हजार रूपए एवं महिला नसबंदी कराने पर 02 हजार रूपए मिशन परिवार विकास अंतर्गत प्रदाय की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रायपुर स्थित रास लक्ज़री ऑयल्स फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करके हुए वैश्विक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर, मेटा ने कहा कि नॉन-मेट्रो शहरों से छोटे व्यवसायों की अपने कारोबार के विस्तार के लिए अपने ऐप का उपयोग करने का रूझान लगातार बढ़ रहा है। मेटा ऐप -फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का उपयोग करने वाले छोटे शहरों के डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) व्यवसायों में भी काफी अधिक और तेज वृद्धि हुई है। रायपुर स्थित रास लक्ज़री ऑयल्स, जो अपने अनूठे फार्म-टू-फेस मॉडल के आधार पर पर्सनल-केयर स्पेस में तेजी से अपनी जगह बना रहा है, को फेसबुक और इंस्टाग्राम के साथ डिजिटल पर बनाया गया है, जो इसकी तेज ग्रोथ में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अर्चना बोहरा, डायरेक्टर, स्माल एंड मीडियम बिजनेसेज, इंडिया एट मेटा, ने कहा कि ''भारत के छोटे शहर हमेशा इनोवेशन और उद्यमिता (आंत्रप्रेन्योरशिप) का केन्द्र रहे हैं। डिजिटल और मेटा ऐप -फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप - अब इन शक्तिशाली इनोवेटिव आइडियाज को राष्ट्रीय और यहां तक कि विश्व स्तर पर विस्तार करने के लिए व्यापक स्तर पर आसान पहुंच (एक्सेस) प्रदान कर रहे हैं। मेटा में हम भारत के छोटे व्यवसायों को बड़े व्यवसायों के समान टूल्स और सॉल्यूशंस प्रदान करके उनके विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।'' मेटा ने कहा कि भारत में 10 लाख से 20 लाख फॉलोअर्स के 100 सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले फेसबुक पेजों में से 50 फीसदी से अधिक अब नॉन-मेट्रो शहरों से हैं। इंस्टाग्राम के लिए, भारत में 1 मिलियन से 3 मिलियन फॉलोअर्स के बीच 100 सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले इंस्टाग्राम बिजनेसेज में से लगभग 40 फीसदी नॉन-मेट्रो शहरों में स्थित हैं। मेटा ने यह भी कहा कि इंस्टाग्राम पर आधा मिलियन से अधिक भारतीय छोटे व्यवसाय अपने बायोडेटा में एक व्हाट्सएप नंबर या एक फोन नंबर या एक ईमेल लिस्ट (सूचीबद्ध) करते हैं।

# एएससीआई वार्षिक शिकायत रिपोर्ट 2021-22: स्व-नियामक निकाय के रूप में डिजिटल माध्यम पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही आपत्तिजनक विज्ञापनों में कुल मिलाकर 62% की वृद्धि देखी गई

**मुंबई।** एडवर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्स काउन्सिल ऑफइंडिया (एएससीआई) ने 21 अप्रैल से 22 मार्च की अवधि के लिए अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी की, जिसके दौरान कंपनी ने प्रिंट, डिजिटल और टेलीविजन सहित सभी माध्यमों में 5,532 विज्ञापनों को संसाधित किया। डिजिटल डोमेन पर विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, एएससीआई द्वारा 94% समग्र अनुपालन दर देखी गई। वर्ष 2021-22 में, एएससीआई ने पिछले वर्ष की तुलना में 62% अधिक विज्ञापनों और 25% अधिक शिकायतों को संसाधित किया। जबकि टेलीविजन और प्रिंट विज्ञापन फोकस में रहे, एएससीआई ने डिजिटल परिदृश्य में विज्ञापन को लगातार निगरानी में रखकर अपने दायरे को व्यापक बनाया। संसाधित किए गए विज्ञापनों में से लगभग 48% डिजिटल माध्यम से संबंधित थे। पिछले वर्ष प्रभावशाली दिशा-निर्देशों के लागू होने के साथ ही साथ, प्रभावशाली लोगों के खिलाफ शिकायतें, कुल शिकायतों की 29% थीं। वहीं मशहूर हस्तियों वाले विज्ञापनों में भ्रामक दावों की शिकायतों में 41% की वृद्धि देखी गई, जिनमें से 92% को एएससीआई के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। एएससीआई ने अपनी सक्रिय निगरानी जारी रखी, और साथ ही संसाधित किए गए 75% विज्ञापनों का चयन स्वतः प्रेरणा से किया गया। यह एआई आधारित निगरानी को शामिल करता है, जिसे एएससीआई ने डिजिटल ट्रैकिंग के लिए स्थापित किया है। 21% उपभोक्ताओं की शिकायतें सामने आई हैं, इसके बाद इंट्रा-इंडस्ट्री में 2% और सीएसओ / सरकारी शिकायतों में 2% हैं। संसाधित किए गए कुल 5,532 विज्ञापनों में से 39% का विज्ञापनदाताओं द्वारा विरोध नहीं किया गया, उनमें से 55% को जाँच के बाद आपत्तिजनक पाया गया।

# 'सक्षम' ने मनाया स्थापना दिवस एवं हेलेन केलर जयंती

**रायपुर।** 'समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान' ने अपना स्थापना दिवस मनाया ज्ञात हो कि जरूरतमंद लोगों एवं दिव्यांगों की सेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 20 जून 2008 को सक्षम की स्थापना हुई दिव्यांग बालिका गृह समता कॉलोनी में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ, सबके स्वस्थ रहने एवं सब के कल्याण की आशा के साथ सामूहिक मंत्र और उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियो का स्वागत दिलीप बिसेन जिला अध्यक्ष सक्षम के द्वारा किया गया। सक्षम प्रांत अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र शुक्ला ,अस्थि रोग विशेषज्ञ ने सक्षम के द्वारा किए जाने वाले कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला, डॉ मनीष शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा 'हेलन केलर' की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लोमस राम (प्रांत सेवा प्रमुख) उपस्थित रहे जिन्होंने सेवा कार्य क्यों और इसके महत्व पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में समाज में विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांग होते हुए सराहनीय कार्य करने पर अनिता जोशी ,( नेशनल प्लेयर व्हीलचेयर बास्केटबॉल पूर्व कैप्टन) दीपक साहू जो कि दिव्यांग होते हुए भी अच्छा व्यवसाय चला रहे हैं साथ ही कमलेश्वरी साहू (अस्थि बाधित बालिका) को पुरस्कृत किया गया। समाजसेवी टेकराम पटले, अजय जी भगत., उप महाप्रबंधक अपेक्स बैंक तथा दीपक साहू जी व्यवसायी को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया द्य कार्यक्रम का संचालन अरविंद जोशी कोषाध्यक्ष द्वारा तथा आभार व्यक्ति करण संगीता चौबे जिला सचिव सक्षम रायपुर द्वारा किया गया क्रम में विशेष योगदान अविनाश चटर्जी एवं चंद्र का रहा साथ ही एयर विंग एनसीसी के कैडेट्स ने भी सेवा कार्य किया।



# अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में मिली पुलिस को सफलता

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



मृतिका के शरीर में करीबन 15-15 किलो के 02 पत्थर बांधकर लाश को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से फेंका गया था तालाब में आरोपी को दिनांक 27. जून को किया गया गिरफ्तार 24. जून को थाना बिर्रा पुलिस को एक लड़की का शव तालाब में तैरने की सूचना मिलने पर बिर्रा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से निकाला गया। ग्राम तालदेवरी के सुमन यादव दिनांक 20-21. जून की दरम्यानी रात से घर से लापता होने की सूचना परिजन द्वारा थाना बिर्रा में दी गई थी जिस पर थाना बिर्रा में गुम इंसान कायम किया गया था। तालाब से निकाले गये शव की पहचान मृतिका के पिता के द्वारा अपनी पुत्री सुमन यादव उम्र 21 वर्ष निवासी तालदेवरी के रूप में किया गया। शव का पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम किया गया। मृतिका का दोनो हाथ-पैर बंधा हुआ था तथा उसके शरीर में पत्थर बंधा हुआ था। प्रकरण में हत्या का अपराध परिलक्षित होने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302,201 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मृतिका के मोबाईल नंबर का काल डिटेल प्राप्त किया गया तथा मोबाईल की जांच की गई। जिसमें मृतिका के द्वारा अपने प्रेमी नीतेश कुमार श्रीवास निवासी तालदेवरी से लगातार बात करना एवं व्हाट्अस से चैट करना पाया गया। नीतेश श्रीवास पर संदेह होने पर उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से एवं हिकमतअमली से पुछताछ करने पर अपना जूर्म स्वीकार किया गया। आरोपी एवं मृतिका सुमन यादव का करीबन 02 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतिका सुमन यादव आरोपी नीतेश से शादी करने के लिए पीछे पड़ी थी आरोपी के शादी करने से मना करने पर उसे पुलिस केश में फंसाकर बदनाम करने की धमकी देने लगी। दिनांक 20 जून को रात्रि में सुमन यादव अपने प्रेमी नीतेश को मैसेज कर मिलने को बुलाने पर आरोपी तुरंत ही उसके घर के पास पहुंचकर मृतिका को रात्रि में ही अपने साथ तालदेवरी के बेमन तालाब के पास ले गया जहां पर मृतिका ने आरोपी को जहर खा लेने की बात कही। मृतिका से छुटकारा पाने के लिए आरोपी ने मृतिका का गला दबाकर हत्या कर दिया। बाद में उसके शरीर को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से उसी की चुनरी व अपने गमछे से उसके दोनों हाथ-पैर तथा उसके शरीर को दो बड़े पत्थरों से बांधकर तालाब में फेककर वापस घर चला गया था। मृतिका के कॉल डिटेल में अंतिम बार उसकी बातचीत आरोपी से होना एवं मोबाईल की जांच पर व्हाट्सएप चैटिंग से भी मृतिका का आरोपी से लगातार संपर्क में रहने की पुष्टि होने पर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के द्वारा लगातार मृतिका से किसी प्रकार का संबंध नहीं होना एवं उससे नहीं मिलना बताकर लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। परन्तु पुलिस द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में बी.एस.खुण्टिया, अनु.अधि.पुलिस चंद्रपुर, उनि पुष्पराज साहू थाना प्रभारी बिर्रा, उनि योगेश पटेल, थाना प्रभारी हसौद, उनि घनश्याम पटेल, सउनि आर.एस.मरावी, सउनि संतोष तिवारी, प्र.आर. विनोद खुंटे, आरक्षक भूपेन्द्र कंवर, शंकर सिंह राज, मानसिंह दुबे, राकेश हरवंश, संजय शर्मा, पदुम कश्यप, कार्तिक कंवर, चंद्रहास लहरे, मिरीश साहू, म.आर. जानकी मधुकर, रितु लहरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों को किया जा रहा जिला बदर

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बद्री नारायण मीणा के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक बालोद जितेंद्र कुमार यादव तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम के मार्गदर्शन में राजहरा पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से विभिन्न अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। बदमाशों पर नियंत्रण हेतु प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही भी की जा रही है। किंतु कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर वैधानिक कार्यवाही करने के बावजूद भी सुधार नही आ रहा। नगर को अपराध मुक्त करने हेतु ऐसे अपराधियों को जिला बदर करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 2 निवासी पृथ्वी नेपाली के ऊपर पुलिस द्वारा निगाह रखी जा रही थी। पृथ्वी नेपाली पिता राजकुमार नेपाली उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 पंडर दल्ली थानां राजहरा एक आपराधिक एवं गुंडा प्रवृत्ति का व्यक्ति है, इसकी आपराधिक गतिविधियां वर्ष 2014 से आरंभ होकर अब तक की स्थिति में निरंतर बढ़ते जा रही है। इसके द्वारा आम लोगों को अश्लील गाली गुप्तार, जान से मारने की धमकी देना, मारपीट कर लोगों को चोट पहचाना, शराब की अवैध बिक्री करना एवं मादक पदार्थ की तस्करी करना इसकी आदत में शुमार हो चुका है। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थानां राजहरा में चोरी के दो अपराध, मारपीट के तीन एवं आबकारी के छः अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया है। पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही होने के बावजूद नेपाली के आदत में सुधार नहीं आ रहा था। जिसको देखते हुए राजहरा पुलिस के द्वारा नेपाली का आपराधिक लेखा जोखा तैयार कर पुलिस अधीक्षक बालोद के माध्यम से जिला बदर हेतु प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी बालोद के पास भेजा गया।

# जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक 30 को

**कांकेर।** जिला बाल संरक्षण समिति, टॉक्स फोर्स, अवैध प्रवास एवं बाल कल्याण समिति पुर्नविलोकन की बैठक कलेक्टर श्री चन्दन कुमार की अध्यक्षता में 30 जून को 04 बजे से जिला कार्यलय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :-

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री गोमती प्रसाद मिश्रा, श्रीमती रमा मिश्रा, श्री सूरज कुमार मिश्रा, श्रीमती सोनाली मिश्रा (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10131677) | 25-06-2022 रू. 19,19,327/- (रूपए उन्नीस लाख उन्नीस हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर डी-501, पीएच नंबर 108/38, क्षेत्रफल परिमाप 862 वर्ग फीट, सुपर बिल्ट-अप, अनुराग रेजीडेंसी, वार्ड नंबर 04, ग्राम गोंडवारा, आरएनएम- रायपुर-1, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, भारत |
| श्री वीरेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल, श्री शिवम मशीनरी (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10111310) | 25-06-2022 रू. 25,41,173/- (रूपए पच्चीस लाख इकतालीस हजार एक सौ तिहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : खसरा नंबर 651/14 का भाग, क्षेत्रफल परिमाप 1500 वर्ग फीट, पीएच नंबर 104, ग्राम रायपुरा, वार्ड नंबर 68,, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, भारत |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।
अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : रायपुर तिथि : 29-06-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1174/रीडर-1/2021-22 जशपुर, दिनांक -23/06/2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.-07** तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदकगण अर्जुन प्रसाद गुप्ता पिता बाबूलाल एवं अनिता गुप्ता पति अर्जुन प्रसाद प्रसाद गुप्ता, जाति हलवाई, साकिन जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.)** के द्वारा सारणी में उल्लेखित **ग्राम-जशपुर** स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** में परिवर्तित किये जाने हेतु मय बैनामा की प्रति, बी-1 की प्रति, नक्शा खसरा की प्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी** ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न. 584/1/क/24, जिसका रकबा 08 डिसमिल,में से/वर्ग.मी.----हे., आवासीय प्रयोजनार्थ।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांकः- 11/07/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 23/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 13.06.2022

**मंगतीन यादव पति स्व. भगतरात,**
निवासी ग्राम करही मुंगेली, तहसील मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)...............आवेदक

**बनाम**

**छ.ग.शासन**...............अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **मंगतीन यादव पति स्व. भगतरात,** निवासी ग्राम करही देवरी मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला करही मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 67, प्लाट नंबर 64, क्षेत्रफल 100 वर्गमीटर भूमि को आवेदक वसीयतनामा के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अंतर्गत धारा 109, 110 भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 05.07.2022 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा या अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 13.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(तीर्थराज अग्रवाल)
मुहर
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत - **भोंदा** के समस्त आश्रित ग्राम **मांदीभाठा प्लाट** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया हैः-

**ग्राम का नाम-** मांदीभाठा प्लाट,
**आवेदक का नाम-** बसंत कुमार,
**हितग्राही का नाम-** ओमप्रकाश, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-**070401211400 7241,
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है** -गोंड।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 08/07/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 22/06/2022
पेशी दिनांक - 08/07/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

# खाद की किल्लत नकार रहा जिला प्रशासन, 71 प्रतिशत भंडारण का दावा

## खाद के अवैध भण्डारण पर अंकुश लगाने आरईएओ को दिए निर्देश

- कोरोना के चौथी लहर की दस्तक के मद्देनजर आवश्यक सावधानी एवं सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले के कई हिस्सों में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर किसानों के प्रदर्शन के बीच एक बार फिर जिला प्रशासन ने पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने का दावा किया है। इधर, ग्रामीण क्षेत्र के किसान अब भी जरुरत मुताबिक खाद न मिलने की बात कह रहे हैं। मंगलवार को समयसीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा की जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध है। बैठक में बताया गया कि धान की बोनी के दौरान आवश्यकता के अनुसार वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल मांग के अनुपात में 71 प्रतिशत खाद का भंडारण किया जा चुका है। वर्तमान में कहीं भी खाद की कोई कमी नहीं है। कलेक्टर ने बताया कि मांग अनुसार खाद की आपूर्ति लगातार हो रही है। आने वाले समय में अतिरिक्त खाद का भंडारण जारी रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि निजी विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से खाद का भंडारण कर निर्धारित कीमत से अधिक दर पर विक्रय किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार और कृषि विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि हुए निजी विक्रेताओं पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में खाद की किल्लत के नाम पर अवैध भंडारण कर अधिक दर पर विक्रय किया जाएगा। उस क्षेत्र के अनुभागीय अधिकारी और कृषि अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। खाद की गड़बड़ी और अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर ने आरईएओ की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

**कृष्णकुंज की तैयारी शुरु-** बैठक में योजना कृष्णकुंज की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में कम से कम आधे एकड़ भूमि पर वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने जमीन सीमांकन और वृक्षारोपण के लिए की गई तैयारी की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय स्त्रोत संसाधनों और जनसहयोग से कृष्णकुंज योजना अंतर्गत वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण होने से नगरीय निकाय क्षेत्रों में हरियाली का दायरा बढ़ेगा। इससे नगरीय निकाय क्षेत्र पेड़ों से गुलजार होंगे।

**प्रमाण पत्र जारी करने की गति धीमी-** कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र बनाने की धीमी प्रगति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जाति प्रमाण पत्र बनाने की अपेक्षित प्रगति नहीं होने से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में असुविधा हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को 1 जुलाई तक सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिस अनुभाग राजस्व में एक हजार से कम जाति प्रमाण पत्र बनाया जाता है। ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूलों में टीकाकरण

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कोरोना के चौथी लहर की दस्तक को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सावधानी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए सभी बचे हुए लोगों का टीकाकरण कराये। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन वर्कर का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रिकोशन डोज प्राथमिकता से लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी बड़े स्कूलों में शिविर लगाकर विद्यार्थियों का टीकाकरण करें। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग को समन्वित प्रयास करते हुए टीकाकरण के कार्य को सफल बनाने कहा है।

# विधायक में दम है तो करे मुख्यमंत्री से सवाल : मधुसूदन

- अग्निपथ योजना में युवा कांग्रेसियों पर तमाचा जड़ेंगे : गांधी
- खाद व बीज की किल्लत पर भाजपा का धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




विधानसभा मुख्यालय नगर में भाजपा ने किसानों के खाद व बीज की कमी सहित 8 सूत्रीय मुद्दे को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना सभा में भाजपाई नेताओं व वक्ताओं ने विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक को निशाने पर लेते हुए जमकर भड़ास निकाली। आखिरकार भाजपाईयों ने किसानों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। पुराने बस स्टैंड परिसर में आयोजित धरना सभा में भाजपा ने कांग्रेस सरकार को खाद व बीज के किल्लत के लिए जिम्मेदार ठहराया। भाजपा के 8 सूत्रीय मांगों में सोसायटियों में डीएपी, पोटाश यूरिया आदि खाद की किल्लत, नकली वर्मी खाद की जबर्दस्ती विक्रय, अघोषित विद्युत कटौती, कृषि पंप कनेक्शन के लंबित मामले, दो साल के बकाया बोनस के भुगतान, दो साल के बारदाने के अप्राप्त मूल्य, राजीव गांधी न्याय योजना में कटौती सहित सब्जीभाजी व फसल परिवर्तन वाले किसानों के लंबित राशि के तत्काल भुगतान संबंधी माँगे शामिल है। उक्त अवसर पर हीरेन्द्र साहू, डॉ नीरेंद्र साहू, रामकुमार गुप्ता, जागृति यदु, इंदुमती साहू, चुन्नी यदु, दिनेश साहू, रमजान बडगुजर, टामेश्वर साहू, शिवनारायण साहू, स्वरूपचंद जैन, पवन जैन, रामकिशन माहेश्वरी, मोहन सिन्हा, कमल नारायण साहू, रोहित साहू, मनबोधी पटेल, नारायण साहू, डिकेश साहू, अंजू त्रिपाठी, मनीष साहू, निर्मला जितेंद्र सिन्हा, बीरेंद्र साहू, सिद्दीक बडगुजर, कोमल साहू सहित सैकड़ों भाजपाई व किसान उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री व विधायक पर भड़ास

जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने खाद के वितरण कोटा को लेकर कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों के लिए 30 और बाजार के लिए 70 फीसदी खाद वितरण कर रही है। इसलिये सोसायटी में खाद की किल्लत है। श्रीयादव ने कहा कि अगर डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू में दम है, तो खाद के विषय में मुख्यमंत्री से सवाल करके दिखाए। जिला महामंत्री दिनेश गाँधी ने कहा कि अग्निपथ योजना में देशभर के युवा लाखों फार्म भरकर विरोध करने वाले कांग्रेसजनों पर तमाचा जड़ रहे हैं।

# सांसद कृषिखाद में फर्क बता दे, मैं राजनीति छोड़ दूँगा : विधायक

- सत्याग्रह सभा में सांसद पांडेय पर विधायक साहू के तीखे तंज

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधायक ने कृषि खाद के किस्मों को लेकर सांसद संतोष पांडेय पर तंज कसते हुए उन्हें कृषि मामले में नासमझ करार दिया। अपने विधानसभा मुख्यालय नगर में 27 जून को पार्टी के सत्याग्रह कार्यक्रम में शिरकत कर रहे विधायक ने सांसद द्वारा खाद को पहचान कर फर्क बता देने पर राजनीति छोड़ देने की बात तक कह दिया है। विधायक व छग राज्य एवं पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दलेश्वर साहू मुख्यालय डोंगरगांव नगर में कांग्रेस के सत्याग्रह थीम पर धरना सभा को संबोधित कर रहे थे। विधायक दलेश्वर साहू ने अपने संबोधन के दरम्यान सांसद संतोष पांडेय पर अप्रत्याशित ढंग से तंज कसते हुए कहा कि सांसद को कृषि खाद सुपर फास्फेट एवं लाल पोटास का फर्क भी पता नही होगा। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि सांसद अगर कृषि खाद के किस्मों को पहचान कर फर्क बता दे, तो मैं राजनीति छोड़ दूँगा। उक्त अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, पीसीसी सदस्य मोहन अय्यर, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामक्षत्री चन्द्रवँशी, वरिष्ठ नेता सोनूराम साहू एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या नरेंद्र साहू सहित नगर पंचायत व जनपद पंचायत क्षेत्र के कांग्रेसी मौजूद थे।

# सड़क चौपाटी में तब्दील, मुख्य मार्गो में लगी रहती है भीड़, आवाजाही में होती हैं दिक्कतें

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ को नगर निवेश में शामिल होकर पालिका बने आठ दशक से भी अधिक हो गया है। एक तरफ मूलभूत सुविधाओं के लिए शासन की ओर से लाखों करोड़ों रुपए आसानी से खर्च किये जाते है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। नगर के कुछ प्रमुख मार्ग जिसमें रेल्वे स्टेशन रोड बड़े पुल के ऊपर में जहाँ पर चलित ठेलो में गुपचुप, मोमोस, दाबेली, वड़ापाव आदि चायनीज खाद्य पदार्थ बेचे जाते हैं। सभी के पास खाद्य विभाग द्वारा जारी फ़ूड लायसेंस भी नही होगा। शासन के नियमों का अवहेलना करते हुए सभी कार्य संचालित किया जाता है। ऐसे स्थानों पर स्वाद का आनंद लेने के लिए नगर के लोग पहुंचते है। ग्राहकों द्वारा लाये गए वाहन तीतर-बितर लगाए जाते हैं। जिसके कारण आवाजाही बाधित होती है व आम लोगों को काफी दिक्कतें होती है। आखिर लाखों की लागत से पुल को लंबे समय से सिर्फ चाट, गुपचुप, मोमोस के लिए बनाया गया है या रास्ता सुगम हो इसलिए। यह भारत का आठवां अजूबा साबित होता नजर आ रहा है। इस तरह रास्ते पर चौपाटी होना पालिका के आंखों में धूल झोंकने के बराबर है। ठीक इसी तरह नया बस स्टैंड से हाई स्कूल पुराना बस स्टैंड तक कि भी यही स्थिति है जहाँ सड़क किनारे पर भी ठेले लगे रहते हैं जहाँ पर भी भारी भीड़ देखने मिलता है। प्रमुख मार्ग होने के कारण बड़े गाड़ियों का काफी दबाव होता है साथ ही इसी मार्ग पर स्कूली बच्चों का आना-जाना अधिक रहता है।नगर के प्रमुख मार्गो पर इस तरह भीड़ लगा रहना किसी बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता देने के समान है।

# कलेक्टर तारण सिन्हा का तबादला, डोमन सिंह को सौंपी जिले की कमान

## सीईओ लोकेश चंद्राकर का भिलाई तबादला, गजेंद्र सिंह नए सीईओ

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री के 90 विधानसभाओं के दौरे के बीच प्रदेश में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी में राजनांदगांव जिले के कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा और जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर का तबादला कर दिया गया है। जिले की कमान बलौदाबाजार-भाटापारा कलेक्टर डोमन सिंह को सौंपी गई है। वहीं कलेक्टर सिन्हा का स्थानांतरण जांजगीर-चांपा किया गया है। इसी तरह जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर को नगर पालिक निगम भिलाई का आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी जगह जिला पंचायत जांजगीर चांपा के जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर लेंगे। गौरतलब है कि, तारण प्रकाश सिन्हा का बतौर कलेक्टर राजनांदगांव पहला जिला था। उन्होंने जून 2021 की शुरुआत में यहां पदभार ग्रहण किया था। एक साल का कार्यकाल पूरा होते ही उन्हें दूसरे जिले भेज दिया गया है। वहीं वर्ष 2009 बैच के आईएएस डोमन सिंह बलौदाबाजार-भाटापारा के अलावा महासमुंद, कांकेर,मुंगेली, कोरिया एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। वे बतौर एसडीएम भी राजनांदगांव में अपना कार्यकाल बीता चुके हैं। अब कलेक्टर के तौर पर उनकी वापसी हो रही है।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी-** प्रशासनिक हवाले से खबर आ रही है कि, विधानसभा चुनाव तक अब अधिकारियों की जिम्मेदारियों में कोई खासा बदलाव नहीं होगा। नए नियुक्त कलेक्टर ही विधानसभा चुनाव का जिम्मा संभालेंगे। चुनाव करीब होने से नई नियुक्तियों को गंभीर बताया जा रहा है। चर्चा तेज है कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले ही कलेक्टर का तबादला कर दिया गया। इसे लेकर कहा जा रहा है कि, अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड लगातार सरकार तक पहुंचता रहा है। इसके चलते ही यह फैसला लिया गया। वैसे भी जिले मेंमुख्यमंत्री का भेंट-मुलाकात कार्यक्रम बारिश के बाद तक के लिए टलने की खबर है।

# अग्निपथ योजना को बताया देश की सुरक्षा के लिए खतरा

- कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का विरोध

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। पीसीसी के निर्देशन में प्रदेशभर में जारी सत्याग्रह के क्रम में कांग्रेस ने डोंगरगांव नगर में सत्याग्रह थीम पर विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। इस दरम्यान मुख्य वक्ता विधायक दलेश्वर साहू ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ अपने ही ढंग से विरोधाभाष जाहिर किया। नगर के पुराने बस स्टैंड परिसर में आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम में विधायक व छग राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दलेश्वर साहू ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को युवाओं के हित को दरकिनार करते हुए केंद्र सरकार की मनमानी बताते हुए अल्पकालीन सेवाकाल को देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया। विधायक ने आगामी दिनों केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का विरोध तेज करने संकेत दिए। सभा को मोहन अय्यर, मदन साहू, महेंद्र यादव, सोनूराम साहू, वीरेंद्र बोरकर, चेतन साहू व डॉ नरेंद्र साहू सहित अनेक पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। विधानसभा स्तरीय सत्याग्रह के अवसर पर रामक्षत्री चन्द्रवँशी, संध्या साहू, वैशाली बोरकर, विभा साहू, श्रुति शुक्ला, पुष्पलता यदु, रुकमणी साहू, पुनीता जोशी, मुरली निषाद, रजत साहू, नवीन यदु, रवि साहू, नीलम गोस्वामी, अशोक मालेकर, कमलेश साहू, संजय मुतकुरे, महेंद्र, रवि, विशाल, शशांक सहित विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद थे।

# बूचाटोला एवं जोब में मना दुर्गावती बलिदान दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com



आदिवासी नागवंशी गोंड समाज ग्राम इकाई बूचाटोला के तत्वावधान में ग्रामीण नागवंशी गोंडवाना भवन बूचाटोला एवं आदिवासी नागवंशी गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान में सर्किल नागवंशी गोंड़वाना भवन जोब में बीते रविवार को गोंडवाना वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया। ग्राम बूचाटोला में समाज के ब्लाक संगठन मंत्री एवं ग्राम प्रबंधक दिलीप कोरेटी,कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष महाजन कोमरे एवं महासभा कार्यकारिणी सदस्य भागवत पुरामे के नेतृत्व में तथा ग्राम जोब में समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी, उपाध्यक्ष जनाराम काटेंगी एवं सचिव समन लाल उइके के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए नागवंशी गोंड़ समाज ब्लाक प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि महारानी दुर्गावती गोंडवाना नारीशक्ति का प्रतिक हैं। दिवंगत समाज टेम्पल सिंह सलामें, राधेलाल आचले एवं दिवंगत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमली बाई पुरामें को याद करते हुए कुरेटी ने कहा इनके समाज के प्रति दिये गये योगदान को भूल पाना संभव नहीं है। जनपद सदस्य एवं ब्लाक संगठन मंत्री कन्हैया कोले, ब्लाक संगठन मंत्री एवं बूचाटोला के ग्राम प्रबंधक दिलीप कोरेटी, जनाराम काटेंगी,महाजन कोमरे एवं भागवत पुरामें ने सभा को संबोधित कर लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने का आव्हान किया। स्वागत भाषण सर्किल अध्यक्ष रामाधार कोड़ापे,भागवत पुरामें संचालन ब्लाक सचिव समन लाल उइके,महाजन कोमरे, आभार प्रदर्शन तोमन आचले एवं अजय कोमरे ने किया।इस अवसर पर इंदल साय ध्रुवे,मेघनाथ सलामे,कमलेश हिचामे, भुनेश्वर नेताम, गणपत कोले,जेठूराम उसेण्डी, जानतू राम आचले, संजय कड़ियाम, सुनालाल घावड़े,लोटन दर्रो, पवन बाई ध्रुवे, दशमत बाई कोमरे, सुमन कोरेटी, मेहतरीन हारमे, बिदेराम तुलावी,भावना कोरेटी ,अंबिका सलामे, प्रेमजीत कोरेटी, असवन्त सलामे, सिरमो बाई कोरेटी, धनसाय नेताम, प्रभूराम ध्रुर्वे, मुनारो बाई कुंजाम, राम्हू पुरामे, चन्द्रभान दर्रो, प्रकाश पुरामे, हेमोतीन ध्रुवे,गनिल आदि सहित आदिवासी नागवंशी गोंड़ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का हुआ आगाज

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



परिवार नियोजन का प्रचार करने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंड में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत जिला चिकित्सालय समेत सभी सीएचसी व पीएचसी में परामर्श केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी संसाधनों की जानकारी प्रचारित की जा रही है।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में विभिन्न प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु पुरुष नसबंदी को भी लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत लक्ष्य दंपत्ति सम्मेलनों, सास-बहू सम्मेलनों और श्मोर मितान-मोर संगवारी बैठक के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में कॉन्डोम बॉक्स लगाए जाएंगे।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा को दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहले चरण में 27 जून से लक्ष्य दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा शुरू किया गया है, जो 10 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसके बाद 11 से 24 जुलाई तक द्वितीय चरण को जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान चिन्हित पात्र लोगों को नसबंदी की सेवा प्रदान की जाएगी।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के क्रम में जिला चिकित्सालय समेत सभी सीएचसी व पीएचसी में परामर्श केंद्र बनाए गए हैं। इसके माध्यम से परिवार नियोजन का संदेश जोर-शोर से प्रचारित व प्रसारित किया जाएगा, ताकि योग्य दंपति को परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जा सके।

### पहले चरण में योग्य दंपति का चिन्हांकन

जिला कार्यक्रम अधिकारी, परिवार कल्याण डॉ. अल्पना लुनिया ने बताया : जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के पहले चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन अपने-अपने कार्यक्षेत्र की आबादी में योग्य दंपति को चिन्हित करेंगी। योग्य दंपति यानि जिनको परिवार नियोजन के बारे में परामर्श की आवश्यकता है। वहीं सास-बहू सम्मेलन जैसे कई प्रेरक कार्य म भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें परिवार नियोजन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# बेलगांव में प्रवेशोत्सव, बच्चों में शिक्षा के प्रति दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com




विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव सत्र 2022-23 का आयोजन ग्राम पंचायत बेलगांव सरपंच एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। जिसमें डोंगरगढ़ विकासखंड शिक्षा विभाग के सभी संकुल के प्रभारी एवं प्राचार्य साथ ही स्कूल स्तोत्र समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष भावेश सिंह जी एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती, मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी के धार गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की को गति प्रदान किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं साथ ही ग्रामीणों का मन मोह लिया। उपस्थित अतिथियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं शाला गणवेश वितरण किया गया। समग्र शिक्षा अभियान 100 दिवसीय कार्य योजना का पुस्तक विमोचन के बाद विकासखंड के प्रावीण्य सूची कक्षा दसवीं सत्र 2022 के छात्रों छात्राओं का सम्मान एवं कक्षा दसवीं 2022 से 20 के छात्र-छात्राओं का सम्मान मोमेंटो भेंट कर किया गया। सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा नवमी के छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार की शैक्षिक छात्रवृत्ति एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्ति एवं उपकरण प्रदान किया गया। वही विद्यालय स्तर पर छात्र छात्राओं को जाति एवं निवास प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा के प्रति उत्सुकता एवं जागरूक करना जिससे बच्चों में हमेशा उत्साह बना रहे।

# ट्रक में छिपकर यूएस में घुसने की कर रहे थे कोशिश भीषण गर्मी से दम घुटकर 46 की मौत, 16 भर्ती



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम टेक्सास के सैन एंटोनियो में एक ट्रैक्टर-ट्रेलर के अंदर 46 लोग मृत मिले हैं। साथ ही इसमें सवार 16 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के प्रवासियों की तस्करी से जुड़े होने की आशंका है। पुलिस प्रमुख विलियम मैकमैनस ने बताया कि शाम करीब छह बजे मदद के लिए चीख-पुकार सुनकर घटनास्थल पर मौजूद शहर के एक कर्मी को स्थिति का अंदाजा हुआ। अधिकारी ट्रैक्टर-ट्रेलर के पास पहुंचा, तो उसने उसके बाहर जमीन पर एक शव देखा।

### 'ट्रेलर में बिल्कुल नहीं था पानी'

दमकल विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड ने बताया कि प्रचंड गर्मी की वजह से बीमार पड़े जिन 16 लोगों को अस्पतालों भर्ती कराया गया है, उनमें से 12 वयस्क और चार बच्चे हैं। मरीजों का शरीर तप रहा था और ट्रेलर में पानी बिल्कुल नहीं था। मैकमैनस ने बताया कि मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वे मानव तस्करी से जुड़े थे या नहीं।

### 2017 में ट्रक में फंसने से 10 की हुई थी मौत

पिछले कुछ दशकों में मैक्सिको से अमेरिकी सीमा पार करने के प्रयास में मारे गए हजारों लोगों की घटना में यह सबसे घातक त्रासदी हो सकती है। 2017 में सैन एंटोनियो के वॉलमार्ट में खड़े एक ट्रक के अंदर फंसने से 10 प्रवासियों की मौत हो गई। 2003 में सैन एंटोनियो के दक्षिण-पूर्व में एक ट्रक में 19 प्रवासी मिले थे।

## अमेरिका में 8 साल के बच्चे ने गलती से चलाई गोलियां, एक की मौत


**पेनसाकोला (अमेरिका)।** फ्लोरिडा के एक मोटल में आठ वर्षीय एक बच्चे ने रविवार को गलती से गोलियां चला दीं, जिससे एक वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और दो साल की एक अन्य बच्ची घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लड़के के पिता ने बंदूक को अपने पेनसाकोला मोटल के कमरे की अलमारी में छिपाकर रखा था।

एस्कैम्बिया काउंटी के शेरिफचिप सिमंस ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैसे ही लड़के के पिता कमरे से बाहर निकले, उनके बेटे ने बंदूक ढूंढ ली और गोलियां चला दीं, जिससे एक बच्ची की मौत हो गई और एक अन्य बच्ची घायल हो गई।

बच्चियां उसके पिता की प्रेमिका की थीं। सिमंस ने कहा कि घायल बच्ची के ठीक होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि लड़के के पिता पर बन्दूक रखने, लापरवाही बरतने और सबूतों से छेड़छाड़ करने समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में 41,000 डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# अमेरिका के मिसूरी में डंप ट्रक से टकराई ट्रेन 3 यात्रियों की मौत और 50 से अधिक घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिसूरी में ट्रेन के डंप ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई यात्री घायल हैं। ट्रेन लॉस एंजिल्स से शिकागो जा रही थी। जोरदार टक्कर की वजह से इसकी आठ बोगियां पटरी से उतर गईं। यह हादसा मिसूरी के दक्षिण-पश्चिम में रेल क्रॉसिंग पर हुआ। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों में यात्रियों को गिरी हुई बोगियों की खिड़कियों और दरवाजों से बाहर निकलते देखा जा सकता है। एक यात्री ने बताया, ÷ऐसा लगा जैसे यह सब धीमी गति से हुआ। ट्रेन हिलने लगी और फिर अचानक पलट गई। इसके बाद बहुत सारी धूल खिड़की से मेरी ओर आई। मैं बहुत मुश्किल से निकल पाया।



### ट्रेन में 200 से अधिक यात्री थे सवार

मिसूरी स्टेट हाईवे पेट्रोल के प्रवक्ता जस्टिन डन ने कहा कि जांच प्रारंभिक चरण में है। उन्होंने बताया, रेलगाड़ी में 200 से अधिक यात्री और लगभग एक दर्जन क्रू मेंबर्स सवार थे। ट्रेन ने बजरी वाली सड़क पर चौराहे को पार किया, जिसके आगे पटरियों को चिह्नित करने वाली न तो रोशनी थी और न ही इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण उपकरण थे। यह ग्रामीण इलाकों में आम है।

### मेडिकल हेलीकॉप्टर्स से ट्रॉमा सेंटर ले जाए गए घायल यात्री

अधिकारियों ने बताया कि अब तक तीन शव मिले हैं। हादसे में कई लोगों को चोटें आई हैं, जिसकी हम पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आसपास के काउंटी से आपातकालीन सहायता टीम घटनास्थल पर पहुंची है। कुछ घायलों को मेडिकल हेलीकॉप्टरों में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

## जॉर्डन में गैस रिसाव से दस लोगों की मौत, 250 से ज्यादा बीमार



**अम्मान।** जॉर्डन के दक्षिणी बंदरगाह शहर एक्काबा में जहरीली गैस के रिसाव से सोमवार को दस लोगों की मौत हो गई और 250 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सरकारी 'जॉर्डन टीवी' के मुताबिक, एक वीडियो में एक क्रेन द्वारा ट्रक से एक बड़े टैंकर को उठाकर उसे एक जहाज के डेक पर रखते हुए दिखाया गया, जिससे पीले धुएं का एक विस्फोट हुआ और श्रमिकों यहां-वहां भागने लगे। लोक सुरक्षा निदेशालय ने कहा कि गैस टैंक की ढुलाई के समय यह रिसाव हुआ। टैंकर में किस तरह की सामग्री रखी हुई थी इस बारे में पता नहीं चल पाया है। निदेशालय ने कहा कि प्रशासन ने घायलों को अस्पतालों में पहुंचाने के बाद इलाके को सील कर दिया है। रिसाव की जांच के लिए विशेषज्ञ भेजे गए हैं। निदेशालय ने कहा कि दस लोग मारे गए और 251 घायल हुए। सरकारी टीवी अल-ममलका ने कहा कि 199 लोगों का अभी भी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जमाल ओबेदत ने लोगों से अंदर रहने और खिड़कियां और दरवाजे बंद करने का आग्रह किया क्योंकि आवासीय क्षेत्र घटनास्थल से केवल 25 किलोमीटर दूर है।

# नेपाल की इकॉनमी पर कब्जा करना चाहता है चीन? BRI डॉक्यूमेंट से हुआ खुलासा

**बीजिंग।** चीन अपने महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के जरिए अन्य देशों पर अपना आर्थिक आधिपत्य चाहता है।

एक रिपोर्ट बताती है कि चीन और नेपाल के बीच हुए समझौते से पता चलता है कि कैसे चीन इन प्रोजेक्ट्स के जरिए नेपाल में आर्थिक आधिपत्य चाहता है। मई 2017 में दोनों देशों के बीच [illegible] को लेकर समझौता हुआ था लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी अब तक डॉक्यूमेंट को सावर्जनिक नहीं किया गया है।

### चीन के प्लान को लेकर विशेषज्ञों ने जताई चिंता

इस डॉक्यूमेंट को सावर्जनिक नहीं कर पाने पर विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। राजनीतिक विश्लेषक सरोज मिश्रा ने आशंका जताई है कि डॉक्यूमेंट को सावर्जनिक नहीं करने के लिए चीन का नेपाल पर भारी दबाव हो सकता है। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई है कि पांच सालों के बाद भी नेपाली आम नागरिक को इस समझौते का सच नहीं पता है।



### नेपाल की इकॉनमी पर हावी होना चाहता है चीन?

एएनआई ने खबरहब न्यूज वेबसाइट के हवाले से बताया है कि चीन ने अपने BRI समझौते के जरिए मुक्त व्यापार कनेक्टिविटी के नाम पर नेपाल में अपने आर्थिक आधिपत्य, शर्तों और निहित स्वार्थ को थोपने की कोशिश की है। रिपोर्ट बताती है कि समझौते डॉक्यूमेंट से साफपता चलता है कि चीन नेपाल की इकॉनमी पर हावी होना चाहता है और नेपाल में चीनी मुद्रा का इस्तेमाल करने की कोशिश में जुटा हुआ है।

डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि दोनों पक्ष ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक सिस्टम, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क सिक्योरिटी और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर संयुक्त अध्ययन और रेलवे सहित क्रॉस बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देकर कनेक्टिविटी के लिए सहयोग को मजबूत करेंगे।

### 3 साल के लिए था शुरुआती समझौता

2017 में इस समझौते पर साइन करते हुए कहा गया था कि यह समझौता साइन करने की तारीख से प्रभावी होगी और तीन सालों के लिए वैलिड रहेगी लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी इस समझौते के तहत एक भी प्रोजेक्ट पर काम नहीं शुरू हो सका है। तीन साल बीत जाने के बाद समझौता ऑटोमेटिक नवीनीकृत हो जाएगा। यह समझौता तभी खत्म हो सकता है जब तक कि चीन या नेपाल कम से कम तीन महीने पहले लिखित नोटिस देकर समझौते को खत्म नहीं करते हैं।

## ब्रिक्स ग्रुप का नया देश बनेगा ईरान? अर्जेंटीना का अगला नंबर!

**ईरान।** हाल ही में ब्रिक्स देशों की बैठक हुई। इस बैठक में ब्रिक्स के पांच देशों के टॉप प्रतिनिधियों के साथ ही कई और देशों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। रिपोट्र्स बताती हैं कि अर्जेंटीना और ईरान सहित कई और देश ब्रिक्स से जुड़ना चाहता है। इस बीच ईरान के एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया है कि ईरान ने उभरती इकॉनमी वाले ग्रुप ब्रिक्स के सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है।



### ईरान ने की ब्रिक्स को आवेदन करने की पुष्टि

ईरान ने कहा है कि ब्रिक्स देश दुनिया की आबादी का 40 फीसद से अधिक है और ये देश दुनिया के टॉप इकॉनमी में से हैं। ऐसे में हम ब्रिक्स से जुड़ना चाहते हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के बाद ईरान के जुड़ने से दोनों पक्षों को अतिरिक्त फायदा होगा।

### अर्जेंटीना ने भी किया आवेदन?

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया है कि अर्जेंटीना ने भी ब्रिक्स ग्रुप में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। हालांकि अर्जेंटीना के अधिकारियों से इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। हालांकि यह सच है कि अर्जेंटीना ने हाल के दिनों में लगातार ब्रिक्स से जुड़ने की इच्छा जताई है।

# मारुति बंद कर सकती है ऑल्टो, एस-प्रेसो, स्विफ्ट जैसी छोटी कारें; नितिन गडकरी के फैसले से है नाराज

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी अपनी ऑल न्यू ब्रेजा 30 जून को लॉन्च करने वाली है। ये कॉम्पैक्ट स्क्र्र लॉन्चिंग से पहले जमकर सुर्खियां बटोर चुकी है। वहीं, बुकिंग शुरू होने के पहले ही दिन इसे 4500 बुकिंग मिल गईं। स्क्र्र सेगमेंट में अपनी पहचान बनाने के लिए मारुति ने पूरी तैयार की है। हालांकि, इस बीच कंपनी ने अपनी छोटी हैचबैक को लेकर बड़ा बयान दिया है। कंपनी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा है कि सरकार की पॉलिसी का असर उसकी छोटी कारों पर पड़ रहा है। ऐसे में कंपनी उन्हें बंद करने में संकोच नहीं करेगी। दरअसल, हर कार में 6 एयरबैग के नियम के चलते मारुति की सस्ती हैचबैक आम लोगों के बजट के बाहर चली जाएगी। ऐसे में कंपनी इन्हें बंद करने पर भी विचार कर सकती है।




### 6 एयरबैग्स से एक्सीडेंट का मुद्दा खत्म नहीं होगा: भार्गव

आर सी भार्गव ने टाइम्स ऑफइंडिया को बताया कि परिवहन मंत्री नितिन गडगरी द्वारा 6 एयरबैग्स के नियम को लागू करने के फैसले से छोटी हैचबैक कारों की कीमतें तो बढ़ जाएंगे, लेकिन इससे रोड एक्सीडेंट के मुद्दे से निपटने में मदद नहीं मिलेगी। रोड एक्सीडेंट में मरने वाले लोगों को लेकर कुछ और सोचना होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी कॉम्पैक्ट कार सेलिंग से कोई लाभ नहीं कमाती हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सभी कारों में छह एयरबैग अनिवार्य करने का कदम भारतीय सड़कों को सुरक्षित बनाने के प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गडकरी ने दिल्ली में एक मेजर आई कंपनी द्वारा आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में कहा था कि जब भारत सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की रिपोर्ट करता है, तो वे (व्हीकल मैन्युफैक्चर्स) इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहे हैं? हमें ऐसे फैसलों के महत्व को समझने की जरूरत है।

### छोटी कारों का बड़ा खिलाड़ी है मारुति

देश में सबसे ज्यादा कार बेचने वाली कंपनियों में मारुति पहले नंबर पर है। देखा जाए तो हर महीने उसमें और दूसरी टॉप कंपनी के बीच 50त्न से ज्यादा का अंतर होता है। इस अंदर के पीछे मारुति की छोटी हैचबैक कारों का डिमांड का होना है। इन दिनों मारुति वैगनआर, स्विफ्ट, सेलेरियो, ऑल्टो, एस-प्रेसो की हाई डिमांड है। कंपनी की कुल बिक्री में ये 5 मॉडल 60 से 70त्न तक रेवेन्यू देते हैं। हालांकि, इन सभी मॉडल के बेस वैरिएंट में सिर्फ2 एयरबैग ही मिल रहे हैं। ऐसे में यदि इनके बेस वैरिएंट में 6 एयरबैग लगाए गए तो 60 हजार रुपए तक कीमत बढ़ जाएगी।

## आठ सीट वाले वाहनों में छह एयरबैग अनिवार्य होंगे : गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार आठ सीट वाले वाहनों में छह एयरबैग को अनिवार्य बनाएगी। इसके तहत वाहन विनिर्माता गाड़ियों को और सुरक्षित बनाने के लिये आठ यात्रियों को ले जाने वाले वाहनों में छह एयरबैग उपलब्ध कराएंगे। मंत्री ने कहा, ''हमने मोटर वाहनों में कम-से-कम छह एयरबैग उपलब्ध कराने को अनिवार्य करने का निर्णय किया है...हम लोगों के जीवन को बचाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें इसके लिये वाहन उद्योग समेत सभी पक्षों से सहयोग की जरूरत है।'' इंटेल ने भारत में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के अपने लक्ष्य के तहत उद्योग, शिक्षा जगत, और अग्रणी सरकारी संगठनों को एक साथ लाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में इस सम्मेलन का आयोजन किया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Fax No. - 07786-242230    Email - cmokondagaon.2010@rediffmail.com

### // मैन्युअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/1095/लो.नि.शा./2022    कोण्डागांव, दिनांक 27/06/2022

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से निम्नलिखित कार्यों के लिए स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से तीन लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 12.07.2022 समय 04:00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 15.07.2022 समय 05:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 20.07.2022 समय 04:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 20.07.2022 समय 04:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (लाखों में) | अमानत राशि (F.D.R.) रू. में | निविदाकार की श्रेणी | निविदा फार्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रायपुर नाका चौक से कलेक्ट्रेड रोड में पाईप लाईन व्यवस्थापन एवं विस्तार कार्य (पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग एसओआर 01.01.2015 एवं पीएचईडी एसओआर 01.06 2020)(द्वितीय निविदा) | 37.80 | 28350.00 | सक्षम श्रेणी | फार्म ''ए'' |
| 2. | अध्यक्ष निधि अंतर्गत भगतसिंह वार्ड में लेम्पस के पास शेड निर्माण कार्य (पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग एसओआर 01.01.2015)(द्वितीय निविदा) | 02.00 | 2000.00 | सक्षम श्रेणी | फार्म ''ए'' |
| 3. | अध्यक्ष निधि विभिन्न वार्डों में पाईप लाईन विस्तार कार्य (पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग एसओआर 01.01.2015 एवं पीएचईडी एसओआर 01.06.2020)(द्वितीय निविदा) | 05.00 | 5000.00 | सक्षम श्रेणी | फार्म ''ए'' |
| 4. | वॉल पेंटिंग अंतर्गत बस्तर आर्ट्स पेंटिग कार्य (आईटम रेट पद्धति) (द्वितीय निविदा) | 10.00 | 7500.00 | सक्षम श्रेणी | फार्म ''एबीसी'' |
| 5. | नगरीय निकाय कोण्डागांव क्षेत्र अंतर्गत बंधापारा वार्ड क्रमांक-13 में ऑडिटोरियम जाने वाले मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कार्य (पीडब्ल्यूडी रोड एसओआर 01.01.2015)(प्रथम निविदा) | 24.88 | 18700.00 | सक्षम श्रेणी | फार्म ''ए'' |
| 6. | नगरीय निकाय कोण्डागांव क्षेत्र में न्यायालयीन कार्य हेतु आने वाले वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुविधा स्थल (शेड) का निर्माण कार्य।(पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग एसओआर 01.01.2015)(प्रथम निविदा) | 12.36 | 9500.00 | सक्षम श्रेणी | फार्म ''ए'' |

निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं एवं www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव
जिला-कोण्डगांव, छ.ग.


## Zomato के शेयर में आज फिर बड़ी गिरावट, Blinkit को खरीदने के बाद 14 प्रतिशत टूट चुका स्टॉक

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयरों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर आज मंगलवार को 7.90त्न टूटकर 60.65 रुपये पर आ गया है। इससे पहले सोमवार को जोमैटो के शेयरों में 6त्न से ज्यादा की गिरावट देखी गई थी। दरअसल, जोमैटो स्टॉक में यह गिरावट उस खबर के बाद आई है जिसमें कंपनी ने क्विक किराना-डिलीवरी स्टार्टअप ब्लिंकिट को खरीदने का ऐलान किया है। उसके बाद से अब तक जोमैटो का शेयर 14त्न से ज्यादा टूट चुका है।

**क्या है डील? :** बता दें कि फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो ने क्विक किराना-डिलीवरी स्टार्टअप ब्लिंकिट को खरीद लिया है।




कंपनी के ऑल-स्टॉक डील में 4,447 करोड़ रुपये (568.16 मिलियन डॉलर) में ब्लिंकिट को खरीदा है। इसका ऐलान शुक्रवार को किया गया था।

### क्या है जोमैटो की योजना?

आपको बता दें कि चीन के एंट ग्रुप समर्थित Zomato के पास पहले से ही Zomato में 9प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। पिछले साल ही ग्रोफर्स ने अपना नाम बदलकर 'ब्लिंकिट' कर दिया था। Zomato ने कहा यह अधिग्रहण क्विक कॉमर्स बिजनेस में निवेश करने की हमारी रणनीति के अनुरूप है। आपको बता दें कि Zomato तेजी से बढ़ते बाजार का फायदा उठाना चाहता है। इस साल की शुरुआत में Zomato ने कहा था कि वह अगले दो साल में इंडियन क्विक कमर्शियल मार्केट में 400 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रामगढ़ निवासी आदिवासी किसान देवनारायण सिंह के घर भोजन के लिए पहुंचे





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रामगढ़ निवासी आदिवासी किसान देवनारायण सिंह के घर भोजन के लिए पहुंचे। यहां किसान परिवार ने उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हे भोजन में स्थानीय व्यंजन परोसा गया, विशेष रूप से उन्हें लकड़ा की चटनी, पेहटा का पापड़ परोसा गया।

# मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी में सवाल और छात्रा का फर्राटेदार अंग्रेजी में जवाब

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल अब बदलाव की झलक देने लगे हैं।

भरतपुर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा श्रद्धा कुशवाहा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ी में पूछे गए सवालों के जवाब फर्राटेदार अंग्रेजी में दिए। कोरिया जिले के भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के बहरासी में लोगों से भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा से बात की और छत्तीसगढ़ी में प्रश्न पूछे। भरतपुर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम



स्कूल की छात्रा श्रद्धा ने मुख्यमंत्री के प्रश्नों का अंग्रेजी में उत्तर देते हुए कहा कि उसका स्कूल अच्छा है और वहां का माहौल भी बढ़िया है। स्कूल में अंग्रेजी सीखने-सिखाने का बेहतर वातावरण है, जो हमारे भविष्य के लिए अच्छा है। मुख्यमंत्री ने स्कूल के बच्चों को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई भी की।

# 24 जुलाई तक मनाया जा रहा है जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा परिवार नियोजन की जानकारी और सुविधाओं पर होगा जोर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



शहरी कार्यक्रम प्रबंधक (सीपीएम) ज्योत्सना ग्वाल ने बताया कि क्षेत्र के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर कंडोम बॉक्स कॉर्नर बने हैं । कंडोम बॉक्स से बिना झिझक पुरुष कंडोम ले जाते हैं। साथ ही महिलाएं अनचाहे गर्भ से बचने के लिए गर्भनिरोधक साधन जैसे छाया गोली और अंतरा इंजेक्शन के बारे में भी जानकारी और सुविधाएं दोनों लेती हैं। इसी कड़ी में जून 27 से शुरू हुए जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में परिवार को नियोजित रखने के फायदे और सुविधाओं पर जोर रहेगा। यह पखवाड़ा 24 जुलाई तक दो चरणों में मनाया जाएगा। प्रथम चरण में लोगों को परिवार नियोजन के अस्थाई एवं स्थाई साधनों के बारे में जानकारी दी जायेगी और इस पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन की बास्केट ऑफ चॉइस' भी रखी जायेगी जिनमें विभिन्न प्रकार के अस्थायी गर्भ निरोधक साधन रखे जायेगें जो वहां से निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं या इनकी सुविधा ली जा सकती है। इनमें पिल्स, अंतरा इंजेक्शन, आई.यू.सी.डी. इत्यादि शामिल है। दूसरे चरण में 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चिन्हित हितग्राहियों को परामर्श एवं परिवार नियोजन की सेवाएँ सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क दी जाएंगी। राम सिंह (28) अक्सर उरला के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आते है। इसलिए नहीं कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता बल्कि उनको यहाँ के कंडोम कार्नर' पर लगे हुए कंडोम बॉक्स से कंडोम लेना सुविधाजनक लगता है। यहाँ कंडोम मांगने की कोई जरुरत नहीं होती है बल्कि जरूरत के अनुसार डिब्बे में से निकाल कर ले जाता हूँ। बिना रोक-टोक इसका लाभ मिलता है । मांगने की भी जरूरत नहीं पड़ती जिससे झिझक भी नहीं होती है। मैं नियमित रूप से यहां आता हूं और अपनी जरूरत के अनुसार कंडोम ले जाता हूं। यहां पैसा भी नहीं देना होता है,'' राम सिंह बताते है। यह कंडोम कार्नर' एक वर्ष पहले शुरू किया गया था और यहाँ के कंडोम बक्स में एक सप्ताह में लगभग 50 कंडोम लोग लेकर जाते है। लोग बाजार से कंडोम खरीदने में झिझकते है ताकि कोई देख न ले या दुकानदार ही क्या सोचेगा। और बाजार से तो पैसे देकर खरीदना होता है। ग्वाल ने बताया कि नव दंपत्ति को परिवार नियोजन के विषय में खुलकर चर्चा करनी चाहिए जिससे परिवार सुखी और समृद्ध रह सके।

## मरकाम के 3 साल पूरे होने पर होंगे विविध कार्यक्रम



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम का 29 जून को सफलतम 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा सुविधानुरूप अस्पताल एवं गौठानों में श्रमदान (साफ-सफाई), निर्माणाधीन राजीव भवन में श्रमदान, पौधा वितरण, वृक्षारोपण, अस्पताल एवं वृद्धाश्रम, बाल आश्रम में फल वितरण, रक्त दान शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के 3 वर्ष के सफलतम कार्यकाल के अवसर पर सभी जिलों, ब्लॉकों में समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति में जनसेवा एवं कल्याणकारी कार्यक्रम समस्त नगर, ब्लाक, जिला मुख्यालयों में आयोजित होंगे।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने आर.डी. तिवारी स्कूल में आयोजित किया कैरियर मंत्र

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी मिशन की 7वीं वर्षगांठ पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने स्वामी आत्मानंद योजनांतर्गत संचालित आर.डी. तिवारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 'कैरियर मंत्र' वर्कशॉप आयोजित किया। नीति आयोग भारत सरकार के परामर्शदात्री सदस्य जवाहर सुरीसेट्टी, भाषाविद् श्री विद्यापति शुक्ला ने विद्यार्थियों को उनके कैरियर के चयन निर्धारण व लक्ष्य को प्राप्त करने उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। आर.डी. तिवारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् जवाहर सुरीसेट्टी ने अभावों के बीच शिक्षा के बल पर अपने कैरियर को तराशने के आत्मसंस्मरण से सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर अपने सपनों को साकार होने तक पूरी शक्ति लगाकर मेहनत करें। भाषाविद् शुक्ला ने बच्चों से कहा कि अंग्रेजी बोलना अत्यंत ही सरल है। बस इसके प्रतिदिन पांच नए वाक्य बनाने की आदत बना लें। इस आयोजन में स्कूली बच्चों ने अध्ययन में ध्यान केंद्रित करने, कैरियर चयन एवं अवसाद की स्थिति से बाहर निकलने के संबंध में अपनी जिज्ञासा प्रकट की। शिक्षाविदों ने गंभीरता पूर्वक उनकी बातों को सुनकर उनके प्रश्नों का निराकरण किया।



## भाजपा महिला मोर्चा की प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# मातृशक्ति अपने परिवार से लेकर राष्ट्र के नव निर्माण में जो योगदान करती है: श्रीनिवासन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने चंपारण में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के उद्बोधन के उपरांत महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन ने महिला कार्यकर्ताओं के समक्ष चुनौती व राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में समन्वय विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि मातृशक्ति अपने परिवार से लेकर राष्ट्र के नव निर्माण में जो योगदान करती है वह निश्चित ही अनुकरणीय है। परिवार से समाज, समाज से संगठन के मजबूती के लिए भाजपा महिला कार्यकर्ता हमेशा समर्पित रहती है। यह सुखद अवसर है कि हमारे समक्ष राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए ने एक सशक्त महिला शक्ति के रूप में द्रौपदी मुर्मू को चुनाव समर पर उतारा है। वह हम सबका प्रतिनिधित्व विजय उपरांत कर पूरी दुनिया में मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करेगी इसके लिए हम उन्हें हार्दिक शुभकामना प्रेषित करते है। उन्होंने कहा कि हमारे समक्ष कई चुनौतियां है जिसे लांघना हमारी दक्षता का हिस्सा है। व्यक्तिगत जीवन से समय निकाल कर सामाजिक जीवन में राष्ट्र निर्माण के लिए हम सब जो योगदान दे रही हैं वह अन्य दल में संभव नहीं हैं। भाजपा में राजमाता सिंधिया, सुषमा स्वराज जैसी कई महिला शक्तियां हमारी प्रेरणा रही है। हमें सदैव चुनौतियों से लड़कर मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए सदैव गतिमान रहना होगा।

### भाजपा का अतीत और भविष्य दोनों मजबूत : डॉ. रमन सिंह

प्रशिक्षण शिविर के भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भाजपा का इतिहास व विकास विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का अतीत व भविष्य दोनों ही मजबूत व प्रेरणादायी है। जब भी मातृशक्ति ने समाज में उन्नति व परिवर्तन का संकल्प लिया है उसकी वह अगुवाई कर्ता बन गई है। महिला मोर्चा एक मजबूत व वैचारिक संगठन है जिसकी कार्यकर्ता हमेशा संकल्प भाव से हर परिस्थितियों में अनवरत गतिमान रहती है। हमारे पुरखों ने हमें भाजपा की मजबूत विचारधारा के प्रति कार्य करने की जो शिक्षा दी है उस दिशा में हमें हमेशा कार्य करते रहना होगा। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय सत्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियां व प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर चर्चा करते हुए कहा कि 15 वर्षों में प्रदेश के विकास के लिए हमने जो कार्य किए है उसकी सर्वत्र चर्चा हो रही है। अन्न, आवास, आयुष्मान भारत योजना व उज्ज्वला ऐसी महत्वाकांक्षी योजना का संचालन किया गया। जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403